3 | बस्तर संभाग
मोबाईल वेटनरी यूनिट वाहन को नगर पालिका अध्यक्ष ने हरी...

6 | अभिमत
अमेरिका से दोस्ती बाइडेन की भूमिका

10 | संस्कारधानी
संस्कारधानी में विकास के खोखले दावों को उजागर करती ये...

11 | छत्तीसगढ़
आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2023 का चांपा में हुआ...



रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 24 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-33 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### एनआईए ने पोंडी बम विस्फोट, हत्या मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने विल्लियानूर बम विस्फोट मामले में 13 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इस हत्याकांड में भाजपा के दो पदाधिकारियों की हत्या भी शामिल है। केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के विल्लियानूर में स्थित एक बेकरी के सामने 26 मार्च को छह मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने सेंथिल कुमारन पर देशी बम फेंके थे। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शुरू में मामला दर्ज किया था, जिसे एनआईए को सौंप दिया गया और 29 अप्रैल को फिर से मामला दर्ज किया गया।

### भारतीय सैनिक आतंकवाद रोधी अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए रवाना

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना के 32 सैनिकों की एक टुकडी रूस में 25 से 30 सितम्बर तक होने वाले आतंकवाद रोधी बुनियादी प्रशिक्षण अभ्यास(एफटीएक्स) में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को रवाना हो गयी। भारतीय सैनिक आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक(एडीएमएम) और विशेषज्ञ कार्य समूह के तहत इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे। रूस म्यांमार के साथ मिलकर इस बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास की मेजबानी कर रहा है। इस दौरान सैनिक आंतकवाद रोधी अभियानों का अभ्यास करेंगे। इसमें विशेष क्षेत्र में आंतकवादी समूहों को नष्ट करना भी सम्मिलित है। इस अभ्यास का मुख्य लक्ष्य आतंकवाद रोधी अभियानों में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना एवं प्रोत्साहन देना है।

### नदियों, पर्यावरण का संरक्षण संवैधानिक कर्तव्य : न्यायमूर्ति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने शुक्रवार को यहां कहा कि अनुच्छेद 51 (ए) भारतीय नागरिकों से जंगलों, झीलों, नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा, उनका संवर्धन करने और जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव रखने का आह्वान करता है। राजधानी में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण अभियान और जनपद सम्पदा विभाग द्वारा तीन दिवसीय 'नदी उत्सव' के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया।

# पीएम मोदी ने कहा कानूनों का मसौदा आसान भाषाओं में तैयार करना सरकार का प्रयास

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार आम आदमी को आसानी से समझ में आने वाली अधिकतम भाषाओं में कानूनों का मसौदा तैयार करने का गंभीर प्रयास कर रही है ताकि उन्हें महसूस हो सके कि ये उनका अपना कानून है। मोदी ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि कानून लिखने और न्यायिक प्रक्रिया में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा न्याय सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती है। इसलिए कानून ऐसी भाषा में बनाया जाना चाहिए जिसे देश का आम आदमी समझ सके और उसे कानून को अपना मानना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत सरकार में हम सोच रहे हैं कि कानून दो तरह से बनाया जाना चाहिए। एक मसौदा उस भाषा में होगा जिसके आप आदी हैं, और दूसरा जो आम लोगों को समझ में आ सके।' प्रधानमंत्री ने शीर्ष अदालत के अपने फैसलों का हिंदी, तमिल, गुजराती और उड़िया समेत स्थानीय भाषाओं में अनुवाद कराने की व्यवस्था करने के लिए उसकी एक बारफिर सराहना की। उन्होंने कहा, कानून किस भाषा में लिखे जा रहे हैं। अदालती कार्यवाही किस भाषा में हो रही है। ये बात न्याय सुनिश्चित कराने में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। पहले किसी भी कानून की डराफ्टिंग बहुत मुश्किल होती थी। सरकार के तौर पर अब हम भारत में नए कानून जैसा मैंने आपको कहा- दो प्रकार से और जितना ज्यादा हम सरल बना सकें और हो सके उतना भारतीय भाषाओं में उपलब्ध करा सकें, उस दिशा में हम बहुत गंभीर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, डेटा संरक्षण कानून आपने देखा होगा, उसमें भी सरलता से हमने पहली शुरूआत की है और मैं पक्का मानता हूं कि सामान्य व्यक्ति को उस परिभाषा से सुविधा रहेगी। मैं समझता हूं कि भारत की न्याय व्यवस्था में यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के उच्चतम न्यायालय को इस बात के लिए भी बधाई दूंगा कि उसने अपने फैसलों को कई स्थानीय भाषाओं में भी अनुवाद करने की व्यवस्था की है। इससे भी भारत के सामान्य व्यक्ति को बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोई डॉक्टर यदि रोगी की भाषा में उससे बात करे तो उसकी आधी बीमारी यूं ही ठीक हो जाती है, बस यहां यही मामला है।

## आज नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे- उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-चेन्नई (बारास्ता रेनिगुंटा) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस,कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं। ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों - राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी के साथ साथ पर्यटन को बढ़ावा देंगी। ये वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ ट्रेन होंगी और यात्रियों का काफी समय बचाने में मदद करेंगी। मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे तेज़ होंगी। हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2.5 घंटे से अधिक, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे से अधिक तथा रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस करीब एक एक घंटे की बचत करेंगी।

### खिलाड़ियों को तलाशने और तराशने का काम कर रही है सरकार

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार खेलो इंडिया कार्यक्रम के जरिये गांव गांव में खिलाडियों को तलाशने और तराशने का काम कर रही है। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये मोदी ने कहा ' हमने स्पोर्ट्स को युवाओं के फिटनेस, रोजगार और करियर से जोड़ा है। इस वर्ष केंद्रीय खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। सरकार हमारे खिलाड़ियों के साथ टीम मेंबर बनकर चलती है। स्कूल से यूनिवर्सिटी तक की प्रतियोगिताएं हैं। सरकार कदम कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही है।' प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के इतिहास में भारत की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा ' पिछले कई दशकों में भारत ने जितने मेडल जीते थे उससे ज्यादा मेडल हमारे बच्चे इस बार लेकर आए हैं।'

# क्रेडा लगातार तीसरी बार पुरस्कृत

## ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को मिला एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सोसाईटी ऑफएनर्जी इजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स - सीम द्वारा 21 सितम्बर को आयोजित 8वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट अवार्ड समारोह में यह सम्मान दिया गया। आलोक कटियार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा उक्त पुरस्कार को डॉ. अशोक कुमार, उप महानिदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरों, (बी.ई.ई.) भारत सरकार के उपस्थिति में प्राप्त किया गया। इस समारोह में क्रेडा की ओर से संजीव जैन, मुख्य अभियंता एवं राजीव ज्ञानी, अधीक्षण अभियंता भी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पुरस्कार के लिए क्रेडा की टीम और प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि लगातार 03 वर्षो (वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 ) से क्रेडा को सीम द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य नामित एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 'छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)' द्वारा विगत 11 वर्षों में प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी, भारत सरकार की। परियोजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 44 औद्योगिक संस्थानों द्वारा प्रदेश में लगभग 2.198 मिलियन टन ऑफ ऑयल इक्वीवेलेंट ऊर्जा की बचत कर लगभग 6.67 मिलियन टन का कार्बन उत्सर्जन कम किया गया है। इस परियोजना के तहत प्रदेश के उद्योगों को कुल दस लाख से भी अधिक एनर्जी सेविंग सर्टिफिकेट ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। व्यावसायिक भवन क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता अधिसूचित किया गया है तथा राज्य में कुल 15 भवनों को ग्रीन भवन के रूप में प्रमाणित किया गया है तथा 8 शासकीय भवनों को स्टार रेटिंग नामित करने हेतु प्रस्ताव केन्द्र शासन को अग्रेषित किया गया है। आवासीय भवनों में इको निवास सहिता अंतर्गत ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण तकनीक अपनाने हेतु प्रदेश के आवासीय परियोजनाओं ऊर्जा दक्ष बनाने हेतु सतत् कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में क्रेडा द्वारा 150 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम इंजीनियर्स एवं आर्कीटेक्ट हेतु आयोजित किया गये है। ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 77 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में विकसित किया गया है। इसी तरह 56 स्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र एवं 376 शासकीय स्कूलों को मॉडल ऊर्जा दक्ष शासकीय स्कूलों के रूप में विकसित किया गया है। स्कूली छात्र छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य सेक्रेडा द्वारा कुल 603 स्कूलों में ऊर्जा क्लब का गठन किया गया है तथा आगामी वर्ष में 1 हजार से भी अधिक शैक्षणिक संस्थानों में ऊर्जा क्लब गठन किये जाने का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में किसानों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में क्रेडा द्वारा बहुआयामी जागरूकता कार्यशाला आयोजित किये गये है। जिसके तहत ऊर्जा दक्ष पंप के उपयोग से होने वाले ऊर्जा एवं पैसे के बचत के विषय पर राज्य के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसानों को जागरूक किया गया है। प्रदेश के शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु क्रेडा द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे है जिससे विद्युत खपत में कमी लाई जा सकें।


## ननकीराम कंवर ने की अफसरों की संविदा नियुक्ति रदद करने की मांग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



चुनावी वर्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर एक बार फिर हमलावर हो गए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार के द्वारा संविदा के पद पर एक्सटेंशन देकर रिटायर्ड अधिकारियों को दी गई नियुक्ति निरस्त करने की मांग की है। रामपुर विधायक ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, मख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को पत्र लिखकर मांग की है कि वर्ष 2023 में चुनाव होना है और कांग्रेस की सरकार ने नियम विरुध तरीके से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी रिटायर्ड अधिकारियों को संविदा नियुक्ति कर प्रदान की है। सरकार ने एक्सटेंशन किया गया है जिसकी नीयत ठीक नहीं लगती। एक्सटेंशन की अवधि 2 वर्ष से अधिक करने का अधिकार राज्य सरकार को भी नहीं है और न ही इसका प्रावधान है। केन्दीय पद के लिये संविदा में नियुक्ति के पुर्व केंद्र सरकार को इसकी सूचना तक नहीं दी गई है और ना ही नियुक्ति हेतु अनुमति मांगा गया है फिर भी नियुक्ति कर दी गई है। कंवर ने सवाल किया है कि क्या कांग्रेस सरकार के पास आईएएस, आईपीएस, आईएफ एस अधिकारी की कमी है या इस पद के लिये कोई काबिल अधिकारी नहीं है? यदि कमी होती है तो केंद्र सरकार को मांग पत्र भेजना चाहिए। कांग्रेस की सरकार ने लगातार नियम विरुद्ध तरीके से बड़े-बड़े अधिकारी को नियुक्ति दी है। वर्ष 2023 में विधानसभा और 2024 मे लोकसभा चुनाव होना है और इनका राजनीतिक उपयोग करना चाहती है।

## एक चुनाव : विधि आयोग और राजनीतिक दलों से सुझाव मांगेगी समिति



**नई दिल्ली।** एक राष्ट्र एक चुनाव मुद्दे पर गठित समिति की पहली बैठक हुई जिसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों और विधि आयोग से इस बारे में सुझाव मांगने तथा उनका दृष्टिकोण जानने का निर्णय लिया गया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में हुई बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पूर्व नेता विपक्ष राज्यसभा गुलाम नबी आज़ाद, 15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष रहे एन.के. सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष सी. कश्यप और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी ने भाग लिया। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे बैठक में आभासी रूप से शामिल हुए जबकि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। कोविंद ने सदस्यों के समक्ष समिति के कामकाज के तौर तरीकों की रूपरेखा रखी। समिति ने निर्णय लिया कि एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों, राज्यों की सत्ताधारी राजनीतिक पार्टियों, संसद में प्रतिनिधित्व रखने वाली राजनीतिक पार्टियों और अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों से सुझाव देने तथा उनका दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए कहा जायेगा।

## लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक भाजपा को हराने के लिए लोगों को एकजुट होना चाहिए : एम के स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एम.के.स्टालिन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर गरीबों और दलितों के खिलाफ काम करने और सांप्रदायिक, विभाजनकारी और कॉर्पोरेट संचालित राजनीति का आरोप लगाते हुये आह्वान किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को व्यापक रूप से हराने के लिए लोगों को एकजुट होना चाहिए। अपने पॉडकास्ट पर उन्होंने कहा कि देश को फिर से भाजपा से धोखा न मिले, इसके लिए देश की जनता को यह एहसास हो जाना चाहिये कि नरेंद्र मोदी एक ऐसे व्यक्ति हैं जो गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और गरीबों के खिलाफकाम कर रहे हैं।

## हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध बयान निंदनीय : भाजपा

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अभद्र बयान की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह सोची-समझी नीति के तहत कांग्रेस का आधिकारिक जहरीला बयान है जो आम लोगों को भी तकलीफ हुई है। भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य उदयभान का वीडियो सार्वजनिक होने से न केवल बीजेपी के सभी सदस्य, बल्कि हर आम आदमी दर्द और पीड़ा का अनुभव कर रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि उदयभान ने प्रधानमंत्री के लिए जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, वह भारत की राजनीति में क्षुद्रता को परिभाषित करती है। उन्होंने कहा, यह नीचता की हद है। वह भी उस प्रधानमंत्री के लिए जिसने पिछले 9.5 साल में एक भी छुट्टी नहीं ली है। क्या कहा है कांग्रेस ने पहले मोदी के लिए, उनके दिवंगत पिता के लिए, अंतिम मां के लिए, उनके पिछले पेशे के लिए, उनकी जाति के लिए कुछ नहीं कहा लेकिन आज हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष ने सड़क किनारे की भाषा का इस्तेमाल किया। वीडियो में वह मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। यानी ये गुस्से में नहीं बोला गया। ये सोची-समझी नीति के तहत कांग्रेस का जहर है। उन्होंने कहा, जब हमारे सांसद ने संसद में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह न सिर्फ खेद जताने के लिए खड़े हुए बल्कि विपक्ष से माफी भी मांगी। हमारे पार्टी ने उन्हें नोटिस जारी किया। त्रिवेदी ने कहा, यह कांग्रेस का आधिकारिक बयान है क्योंकि पार्टी के अध्यक्ष का बयान आधिकारिक होता है। लेकिन अफसोस की बात है कांग्रेस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं

# कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षण : खड़गे

वार्ता < जयपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर उसकी कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अगले वर्ष कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू किया जायेगा। खड़गे राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार की नीयत और नीति साफनहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं। उन्होंने कहा कि महिला विधेयक का सबने मिलकर समर्थन किया लेकिन अब यह कब आयेगा, वर्ष 2030 तक आयेगा। वर्ष 2029 में जनगणना होगी उसके बाद इसके लागू होने में और वक्त लगेगा और इसके आने में करीब दस साल की बात की जा रही हैं। खड़गे ने कहा कि इस विधेयक को अभी लागू करना चाहिए। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि अगर अगले वर्ष केन्द्र में कांग्रेस सरकार आती है तो वह तत्काल महिला आरक्षण देने का काम करेगी। उन्होंने संसद के विशेष सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र तो पांच दिन का बुलाया था लेकिन चार दिन में समाप्त कर दिया क्योंकि यह सत्र केवल संसद का नया भवन दिखाने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि इन्हें नए भवन को दिखाना था, उसमें ऐसा क्या है दिखाने के लिए जो मंत्रियों, भाजपा के बड़े बड़े कार्यकर्ताओं, फिल्म कलाकारो आदि को बुलाया गया कि देखिए नया भवन बनाया गया। उन्होंने कहा कि संसद भवन चर्चा करने का स्थान है, यह कोई प्रदर्शनी करने की जगह नहीं है।

### महिला आरक्षण विधेयक को अभी लागू किया जाना चाहिए : राहुल गांधी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए मांग की है देश में जातिगत जनगणना कराये जाने और महिलाओं के लिए लाये गये 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को अभी लागू किया जाना चाहिए। राहुल गांधी शनिवार को यहां राजस्थान कांग्रेस के नये भवन के शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर बताते हुए कहा कि ये बब्बर शेर शांति से बैठे हुए है, यह नफरत का बाजार नहीं है यह मोहब्बत की दुकान है, कोई अहंकार एवं नफरत नहीं है, मोहब्बत, इज्जत एवं प्यार है, यह फर्क है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस में और दोनों में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले संसद में भाषण दिया और उसके बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई क्योंकि उन्हें डर लगता है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान के नाम को बदलने की बाते हुई जबकि संविधान में साफलिखा है इंडिया और भारत दोनों एक ही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडिया और भारत को लेकर लोगों को लड़ाने के प्रयास किए गए लेकिन अब उन्हें पता लग गया कि जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी तो अब संसद का विशेष सत्र बुलाया और अब महिला आरक्षण की बात की गई। उन्होंने कहा 'महिला आरक्षण का हमने पूरा समर्थन किया है, इससे पहले भी समर्थन किया हैं लेकिन हमारे दो तीन सवाल है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं किया गया। महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटे आज दी जा सकती है लेकिन बहाना बनाया जा रहा है, हम चाहते है कि महिला आरक्षण लागू हो और इसमें ओबीसी महिलाओं को भी इसका फायदा मिले।' उन्होंने कहा कि आज के हिन्दुस्तान को प्रधानमंत्री के नब्बे अधिकारी चलाते है जो सै `टरी है। ये नब्बे लोग सरकार को चलाते है पूरा पावर इनके हाथ में होता है, हन्दुस्तान किस ओर जायेगा। उन्होंने कहा कि इनमें ओबीसी के लोग कितने हैं जबकि प्रधानमंत्री ओबीसी की बात करते है। इनमें तीन लोग ओबीसी वर्ग के हैं वे हिन्दुस्तान के पांच प्रतिशत बजट पर निर्णय लेते है।

# संस्थागत सहयोग समाधान खोजने वाला अग्रदूत : डी वाई चंद्रचूड़

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि संस्थागत सहयोग न केवल न्यायिक प्रश्नों पर निर्णय करते समय समाधान खोजने वाला 'अग्रदूत' है, बल्कि यह न्याय तक पहुंच बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के दो दिवसीय 'इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस-2023' के उद्घाटन समारोह को? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न संस्थानों का अंतिम उद्देश्य एक ही है और वह है राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि। उन्होंने कहा, हम न्याय के हित को आगे बढ़ाने के लिए संस्थानों के बीच सहयोग के प्रचुर उदाहरणों को अक्सर भूल जाते हैं। यह न केवल बड़ी संवैधानिक चुनौतियों में बल्कि अदालतों और सरकार के बीच रोजमर्रा की बातचीत में भी सच साबित होता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ वर्तमान में इस चुनौती पर सुनवाई कर रही है कि क्या हल्के मोटर वाहनों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाणिज्यिक वाहन चला सकता है? उन्होंने कहा कि इस मामले को एक प्रतिकूल चुनौती के रूप में देखने के बजाय, अदालत और सरकार देश भर में लाखों ड्राइवरों की आजीविका की रक्षा के लिए सहयोग कर रहे हैं। संस्थागत सहयोग के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने 7,000 करोड़ रुपये से अधिक के वित्तीय परिव्यय के साथ ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का जिक्र किया। इस मंजूरी के लिए सरकार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह न्याय को सुलभ बनाने के लिए सहयोग करने वाले संस्थानों का एक आदर्श उदाहरण है। मुख्य न्यायाधीश ने दलगत राजनीति विचारधारा से इतर संसद में पिछले दिनों महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए विविध पृष्ठभूमि और यहां तक कि परस्पर विरोधी विचारधारा वाले लोग एक साथ आए, उसी प्रकार महिला आरक्षण का कानून पास करने के मामले में भी विभिन्न दलों के लोग एक साथ खड़े हुए। इस पर हमें गर्व करना चाहिए।

# पायनियर हलचल...

## वो चाउर वाले, ये धान वाले




छत्तीसगढ़ की राजनीति चांवल और धान के इर्द - गिर्द घूमते रही है। क्या वास्तव में यही सत्ता है? इस पर आम जनता को मंथन की आवश्यकता है। पहले डॉ रमन सिंह 2008 से 2018 तक की यात्रा चांवल से तय की। वह चाउर वाले बाबा बने रहे। अब सीएम भूपेश बघेल 2018 के बाद 2028 की यात्रा पर निकल पड़े हैं। भूपेश के हांथ में चावल की जगह अब धान है। दोनों नेताओं को यह भली भांति मामूल है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता का सुखद सफर धान और चांवल के छांव में ही तय हो सकता है। रमन सिंह ने पहले 3 रुपये प्रति किलो छत्तीसगढ़ की जनता को चावंल दिया, बाद में उसे कम करके 1 रुपये कर दिया। डॉ. रमन चांवल के बदौलत 15 वर्षों तक यहां राज करते रहे। अब सीएम भूपेश बघेल धान लेकर 2028 की यात्रा पर निकल चुके हैं। इसको लेकर लोग अब कह रहे हैं कि रमन चाउर वाले थे, भूपेश धान वाले कहलाने लगे।

## नोटों का ढेर और पानी, कांग्रेसी विधायक की कहानी



वैसे तो कांग्रेसी विधायक रामकुमार यादव सरल विधायक के रुप में जाने जाते हैं, लेकिन नोटों ने उनकी तस्वीर और तकदीर ही बदल दी। विगत सप्ताह कांग्रेसी विधायक रामुकमार यादव का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उनके सामने नोटों का ढेर लगा हुआ दिखाई देता है। वीडियो में कुछ लोग हिसाब-किताब की बातें करते दिखाई और सुनाई देते हैं। लेकिन विधायक जी की सादगी देखिए उन्होंने नोटों की तरफ नजर उठाकर नहीं देखा, हां नोटों के सामने बैठकर उन्होंने एक गिलास पानी जरुर पिया। नोटों का ढेर देखकर आरोप-प्रत्यारोप तो लगना स्वाभाविक है, रामकुमार के उपर भी लगे। लेकिन रामकुमार यादव ने यह नहीं कहा कि यह वीडियो कूटरचित है, या उनके खिलाफ षडयंत्र है, उन्होंने कहा रेलगाड़ी के सामने बैठने से रेलगाड़ी उनकी थोड़ी न हो जाएगी। इससे एक बात तो तय है कि रामकुमार ने अपने बीच के विभीषण की पहचान कर ली है। अब आयकर विभाग उनके खिलाफ मोर्चा खोले उससे पहले वह उनके नाम को सार्वजनिक कर सकते हैं। क्योंकि उन्होंने नोटों को नहीं देखा, लेकिन नोटों के ढेर सें उन्होंने इनकार नहीं किया। कहते हैं कि रामकुमार नोटों को भले नहीं जानते, लेकिन नोट लेकर बैठे लोगों से उनकी खासी प्रगाढ़ता है, उनको वह भलीं -भांति जानते हैं, वर्ना एक गिलास पानी के लिए नोटों के ढेर पास जाने की जरुरत क्या थी?

## भाजपा की राह चली कांग्रेस



2018 के विधानसभा चुनाव परिणाम में रमन सरकार के 8 दिग्गज मंत्री चुनाव हार गये थे, जिसमें से प्रेमप्रकाश पांडे, अमर अग्रवाल, केदार कश्यप, राजेश मूणत, रामसेवक पैकरा, भइयालाल रजवाड़े, दयालदास बघेल, महेश गागड़ा, के नाम शामिल हैं। वैसे अमर अग्रवाल प्रेमप्रकाश, राजेश मूणत और केदार कश्यप जैसे मंत्रियों के पास चुनावी प्रबंधन का खासा अनुभव है, लेकिन 2018 के चुनाव परिणाम में जनता के सामने इन दिग्गजों का कोई प्रबंधन काम नहीं आया। भाजपा ने उस दरम्यान किभी भी मंत्री का टिकट काटने का साहस नहीं दिखाया था। सिर्फ रमशीला साहू अलग-थलग पड़ी रहीं । इसलिए उन्हें रेस से बाहर होना पड़ा। 2023 में भी टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस में कमोवेश यही दृश्य दृश्य दिखाई दे रहा है। कांग्रेस भी रमशीला साहू की तरह प्रेमसाय सिंह टेकाम को छोड़कर लगभग सभी मंत्रियों को फिर चुनावी मैदान में उतारने जा रही है। हालांकि 2018 और 2023 के विधानसभा चुनाव में बहुत फर्क है। रमन सरकार ने 15 साल तक मंत्रियों को नहीं बदला, सिर्फ उनके विभागों को बदलते रहे, इस लिहाज से देखा जाए तो कांग्रेस सरकार के यह मंत्री अभी सिर्फ 5 साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। अब जनता इनके पक्ष में क्या निर्णय लेगी यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस भाजपा की राह चलने वाली है।

## राजधानी का रोमांच

राजधानी के चारों सीटों पर मुकाबला बहुत ही नजदीकी होने के आसार हैं। रायपुर की चारों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी लगभग तय हैं। हलांकि उत्तर सीट पर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। कहा जा रहा है कि धमतरी से इस बार फिर गुरुमुख सिंह होरा, और बेमेतरा से आशीष छाबड़ा की टिकट फाइनल हो चुकी है, ऐसे में कुलदीप जुनेजा की स्थित अभी तक स्पष्ट नहीं हो पा रही है। वहीं भाजपा ने भी इस सीट पर अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं। बाकी तीन सीटों पर नाम लगभग तय हैं, रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल के सामने सन्नी अग्रवाल या मेयर एजाज ढेबर मैदान में उतर सकते हैं। वहीं रायपुर के विकास की लड़ाई के साथ मूणत और उपाध्याय के बीच फिर घमाशान होने जा रहा है। हलांकि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कुछ दिन पहले तक मीनल चौबे का भी नाम चल रहा था, लेकिन भाजपा में मूणत के नाम पर सहमति बनते दिख रही है। दूसरी ओर रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस के सीनियर विधायक सत्यनारायण शर्मा ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, ऐसे में उनके पुत्र युवा प्रत्याशी पंकज शर्मा चुनावी मैदान में उतरने जा रहे हैं, पंकज के सामने भाजपा ने भी युवा चेहरे भायुमो के अध्यक्ष रहे अमित साहू को टिकट देने का मन बना लिया है। कुल मिलाकार रायपुर ग्रामीण में दो युवाओं की भिड़ंत होने के आसार दिख रहे हैं। ऐसे में राजधानी की चारों सीटों पर चुनावी मुकाबला बेहद ही रोमांचक होगा।

## एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी की सैर और पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ गायब?



कहते हैं कि जी 20 के आयोजन में पधारे अतिथि नवा रायपुर स्थित एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी की सैर पर निकले, अतिथि तो सफारी देखने पहुंचे लेकिन वाइल्ड लाइफ पीसीसीएफ गायब रहे। ऐसे में हेड आफ फारेस्ट व्ही श्रीनिवास राव ने मोर्चा सम्भाला। कहते हैं कि वनबल प्रमुख राव और और पीसीसीएफ वन्यप्राणी सुधीर के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा। इसके पहले भी नवा रायपुर के एक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम से पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने दूरी बनाई थी।

## बेखौफ अपराधी



राज्य में इन दिनों अपराधी बेखौफ हैं, पहले दिन -दहाड़े रायगढ़ की एक बैंक में डकैती डालकर करोड़ों की लूट हो जाती है, उसके दूसरे दिन राजधानी में एक पुलिस अधिकारी के कार्यलय के पास सामुहिक दुष्कर्म की घटना सामने आती है। दुर्ग जिले में हिन्दुस्तान जिंदाबाद बोलने पर गाजर- मूली की तरह एक युवा को काट दिया गया। रक्षाबंधन के दिन मंदिर हसौद में हुए सामुहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया। आखिर क्या कारण है कि अपराधियों के बीच खाकी की धमक खत्म हो रही है। अपराधी बेखौफ होकर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे।

## थके-हारे चेहरों से कैसे होगा परिवर्तन

भाजपा की परिवर्तन यात्रा की कब शुरुआत हुई और कब खत्म होने जा रही इसकी किसी को भनक ही नहीं लगी। दरअसल में इसके लिए भाजपा खुद ही जिम्मेदार है। अभी तक के चुनावी प्रबंधन को देखकर कहा जा सकता है कि भाजपा के पास छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कोई ठोस प्लान नहीं है। इसका ताजा उदाहरण भाजपा की परिवर्तन यात्रा है। भाजपा ने परिवर्तन यात्रा की शुरुआत तब की जब यहां का किसान धान, खेत और खाद में व्यस्त है। भरी बरसात में भाजपा परितर्वन यात्रा लेकर निकली है, जिसके कारण उनके आयोजन में भीड़ तक नहीं जुट पा रही। दूसरी ओर परिवर्तन यात्रा में थके हारे नेताओं को छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है। हाल ही में झारखण्ड के पूर्व सीएम रघुवर दास परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। रघुवर दास जैसे अन्य कई नेता भी इस यात्रा में कब शामिल हुए और कब वापस चले गए किसी को पता तक नहीं, छत्तीसगढ़ की जनता के बीच ऐसे नेताओं की कितनी उपयोगिता है? इस पर भाजपा के शीर्ष नेताओं को मंथन की आवाश्यकता है। दूसरी ओर भाजपा के पास योगी आदित्यनाथ जैसे लोकप्रिय नेता हैं, उनको मोदी और अमित शाह सिर्फ यूपी तक सीमित रखना चाहते हैं? पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में नितिन गडकरी जैसे कद्दावर और लोकप्रिय नेता हैं, देवेन्द्र फडनवीस जैसे युवा नेता हैं, स्मृति ईरानी जैसी लोकप्रिय नेत्रियां हैं। फिर भी भाजपा छत्तीसगढ़ में थके- हारे नेताओं को लेकर परितर्वन यात्रा में निकली है?

editor.pioneerraipur@gmail.com

# बस्तर में 'मिशन-ब्लैक-गोल्ड' व 'मिशन-केसरिया' प्रगति की ओर

**'मिशन-ब्लैक-गोल्ड' व 'मिशन-केसरिया' के तहत कोंडागांव के 17 गांवों में 7 हजार काली-मिर्च व अनाटो के सात लाख रू. के पौधे नि:शुल्क लगवाए गए**

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर में इन दोनों एक खामोश क्रांति करवट ले रही है। प्रायः नक्सली हिंसा के लिए कुख्यात बस्तर इन दिनों 'मिशन ब्लैक गोल्ड' तथा 'मिशन-केसरिया' के लिए चर्चित है। पहली नजर में इन सुर्खियों को पढ़ने पर ऐसा लग सकता है कि शायद यह किसी सरकारी मिशन,अभियान या योजना से संबंधित होगा। पर हकीकत यह है कि इन मिशन का सरकारी योजनाओं से कोई लेना देना नहीं है। दरअसल यह अनूठी पहल बस्तर के जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए पिछले तीन दशकों से लगातार कार्य कर रही जैविक किसानों की संस्था 'मां दंतेश्वरी हर्बल समूह, समाजसेवी संस्थान 'संपदा' एवं स्थानीय मीडिया-संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में की गई है। इस समूह के संस्थापक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने इस महत्वाकांक्षी अभियान में स्थानीय मीडिया को भी शामिल करते हुए विगत 23 अगस्त को बैठक भी की थी। उक्त बैठक के 1 महीने पूर्ण होने पर डॉ. त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस बीच संस्था के द्वारा इस एक महीने में 17 गांवों में करीब 500 किसानों की बाड़ी तथा खेतों में तकरीबन 7 हजार काली-मिर्च एवं अनाटो के पौधे लगा दिए गए हैं। कोंडागांव जिले के ग्राम 1 चलका, 2 मालगांव ,3 सुआ डोंगरी, 4 सोना बाल, 5 कबोंगा, 6 मालाकोट, 7 बूढ़ा कशा, 8 कुमारपारा ,9 बुना गांव, 10 उमरगांव, 11 दाढिया,12 केंवटी,13 जोबा, 14 सोहंगा ,15 बंजोड़ा, 16 लभा, 17 कनेरा आदि चयनित गांवों में यह पौधे लगवाए गए हैं। मिशन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि 'मिशन बस्तरिया ब्लैक-गोल्ड' के तहत 'मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर' कोंडागांव द्वारा पूरी तरह से बस्तर में ही विकसित की गई तथा देश की अन्य प्रजातियों की तुलना में तीन-गुना तक ज्यादा उत्पादन देने वाली और बेहतरीन गुणवत्ता के कारण पूरे देश में नंबर वन मानी जा रही काली-मिर्च की वैरायटी वैरायटी 'मां दंतेश्वरी कालीमिर्च- 16 (MDBP-16)' के पौधे एवं 'मिशन केसरिया' के तहत इसी संस्थान द्वारा विकसित केवल दो सालों में बहुउपयोगी फल देने वाले तथा दूसरी वैरायटी की तुलना में दुगुना उत्पादन देने वाले ÷अनाटो (सिंदूरी) की वैरायटी 'MDAB-16' के पौधे जिनकी लागत रु. 100 प्रति पौधा है, आसपास के गांवों में चयनित किसानों को निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, तथा उन्हें इसे लगाने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि गांवों में 'हर पेड़ पर काली मिर्च चढ़ाएं - खेती बाड़ी की खाली जगहों में अनाटो लगाएं' । एक बार ये पौधे लगा लेंगे तो दो-तीन साल में अतिरिक्त आमदनी होनी शुरू हो जाएगी और कम से कम 50 साल तक आमदनी बढ़ते क्रम में प्राप्त करेंगें और घर बैठे बस्तर के सभी परिवारों को समृद्ध बनाएंगे। इससे बस्तर के हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों को तथा उनकी आगे आने वाली पीढ़ियों को भी बिना अपना गांव घर जंगल जमीन को छोड़े, घर पर ही बिना किसी अतिरिक्त खर्च के पर्याप्त आमदनी वाला रोजगार मिल जाएगा। इससे पेड़ों का कत्ल भी रुक जाएगा और पर्यावरण की रक्षा भी होगी। इस अभियान की सबसे प्रमुख एवं विशेष बात यह है कि ये पौधे मुफ्त दिए जा रहे हैं! इसको लगाने की ट्रेनिंग भी मुफ्त दी जाती है! और इसके उत्पादन की शत प्रतिशत मार्केटिंग सुविधा भी दिया जा रहा है। इसके अलावा इच्छुक किसानों को जड़ी बूटियां की खेती की जानकारी, बीज, तथा विपणन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। औषधीय पौधों के साथ ही 'काली-मिर्च' की खेती कोंडागांव में धीरे-धीरे परवान चढ़ रही है। लगभग तीन दशक पूर्व यहां के स्वप्नद्रष्टा किसान वैज्ञानिक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने जैविक खेती व हर्बल खेती के जो नए-नए प्रयोग शुरू किए थे, तभी से उनका सपना था, छत्तीसगढ़ के जलवायु के लिए उपयुक्त 'काली-मिर्च' की नई प्रजाति का विकास तथा उसे छत्तीसगढ़ के किसानों के खेतों पर और बचे- खुचे जंगलों में सफल करके दिखाना । डॉक्टर त्रिपाठी की पच्चीस सालों की मेहनत अब धीरे-धीरे रंग दिखाने लगी है। आज क्षेत्र के कई छोटे छोटे आदिवासी किसान अपने घरों की बाड़ियों में खड़े पेड़ों पर सफलता पूर्वक काली मिर्च की फसल ले रहे हैं और नियमित अतिरिक्त कमाई करने में सफल हुए हैं। इस मिशन के बारे में डॉक्टर त्रिपाठी ने आगे बताया कि इसे क्रमशः उत्तरोत्तर बढ़ते क्रम में लगभग 7 करोड रुपए के यह पौधे आगामी 7 वर्षों में सभी गांवों में किसानों के यहां निशुल्क लगवाया जाएगा। अगर सब कुछ सही रहा तो इन सात वर्षों में कोंडागांव क्षेत्र काली-मिर्च, मसालों व हर्बल्स का देश का एक बड़ा हब बनकर उभरेगा। इससे पर्यावरण भी सुधरेगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु समूह में मिशन लीडर अनुराग कुमार,जसमती नेताम, शंकर नाग कृष्णा नेताम तथा बलई चक्रवर्ती का सम्मापत्रकार संगठन के अध्यक्ष इसरार खान तथा पत्रकार संगठनों के अन्य पदाधिकारी विश्वप्रकाश शर्मा, नीरज उइके, अंजय यादव, मिलन राय,मनोज कुमार,गिरीश जोशी,हरीश देवांगन के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर सभी प्रमुख समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथियों की उपस्थिति रही।



## आधा दर्जन केंद्रीय मंत्री भी सजा नहीं पाए भाजपा के झूठ की दुकान : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा और चुनावी सभा के लिए आज छत्तीसगढ़ आए 6-6 केंद्रीय मंत्रियों के दौरे पर तंज कसते हुए कहा है कि अपनी विश्वसनीय खत्म हो जाने के बाद अब छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता नए-नए केंद्रीय मंत्रियों को बुलाकर उनसे लगातार झूठ बुलवाने का काम कर रहे हैं। मैनपुर में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बेरोजगारी और अपराध के गलत आंकड़े प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की जनता को अपमानित किया। वादाखिलाफी भाजपा का राष्ट्रीय चरित्र है, अपराध में नंबर वन भाजपा शासित राज्य है, छत्तीसगढ़ तो 18वें क्रम पर है भूपेश सरकार में अपराध लगातार नियंत्रित हुए हैं और सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य तो छत्तीसगढ़ है। केंद्रीय मंत्री यह भूल गए कि रमन सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 22.2 प्रतिशत हुआ करता था, जो भूपेश सरकार आने के बाद लगातार कम हुआ है। विगत 1 साल से छत्तीसगढ़ देश भर में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है, आधा फ़ीसदी से भी कम बेरोजगारी दर है छत्तीसगढ का। लेकिन दलिय चाटुकारिता में देश के केंद्रीय मंत्री बेशर्मी से झूठ बोल कर छत्तीसगढ़ की जनता को अपमानित कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश पर भरोसे की सरकार के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के सारे पैंतरे नाकाम हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में आरएसएस और भाजपा का धर्मांतरण और सांप्रदायिकता का एजेंडा फेल हो गया। कवर्धा, नारायणपुर और बिरनपुर में भी भाजपा का षड्यंत्र उजागर हो गया। रमन राज के भाजपा के वादाखिलाफी, कुशासन और भ्रष्टाचार की कलई खुल चुकी है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी अब यह मान चुका है कि छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता दागी और अविश्वसनीय हो चुके हैं और जनता का विश्वास पूरी तरह से खो चुके हैं।

## डेंगू से लोगों की मौतें हो रही हैं और कांग्रेस सरकार 'पर्दा डालो अभियान' चला रही है : कौशिक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा है कि पिछले एक माह में रायपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में डेंगू से लगातार जवान-सियान लोगों की मौत का सिलसिला थमा नहीं है, परंतु प्रदेश की कांग्रेस सरकार व उनके मुखिया भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव कुंभकरणीय नींद में सोयी हुई है। ना तो स्वास्थ्य मंत्री को डेंगू के फैलाव से चिंता है ना कांग्रेस सरकार को मलेरिया उन्मूलन की कोई जानकारी है,, आखिर जिम्मेदार कर क्या रहे है इतने मरिजों की खबर अखबारो में छप रही है किन्तु स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव इस पर कुछ नहीं बोल रहे है बहुत दुर्भाग्य की बात है युवा डेंगू के चपेट में मारे जा रहे हैं स्वास्थ्य अमला खुद आईसीयू में पड़ा हुआ है। पूरे अस्पतालों में डेंगू और मलेरिया के मरीज भरे पड़े है और कांग्रेस सरकार अस्पताल और अन्य संस्थाओं में मृत्यु के आंकड़े छुपाने मलेरिया से संक्रमित मरीजों की वास्तविक संख्या दबाने भया दोहन और धमकी देने में व्यस्त है ताकि उनका मौसम गुलाबी दिखे। इतना कार्य यदि कचरा साफ करने और गंदगी मिटाने में अमला सक्रिय रहता तो इतने जवान लोगों की मृत्यु नहीं होती। रायपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कह रहे है कि पूरे प्रदेश में लगभग 800 से अधिक मामले डेंगू के है और कांग्रेस सरकार इसे अब भी गंभीर नहीं ले रही है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है और कहा है कि डेंगू से मौत का आंकड़ा छुपाने का क्या रहस्य है? छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था स्वयं ऑक्सीजन पर है। भूपेश बघेल केवल झूठ विज्ञापन देने में आमादा है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज होगा कोंडागांव आगमन

■ 6 हजार 108 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज कोंडागांव जिले में आगमन होने जा रहा हैं। जहां इस प्रवास के दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और जिला के निवासियों को अधिक विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। इन कार्यों की कुल लागत 403 करोड़ 68 लाख रुपए से अधिक हैं और इनमें 5293 कार्यों का लोकार्पण, 813 कार्यों का भूमिपूजन और राशि के वितरण का भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न सरकारी कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जैसे कि, बस स्टैंड, सेंट्रल लायब्रेरी और आदिवासी विकास भवन। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य जनता के लाभ के लिए विकास कार्यों को पूरा करना हैं। कुल मिलाकर, 6 हजार 108 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन होगा और इनमें आदिवासी विश्रामगृह भवन, अत्याधुनिक बस स्टैंड, सेंट्रल लायब्रेरी और सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि, इस अवसर पर 13 करोड़ से अधिक राशि का चेक हितग्राहियों को वितरित की जाएगी और 246 युवाओं को नौकरी पत्र प्रदान किया जाएगा। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री और अन्य सरकारी अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे और विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन में शामिल होंगे। इसके साथ ही, कुछ महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल हैं, जैसे की जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण और जलापूर्ति के परियोजनाएं। इस तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंडागांव जिले के विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और जनता के लिए विकास कार्यों की सौगात प्रदान की हैं।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने अधिकारी-कर्मचारियों ने निकाला कैण्डल मार्च

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में शत प्रतिशत निर्वाचन सुनिश्चित कराने हेतु निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत शुक्रवार 22 सितंबर शाम को अधिकारी-कर्मचारियों ने कैण्डल मार्च निकालकर मतदाता एवं आम नागरिकों को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान एसडीएम शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, तहसीलदार दीपिका देहारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा रेडक्रॉस एवं स्काउट गाइड की टीम सहित बड़ी संख्या में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन विधेयक एक क्रांतिकारी परिवर्तन का प्रतीक : गोमती साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सांसद गोमती साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़निश्चयी व संकल्पवान नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक के संसद में पारित होने को एक क्रांतिकारी परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत की मातृ शक्ति के इस अप्रतिम सम्मान से लोकतंत्र गौरवान्वित हुआ है।उन्होंने कहा कि संसद का नया भवन इस विधेयक के रूप में नई ऊर्जा, नए विश्वास और संकल्पों के सृजन का साक्षी बना है। सांसद गोमती साय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में लोगों के साथ, माता और बहनों के साथ खिलवाड़ करने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व व निर्णायक नेतृत्व के कारण नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पारित हो गया है। नारी के सम्मान की दृष्टि इससे बड़ा काम नहीं हो सकता है। इस विधेयक के पारित होने के बाद निश्चित रूप से न केवल दिल्ली में, बल्कि पूरे देश की महिलाओं में उत्साह का माहौल है और खुशियाँ मना रही हैं। देश की माताओं-बहनों ने प्रधानमंत्री मोदी को आशीर्वाद देते हुए इस बात पर गर्व किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति का सचमुच में वंदन किया है। सांसद गोमती साय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास आज बोलने के लिए कुछ नहीं है और इसलिए वह अब जातिगत जनगणना और महिला आरक्षण में ओबीसी कोटा तय करने की बात कर रही है, जबकि 2010 में जब यूपीए शासनकाल में यह विधेयक लाया गया था, तब कांग्रेस ने ओबीसी कोटा तय करने का विरोध किया था।

### 12वें दिन परिवर्तन यात्रा पहुंची मैनपुर

## भूपेश बताएं कांग्रेस विधायकों के पास जो नोट के बंडल दिख रहे हैं वो कौन से घोटाले के हैं : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मैनपुर में पहुंची परिवर्तन यात्रा की भव्य आमसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा केंद्र की सरकार को एक गरीब मां का बेटा चला रहा है वो गरीब का दर्द जानते है यही कारण है आज हमारे पड़ोसी प्रदेश से एक आदिवासी की बेटी राष्ट्पति के पद पर पहुंच चुकी है। आज भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के लोगों को मूर्ख समझकर प्रदेश के लोगो को गेड़ी चलाना, कांटे वाला चम्मच में बासी खाना सीखा रहे है छत्तीसगढ़ के लोग मेहनती है, ईमानदार है बेवकूफ नही है वो गेड़ी चढ़ना भी जानते है, बासी खाना भी जानते है आपने विकास के काम करना चाहिए थे जो आपने नही किए। जिसने छत्तीसगढ़ के लोगो को लुटा उस कांग्रेस से बदला लेने का समय आ गया है प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ आकर बड़े बड़े भाषण देती है जब वो छत्तीसगढ़ आई तो एडिशनल एसपी के ऑफिस की पार्किंग में नाबालिक के साथ बलात्कार हो रहा था भूपेश बघेल प्रियंका गांधी के लिए गुलाब के फूल बिछाते है लेकिन छत्तीसगढ़ की बेटियों की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाते। उन्होंने कहा भूपेश बताए कांग्रेस विधायको के पास जो नोट के बंडल दिख रहे है वो कौन से घोटाले के है कोयला, शराब या चावल घोटाला?

### अगर छत्तीसगढ़ का डंका पूरे देश में बजवाना चाहते हैं तो भाजपा को वोट दें : कृष्णपाल

मैनपुर में परिवर्तन यात्रा की आमसभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार के मंत्री कृष्णा पाल गुर्जर ने कहा कांग्रेस राज मे छत्तीसगढ़ बेरोजगारी में नंबर 1, अपराध ने नंबर वन 1, वादाखिलाफी में नंबर 1 है मोदी का भेजा अन्न भी कांग्रेसी खा गए इंसान तो इंसान गाय के गोबर का पैसा भी खा गए। ऐसी सरकार को छत्तीसगढ़ के हित के लिए हटाना ही होगा। कांग्रेस राज ने हम सब कुछ दूसरे देशों से मंगवाते थे आज मोदी राज में हम दूसरे देशों को सामान बेचते है। मोदी न होते तो 370 धारा नही हट सकती थी, राम मंदिर नही बनता, देश का विकास न होता । मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार विकास के नए कीर्तिमान बनाएगी और अगर छत्तीसगढ़ का डंका पूरे देश में बजवाना है तो भाजपा को वोट दे।

### कांग्रेस की करतूतें हम झारखंड तक सुनते हैं : अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कांग्रेस यहां जो भ्रष्टाचार करती है उसकी बाते हम झारखंड तक सुनते है नारी उत्पीड़न यहां चरम पर है।एक तरफ कांग्रेस की सरकार नारियों का शोषण कर रही है वही भाजपा की मोदी सरकार नारियों का वंदन कर रही है वर्षो से अटका महिला आरक्षण का नारी शक्ति वंदन अधिनियम मोदी सरकार ने पास करा महिलाओं को राजनीति में उनका हक देने का एक उपहार देने का काम किया। मोदी जी महिलाओं के उत्थान के किए लगातार काम कर रहे है उनके नेतृत्व में आने से महिलाओं के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव हो रहा है वह महिलाओं के विकास के लिए अनेक योजनाएं चला रहे है।

### कांग्रेस केवल लूट मचा कर खजाने खाली करती है : भानुप्रताप वर्मा

केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा ने कहा 2003 में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के बाद 15 साल तक भाजपा को अवसर दिया था इस बार भी आप ऐसे ही करेंगे हमे विश्वास है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ कांग्रेस सरकार जनता तक पहुंचने नही दे रही है भाजपा की सरकार अगर प्रदेश में बनेगी तो केंद्र की योजनाओं का लाभ भी आपको मिलेगा प्रदेश की भाजपा सरकार भी आपके लिए कई काम करेगी आपको डबल फायदा होगा। वर्मा ने कहा कांग्रेस सरकार ने सभी पर कर्ज चढा दिया है हर व्यक्ति पर 40 हजार रु का कर्जा है कांग्रेस की केंद्र की सरकार ने भी यही किया था 2008 से 2014 तक मात्र 6 साल में 18 लाख करोड़ के कर्ज को 52 लाख करोड़ कर दिया लोगो को खूब लोन बाटा बैंको को भी खाली कर दिया था।

# मोबाईल वेटनरी यूनिट वाहन को नगर पालिका अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाई

## जिले के सभी ब्लाकों में पशुओं के उपचार के लिए मोबाईल वेटनरी वाहन रहेगा उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर जिले में मोबाइल वेटनरी यूनिट का शुभारंभ बेनहूर रावतिया ,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के द्वारा किया गया, उन्होने हरी झंडी दिखाकर चार ब्लाक में मोबाइल वेटनरी यूनिट की गाड़ी रवाना किया। जिले में पशुओं की स्वास्थ्य हेतु शासन द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट की शुरूआत हुई है। जो कि सर्विस प्रोवाईडर के माध्यम से संचालित है संचालन का समय प्रातः 08:00 से शाम 4 बजे तक होगा इनका उद्देश्य गौठान ग्रामों में वेटनरी सेवा प्रदाय करना है। मोबाइल वेटनरी यूनिट प्रतिदिन प्रत्येक विकासखण्ड के दो गौठानों में चिकित्सा शिविर का आयोजन करेंगे , राज्य स्तर पर काल सेंटर (टोल फ्री नम्बर 1962 ) की स्थापना की गई है। जिसमें कोई भी पशु-पालक पशुओं के स्वास्थ्य संबंधित सहायता प्राप्त कर सकता है।



मोबाइल वेटनरी यूनिट के शुभारंभ के दौरान पशुधन विकास विभाग से उप संचालक डॉ. एस.एस राजपुत , डॉ. करनम शिवशंकर ,डॉ. मिथिलेश उप्पल, एन. समरथ एवं विभाग के अन्य लोग मौजूद थे।

# कमेला के बच्चों ने स्वच्छता, साक्षरता और नशा मुक्ति के संदेश के साथ निकाली रैली




**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के कमेला में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता, साक्षरता व नशा मुक्ति रैली निकाला। इस बारे में जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, बरसात के रिमझिम मौसम में बारिश थमने के बाद गांव में साफ सफाई स्वच्छता, साक्षरता और नशा मुक्ति के लिए जागरूकता लाने के लिए विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत संकुल केंद्र कमेला के शिक्षकों द्वारा बैगलेश-डे के अंतर्गत बच्चों के द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता, नशा मुक्ति, साक्षरता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत बच्चों द्वारा नारा लगाकर गांव के लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया। इस रैली मे प्राथमिक शाला कमेला, प्राथमिक शाला नयापारा व उच्च प्राथमिक शाला कमेला के बच्चे व समस्त शिक्षक शामिल हुए। इस कार्यक्रम मे संकुल समंवयक् गौतम राम पांडे, संकुल प्रभारी प्राचार्य होरी लाल चंद्रवंशी,मदन कोर्राम, टिकेश्व साहू, सुरिज राम पोयाम, तुलसी भोई, अविनाश बनर्जी, नरेश पांडे, टोनिका बैध सहित समस्त शिक्षकगण व ग्रामीण कौशिक पांडे अध्यक्ष शाला विकास समिति, मोती लाल पांडे, योगेंद्र, रितेश, सखा, बुधराम, जगत, सुरेश, टिकेश्वर, अलेख, जगतारण, दीनदयाल, फड़िंद्र, सोमेश्वर, होमिता, मिलन सभी ने सहभागिता का परिचय दिया।

# आयुष्मान भवः अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के नेतृत्व में सहायक जिला नोडल अधिकारी HWC नीलकंठ जोशी के साथ जिला चिकित्सालय बीजापुर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मंगेश मस्के और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा राखोंडे और स्थानीय स्तर पर डॉ. कुर्रे, ग्रामीण चिकित्सा सहायक गिरधर देशलहरे, संजय यादव और नेत्र सहायक अधिकारी राजेश दुर्गम के द्वारा कुल 201 बाल वृद्ध व महिला पुरुष मरीजों को जाँच उपचार कर स्वास्थ्य सेवायें दी गई, जिसमें NCD स्क्रीनिंग 31 बुखार 41 , सर्दी खांसी 19, प्रसव पूर्व जांच 03 , शिशु रोग 16, स्त्री रोग 09 , नेत्र रोग 15 तथा अन्य 76 मरीज़ लाभान्वित हुए। इस अवसर पर समस्त उपस्थितों ने अंगदान करने तथा इस के लिए अन्य लोगों को प्रेरित करने हेतु शपथ ग्रहण भी किया । आयुष्मान मेला में 13 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड और 28 आभा कार्ड भी बनाए गए ।आयुष्मान मेला आयोजन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश ठाकुर और बीपीएम नेताम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली के समस्त स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा ।

# एसबीआई चौक से दुर्गा पूजा मंडप तक विशाल जन आक्रोश रैली निकाली गई

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई की दंतेवाड़ा जिला परिषद के तत्वावधान में दंतेवाड़ा के एसबीआई चौक से दुर्गापूजा मंडप तक विशाल जनआक्रोश रैली निकाली गई। तत्पश्चात दुर्गा पूजा मंडप में विशाल आम सभा आयोजित हुई।सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनीष कुंजाम , रामा सोढ़ी ,मंजू कवासी ,राजेश संधू ,के साजी,टी जे शंकर राव,जेगेश्वर प्रशाद ,भीमसेन मंडावी आदि वक्ताओं ने तालमेटल फर्जी मुठभेड़ की न्यायिक जांच,पिछ्ले चुनावी घोषणा अनुसार फर्जी नक्सली मामले में जेल में बंद आदिवासियों को तत्काल रिहा करने ,एनएमडीसी के डीएमएफ फण्ड में भष्ट्राचार को बंद कर उसकी जांच करवाई जावे , 13 नम्बर पहाड़ को अडानी को बेचने का निर्णय वापिस लिया जावे ,बोधघाट विधुत परियोजना को बिना ग्राम सभा की अनुमति के चालू नहीं किया जाए ,छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के लिए 32 प्रतिशत आरक्षण ,पेशा कानून में किये गए बदलाव को वापिस लिया जाए ,शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए।शासकीय एवं एनएमडीसी की नोकरियों में स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता दी जावे जैसे अन्य कई मुद्दों को लेकर राज्यसरकार एवं केंद्र सरकार को घेरा । इस दौरान सुदरु राम तेलाम ,मधुकर सीताप राव ,बहिलोचन श्रीवास्तव ,नरसिम्हा रेड्डी ,नोमेश्वर राव ,देवेन्द्र कटारिया, विशेषरूप से मौजूद रहे।

# कोंडागांव में पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सा शिविर



**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले में उप संचालक के निर्देशन और मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट कोंडागांव के प्रभारी उप केंद्र प्रदीप श्रीवास्तव व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से गौठान डोंगरीगुडा और बफना में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशु पालकों को आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया और पशुओं के उपचार का समर्थन प्रदान किया गया। यह पशु चिकित्सा मोबाइल यूनिट का प्रमुख उद्देश्य हैं कि, ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पशुओं के स्वास्थ्य का सही से देखभाल हो सके। इसके लिए उन्होंने पशु पालकों को विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधाओं का उपयोग करने की सलाह दी और उन्हें उपचार की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस उपचार शिविर के दौरान, पशु पालकों को उनके पशुओं की आवश्यकताओं के आधार पर उपचार दिया गया जैसे कि, वैक्सीनेशन, बीमारियों के इलाज और पशुओं के साथी जीवों के लिए आवश्यक उपचार। इस शिविर में ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों के साथ सरपंच, पशु सखी, महिला गौठान मित्र, महिला स्वायत्त समूह के सदस्य और ग्रामवासी भी मौजूद रहें।

# मछली पालन से निकलेगा समृद्धि का रास्ता

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com



प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिको को मछली पालन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 15 सितंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने पहुंचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं अन्य विभागीय गरीबी उन्मूलन योजनाओं और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की।

इस प्रशिक्षण में जनपद पंचायत उसूर और भोपालपटनम से जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 24 सितंबर तक आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल हुए श्रमिकों को मछली पालन की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है इसी कड़ी में 22 सितम्बर को नैमेड स्थित हेचरी ले जाकर प्रायोगिक रूप मछली बीज तैयार करने की विधि का अवलोकन कराया गया। मछली पालन हेतु तालाब की साइज और मछली पालन की वैज्ञानिक विधि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। सहायक परियोजना अधिकारी नारायण बंजारे ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति परियोजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती हुई अर्थ - व्यवस्था में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन करना है ताकि आय का स्थायी साधन प्राप्त हो सकें ।

# बंगाली कैम्प में मनाया जा रहा है गणेशोत्सव का पर्व

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल के वार्ड क्रमांक 04 बंगाली कैम्प में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।पंडाल में भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है।बता दें नव युवा सामिति द्वारा इस वर्ष 14 वां गणेशोत्सव मनाया जा रहा है।सामिति के अध्यक्ष देवाशीष मुखर्जी एवं सचिव करन अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवम शनिवार दोपहर को श्रदालुओं के लिए महाभण्डारे का आयोजन किया गया।जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिले में सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन द्वारा रति कांत बेहेर कमांडेंट के निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के दौरान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया यह यात्रा ग्राम पंचायत गोंगला और रामाराम एवं फुलबगडी किया गया इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों के साथ स्कूल के छात्र- छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी, अमृत कलश यात्रा के दौरान घर-घर से मिट्टी एकत्र किया गया तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने घर से लाई गई मिट्टी को कलश में डालकर व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अमृत कलश यात्रा को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सदस्यों ने मुठ्ठी भर मिट्टी लेकर पंच प्राण की शपथ भी ली। इस कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट रति कांत बेहरा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान टी सैमसन राजू (उप कमा.) सहा कमांडेंट पीर्दन (F/2) सहा कमांडेंट राकेश कुमार ठाकुर ( B/2) एवं गोंगला के सरपंच प्रतिनिधि आयता राम बुन्ग्री एवं सचिव जगदीश नायक, नेहरु युवा केंद्र की संयोजक रेशमा परवाना खान, गोंगला और गिर्दलपारा उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सदस्य मौजूद रहे।

# मुकेश और सलीना होंगे राज्य स्तरीय रासेयो पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के दो स्वयंसेवकों का पहली बार एक साथ राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2022-23 के लिए चयन हुआ हैं। जो कोंडागांव जिला महाविद्यालय और बस्तर विश्वविद्यालय के लिए गौरवशाली पल हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोंडागांव के जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने इस बारे में बताया कि, वाकई ये गौरवशाली पल इसीलिए हैं क्योंकि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ हैं कि, एक ही महाविद्यालय से दो स्वयं सेवक सलीना नेताम और मुकेश पोयाम राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयं सेवक के लिए चयनित हुए हैं। इन्हें अब राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस 24 सितंबर 2023 रविवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित रासेयो स्थापना दिवस सम्मान समारोह में पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने यह भी बताया कि, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के स्वयंसेवकों को लगातार पिछ्ले तीन वर्षों से राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार मिलता आ रहा हैं जिसमें सत्र 2020-21 में स्वयंसेवक अजीत सिन्हा और सत्र 2021-22 में देवेंद्र सेठिया राज्य स्तरीय श्रेष्ठ राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। इस बार स्वयंसेवक मुकेश पोयाम एवं सलीना नेताम 24 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे।

## 135 राष्ट्रीय संघों का एक संघ के द्वारा 23 सितंबर 1951 में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का स्थापना किया गया

# छात्रों को सांकेतिक भाषाओं का ज्ञान दिलाने का किया गया प्रयास

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी, राज्य आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार और जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभदेव साहू के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से संबद्ध शासकीय प्राथमिक शाला मुरारी पारा बड़ेबेंदरी में कब मास्टर पवन साहू के नेतृत्व में और शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा कोंडागांव में फ्लॉक लीडर दीप माला वैष्णव के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया। सांकेतिक भाषाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सांकेतिक भाषाओं की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से हर साल 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के रूप में मुकदृ बधिर व्यक्तियों के विकास के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर में लगभग 70 मिलियन बधिर लोगों के मानव अधिकारों के 135 राष्ट्रीय संघों का एक संघ के द्वारा 23 सितंबर 1951 में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का स्थापना किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 23 सितंबर 2018 में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाने की घोषणा की तब से प्रतिवर्ष 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब दूमास्टर पवन कुमार साहू एवं शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पारा के फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में कब दूबुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं को विभिन्न सांकेतिक भाषाओं का उपयोग करने जैसे शांत बैठे रहना, सावधान, बुरा मत सुनो, बुरा मत बोलो, बुरा मत कहो व संख्याओं का ज्ञान जैसे सांकेतिक भाषा की जानकारी देकर मुक बधिर लोगों को विशेष सहयोग प्रदान करने अपील किया गया।

# जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की चर्चा



पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले में कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व में और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ, कोंडागांव जिला अस्पताल में आयुषमान भारत दिवस आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य आयुष्मान भारत दिवस के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में कोंडागांव जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक और विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया और विभिन्न आयुष्मान भारत योजना के पहलुओं की चर्चा की। इसके साथ ही, उन्होंने जनता को योजना के फायदों के बारे में जानकारी दी और योजना के तहत उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बताया। आयुष्मान भारत योजना जिसका मुख्य उद्देश्य सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय हैं, उन लोगों के लिए हैं जो वित्तीय रूप से कमजोर हैं और उनके पास उचित स्वास्थ्य सेवाओं का पहुंच नहीं होता। इस योजना के तहत गरीब और अधिकार सील वर्गों के लोगों को बिना किसी वित्तीय बोझ के उचित चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलता हैं। कलेक्टर ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के साथ-साथ जनता को योजना के फायदों के बारे में जागरूक किया और सरकार की प्रमुख उपलब्धियों की प्रशंसा की।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पास होना केंद्र की मोदी सरकार की सराहनीय पहल



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा संसद के दोनों सदनों लोकसभा एवं राज्यसभा से महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण के विधेयक को पास कराए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को बधाई देते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुलोचना यादव शहर अध्यक्ष नीरा देवी साहू, आइसा खान, मधु सोनी, रितु यादव, अंजलि जायसवाल आदि महिलाओं ने कहा कि देश के लोकतंत्र एवं विकास में मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक लाने का बहू प्रा तीक्षितनिर्णय लेकर एक नई संसद में पहले ही दिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया नई संसद का पहले दिन नारी शक्ति मंदिर अधिनियम विधायक के लिए सदैव याद किया जाएगा इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार की जितनी भी सराहना की जाए वह काम है। मोदी सरकार को कई ऐतिहासिक पहल कके लिए याद किया जाएगा जो विपक्षी दलपिछले 27 वर्षों से महिलाओं को आरक्षण देने के नाम पर भ्रमित करते रहे उन्हें मोदी जी ने बता दिया कि वे नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं मोदी सरकार के इस निर्णय ने कांग्रेस को आइना दिखा दिया है कांग्रेस को आत्म चिंतन करना चाहिए कि वह केवल बातों के बतासे बनाती रह गई जबकि मोदी सरकार ने यह करके दिखा दिया मोदी सरकार बातों के लिए नहीं अपने काम के लिए लोगों के बीच पहचानी जाती है मोदी सरकार को लेकर लोगों के बीच में जो विश्वास का वातावरण है उसके पीछे सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति और काम का निष्पादन करने की मानसिकता है।

### यह सरकार महत्व के कार्यों को ना तो अटकाती है और ना ही लोगों को मुद्दे से भटकाती है

महिला नेत्रियों ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल में महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं एवं उनका मान सम्मान भी बढा है तथा वे समाज निर्माण में उनकी भूमिका भी बढ़ी है जनधन खाता खोलने की बात हो या फिर महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का संकल्प हो या खुले में शौच से निजात दिलाने की बात हो या फिर अपना घर होने का प्रश्न हो मोदी सरकार ने महिलाओं के हित में सभी प्रश्नों का निराकरण किया है

महिला स्त्रियों ने आगे कहा कि भाजपा पार्टी के संगठन में भी महिलाओं को 33त्न प्रतिनिधित्व दे रही है और महिलाओं को समुचित सम्मान देने की प्रतिबद्धता से ही तीन तलाक के विरुद्ध कानून बन सका है यह केवल वर्तमान संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत की व्यवस्था नहीं है अपितु यह सनातन संस्कृति में महिलाओं की नेतृत्वकारी व्यवस्था निर्माण एवं संचालन की भूमिका को पुनर्स्थापित करना है

# नगर पालिका परिषद भाटापारा में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत नगर पालिका परिषद भाटापारा में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ 15 सितंबर 2023 से किया गया अभियान के तहत 21 सितंबर 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया गया जिसके तहत निकाय के स्वास्थ्य विभाग तथा मिशन क्लीन सिटी के स्वच्छता दीदी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही कार्यालय परिसर में राज्य तथा केन्द सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 75 हितग्राहियो को मकान निर्माण कार्य हेतु अनुमति प्रत्र (भवन अनुज्ञा) जारी किया गया तथा राशन कार्ड वितरण, धनवंतरी योजना, NULM से संबंधित जानकारी दिया गया कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता दीदियों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता उपाध्यक्ष त्रिलोक सलुजा, लोक निर्माण विभाग के सभापति सुशील सबलानी, जल विभाग सभापति सिरीज़ जांगड़े, स्वास्थ्य विभाग के सभापति रोहित साहू पार्षद दीपक निर्मलकर प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा, गेन्दराम साहु मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह कार्यपालन अभियंता एस डी शर्मा उप अभियंता राकेश सोनी स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक अजय नायडू सहायक ग्रेड 3 पूर्णेन्दु त्रिवेदी जिला समन्वयक सुमित कुमार दुबे आवास समन्वयक विक्की साहु धनेश साहू, कन्हैया ठाकुर,बंसी चौहान, विकास वैष्णव, सौरभ ठाकुर, केशव वैष्णव, सुनील यादव एवं अन्य निकाय की कर्मचारी उपस्थित थे।

# परिवर्तन यात्रा आज पहुंचेगी महासमुंद, स्वागत की भव्य तैयारी




पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के लिए भाजपा पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव के नेतृत्व में दंतेवाड़ा से प्रारंभ हुई परिवर्तन यात्रा 24 सितंबर को महासमुंद पहुंचेगी। यहाँ हाईस्कूल के मैदान में विशाल सभा आयोजित की गई है। इस आमसभा में लगभग 10 हजार से अधिक की उपस्थिति होगी। विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, परिवर्तन यात्रा के प्रभारी डॉ विमल चोपड़ा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों व घोषणा पत्र के वादों को पूर्ण न करने पर जागरण अभियान चलाया जाएगा। परिवर्तन यात्रा के बाद स्थानीय कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों के खिलाफआरोप पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा से कांग्रेस और कांग्रेसी घबराए हुए हैं। बैनर पोस्टर फाड़े जाने जैसा कृत्य कर अपने मानसिक दिवालियापन का प्रमाण प्रस्तुत कर रहे हैं। लेकिन भाजपा के इस परिवर्तन यात्रा से आमजनों में उत्साह है जिसे देखते हमें विश्वास है कि इस बार जनता छग में भाजपा की सरकार बनाने जा रही है। परिवर्तन यात्रा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में 12.30 बजे आरंग की तरफ से नदी मोड़, घोड़ारी में प्रवेश करेगी, जहां घोड़ारी में भाजपा कार्यकर्ता जिला आगमन पर भव्य स्वागत करेगी, जिसके लिए सरपंच जोगी निषाद, पूर्व सरपंच रामाश्रय यादव, युवा मोर्चा के कोमल निषाद आदि तैयारी में जुटे हैं। बेलसोंडा में यात्रा का स्वागत महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी, सरपंच भामिनी चंद्राकर व महिला मोर्चा अध्यक्ष हुलसी चंद्राकर के नेतृत्व में किया जाएगा। जिला अस्पताल के सामने 5 सौ मोटर साइकिल सवार कार्यकर्ताओं द्वारा युवा नेता राहुल चंद्राकर व युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष नन्दू जलक्षत्री, ग्रामीण अध्यक्ष पूनम निषाद सिंघी, डिगेश साहू, तुमगांव अध्यक्ष रामेश्वर साहू, झलप मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। श्री सांई मंदिर से परिवर्तन यात्रा हाईस्कूल मैदान पहुंचेगी, जहां विशाल आमसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, संभागीय प्रभारी बिहार के विधायक दिलीप जायसवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश नेता शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर सहित स्थानीय नेता संबोधित करेंगे। सभा के पश्चात काफिला बागबाहरा की ओर बढ़ेगा।

# संसदीय सचिव ने किया पीजी कॉलेज में कैंटीन का लोकार्पण

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने दिया जोर, संसदीय सचिव ने कहा-विद्यार्थियों के हितों के लिए किया जाएगा हरसंभव प्रयास

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव व शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कड़ी व ईमानदारीपूर्वक मेहनत पर जोर देते हुए कहा कि बिना मेहनत किए सफलता पाना असंभव है। सिर्फलक्ष्य बनाना ही पर्याप्त नहीं होता है। उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जब तक सही प्लानिंग नहीं करेंगे, तब तक सफल नहीं हो पाएंगे। आज शनिवार को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में शास महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष हीरा बंजारे, जनभागीदारी समिति सदस्य किशन देवांगन, संजय शर्मा, खिलावन साहू, अमन चंद्रकार, निर्मल जैन, राजेश डडसेना, मिर्जा आरीफ बेग, दसोदा ध्रुव, जनपद सदस्य अरिन चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदाकर ने मां सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्राकर ने कैंटीन का लोकार्पण करने के साथ ही जनभागीदारी मद से विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए शुरू की जाने वाली बस संचालन का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व समिति अध्यक्ष चंद्राकर ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हित के लिए हरसंभव प्रयास किया गया और आगे भी करते रहेंगे। महाविद्यालय में छात्रों को सभी सुविधाए प्राप्त हो इसके लिए जो भी मांग मेरे समक्ष रखी गई, मेरे व मेरी समिति द्वारा सहर्ष सहमति दी गई है। हमने महाविद्यालय में कैंटीन का निर्माण करवाया गया साथ ही आवागमन हेतु छात्रों के लिए बस का संचालन किया जाएगा, जिसका लाभ विद्यार्थी को मिलेगा। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्त करने को कहा। विद्यार्थियों की मांग पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने कैंटीन पहुंच मार्ग पर कांक्रीटीकरण व शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही इंग्लिश लैंग्वेज लैब निर्माण के लिए उचित पहल का आश्वासन दिया। प्रतिवेदन पठन डा. दुर्गावती भारतीय प्रभारी जनभागीदारी समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रमुख प्रो डा.अनुसुइया अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए नवप्रवेशित छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक करुणा दुबे, डॉ रमाकांत अग्रवाल, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डॉ रीता पांडेय, सी खलको, के साथ मनीराम धीवर समन्वयक ,आईक्यूएसी, डॉ ई पी चेलक, विभागाध्यक्ष वाणिज्य, राजेश्वरी सोनी एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्राध्यापक सरस्वती सेठ, आशुतोष पुरी गोस्वामी, मनबोध चौहान, केसर चंद्र बनपाल, जगदीश सत्यम, ग्रंथपाल एस आर रात्रे, अथिति सहायक प्राध्यापक गायत्री चंद्राकर, मृणाली चंद्राकर, विजय मिर्चे, अंजन भोई, शिवानी तावेरकर, गौरव सोनी, रंजीत पटेल, नम्रता तंबोली, परवीन करीम, रुक्मणी साहू, रेशमा वर्मा, मनोज शर्मा कार्यालय प्रमुख व छात्र प्रतिनिधि आर्शिन सालोमन, वर्षा गजेंद्र, नरेश नायक, प्रतीक चंद्राकर व कला, विज्ञान व वाणिज्य के स्नातक के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय राजा नोडल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय महासमुंद ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ रीता पांडेय कला संकाय अध्यक्ष ने किया।

# प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने भरोसा यात्रा निकालने का किया अपील

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



प्रदेश समन्वयक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजा विभाग व जिला खनिज न्यास सदस्य, सरायपाली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 के दावेदार अजय नन्द ने प्रेस में जानकारी देते हुए कहा कि राजीव भवन रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेष बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव,पी सी सी अध्यक्ष बस्तर सांसद दीपक बैज की मौजूदगी में बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें भरोसा का सम्मेलन को आगे बढ़ाते हुए दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन प्रदेश के सभी विधानसभाओं में भरोसा सम्मेलन निकालने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने भरोसा सम्मेलन निकालने के लिए अजा विभाग के सभी शहर, ब्लाक, जिला पदाधिकारियों को एवं सभी युवाओं, राजीव युवा मितान क्लब से भी अपील कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल द्वारा पौनें पांच साल में हुए उपलब्धियों को भरोसा यात्रा के माध्यम से बढ़ाया जाएगा और भरोसा यात्रा बाइक पर निकालने को कहा है। प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने कहा कि शीघ्र सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव जाकर सभी से संपर्क कर यात्रा को सफल बनाने की बात कही है।

## कोलता समाज का नुआखाई मिलन समारोह आज

**सरायपाली।** बाबा बिशासहे कुल समाज संभाग रायपुर के कुल कार्यकारिणी सभा का नुआखाई मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन 24 सितंबर को बगईजोर में किया जायेगा। सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मां रामचंडी की पूजा अर्चना कर किया जायेगा। तत्पश्चात सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थी, कृषक, व्यापारी, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, मैकेनिक, चिकित्सक, वादक, गायक, शिक्षक, पुलिस, भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। उद्बोधन पश्चात जुहार भेंट का कार्यक्रम एवं अंत में सामूहिक भोज का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कुल कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू ने अधिक से अधिक संख्या में समाज जनों को भाग लेने की अपील की है।

# माधोपाली में सीसी रोड व डोंगरीपाली में सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक के द्वारा ग्रामवासियों के मांग पर ग्राम पंचायत माधोपाली में सी सी रोड व आश्रित ग्राम डोंगरीपाली में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर लोगो की लंबित मांग को पूरा किया इस अवसर पर श्रीमती महेश्वरी रूपेंद्र साहू सरपंच माधोपाली, विवेक अग्रवाल, चंदू चौरसिया, संतलाल पटेल, पुरुषोत्तम साहू सोसायटीअध्यक्ष बड़े साजापाली, सोनसाय बरिहा जनपद सदस्य व सोसायटी अध्यक्ष सलखण्ड, घासिया सिदार सरपंच लोहरीनडीपा, नरेश पटेल, सुनील पटेल, तिजराम साहू नवल साहू, समस्त पंच गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## नागरिकों को स्वच्छता का दिया संदेश

**गरियाबंद।** भारत सरकार के निर्देशन पर राजिम नगर पंचायत मे स्वछता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग आईएसएल 2.0 का आयोजन किया गया। आयोजन के तहत नगरवासियो के साथ साथ कार्यालय कर्मियों, सफाई कर्मी, स्वछता दीदी के साथ साथ कबड्डी संघ, निकाय के जनप्रतिनिधि एवं पार्षदगण सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित होकर नगर के विभिन्न जगहों की साफ सफाई कर स्वछता ही सेवा है का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक कुमार सलामे, अध्यक्ष रेखा राजू सोनकर एवं पार्षदगण ने इस स्वछता कैंपेन की सराहना की। साथ ही लोगों को स्वछता के प्रति सजग रहने, स्वछता कार्य मे अधिक से अधिक लोग शामिल होकर अपने आसपास गंदगी नही करने और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की।

# उत्कल ब्राम्हण समाज द्वारा नुआखाई मिलन आज टाउन हॉल में आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सर्व ब्राह्मण उत्कल समाज द्वारा नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन 24 रविवार को टाउन हाल झिलमिला में किया गया है जिसमें सरायपाली विकासखंड के समस्त उत्कल ब्राह्मण समाज के सदस्य गण सपरिवार उपस्थित होंगे,सरायपाली अध्यक्ष प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सरायपाली के समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा, प्रदेश मिडिया प्रभारी पूर्णानंद मिश्र ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में चयनित लेखा अधिकारी पद पर चयनित निखिलेश मिश्रा एवं फॉरेस्ट रेंजर पद पर चयनित डॉक्टर एकता कर का समाज के द्वारा सम्मान किया जाएगा, कार्यक्रम में महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं इंडोर प्रतियोगिताएं, आयोजित किए जाएंगे साथ ही कार्यक्रम में अतिथियों के उद्बोधन होंगे एवं भोजन प्रसादी के साथ नवा खाई की बधाई एक दूसरे को प्रेषित की जाएगी, ज्ञात हो कि पश्चिमी उड़ीसा से लगे छत्तीसगढ़ की सीमा में नुआखाई एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जिसे हर्षोल्लास के साथ प्रतिवर्ष मनाया जाता है ,इस वर्ष प्रथम बार समग्र उत्कल ब्राह्मण समाज की ओर से नुआखाई मिलन सभा का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष उत्कल ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़, नित्यानंद मिश्रा जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ उत्कल ब्राह्मण समाज जिला महासमुंद ,तरुण दास प्रदेश प्रवक्ता उत्कल ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़, हेमंत दास उत्कल ब्राह्मण समाज बसना, दशरथ महापात्र उत्कल ब्राह्मण समाज बसना ग्रामीण, पीसी सामंत राय उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा, सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ,अध्यक्ष प्रकाश मिश्र एवं कार्यकारिणी ने विकास खंड के समस्त विप्र बंधुओं को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# सत्य सृष्टि का सार है पंडित धन प्रसाद

## दसलक्षण धर्म का पांचवा दिन



पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

उत्तम सत्य धर्म का दिन कहलाता है। चाहे सतयुग हो या कलयुग सत्य के बिना उन्नति कभी नहीं हो सकती। जैन समाज के संरक्षक पंडित धन प्रसाद का कहना है अपने अंतर में विद्यमान ज्ञानानंद स्वभाव से उत्पन्न हुआ ज्ञान श्रद्धान एवं वितराग परिणति ही उत्तम सत्य धर्म है और वही मोक्ष का कारण है। उत्तम सत्य धर्म के दिन शांति धारा कलश का सौभाग्य जैन समाज के उपाध्यक्ष प्रवीण जैन को प्राप्त हुआ। इन दिनों सांगानेर से आये सन्मय भैया जी द्वारा प्रवचन, प्रश्नोत्तरी हो या सांस्कृतिक कार्यक्रम हो जिसमें महिलाएं और बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर जी में उपस्थित समाज जनों में संरक्षक इंद्र कुमार जी,पदमचंद जी, महेंद्र जैन, संजय पाटनी, पवन जैन, समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन सचिव अमित जैन कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन, विपिन जैन, रितेश जैन, निक्की जैन, सुरेश जैन, सुमित जैन सुभाष जैन, अरिहंत जैन और महिलाओं में अध्यक्षा सुमन जैन, ममता जैन, सरोज जैन, डिंपल जैन, सुधा जैन, मीना जैन, संगीता जैन, नविता जैन, दीपिका जैन, नेहा जैन, सीमा जैन, शोभा जैन आदि उपस्थित थे।

## जिले में अब तक कुल 1110.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2023 से अब तक 1110.7 मिलीमीटर औसत दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा सिमगा तहसील में 1397.1 मिलीमीटर हुई। तहसील टुण्डरा 1251.5, पलारी 1209.8, सुहेला 1113, कसडोल 1087.5, सोनाखान 1056.7, भाटापारा 985, लवन 976.4 एवं बलौदाबाजार में 919.2 मिलीमीटर सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 9996.2 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 1110.7 मिमी है। इसी तरह 22 सितम्बर को 423.9 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 47.1 मीमी है। जिले के तहसीलवार वर्षा में सिमगा 122.5, भाटापारा 82, टुण्डरा 50, सुहेला 45, पलारी 38, बलौदाबाजार 32.5, लवन 28.7, कसडोल 21 एवं सोनाखान 4.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# छत्तीसगढ़ शिवसेना ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



इंद्रजीत साहू बलोदा बाजार विधानसभा कृष्ण कुमार यादव कसडोल विधानसभा अमर दास नौरंगे अहिवारा विधानसभा माखन यादव राजनंदगांव विधानसभा सुमित बंजारे डोंगरगांव विधानसभा नरेंद्र तिवारी पंडरिया विधानसभा धरम कंवर बिन्दानवाढ विधानसभा वेस राठौर राजिम विधानसभा बाबा पवार बेलतरा विधानसभा नितिन कुमार भांडेकर डोगरगढ़ विधानसभा हिमांशु शर्मा रायपुर पश्चिम विधानसभा संजय नाग रायपुर उत्तर विधानसभा अशोक लहरे धरसीवा विधानसभा घनश्याम मरकाम कोंडागांव विधानसभा प्रेम शंकर महिलांगे जैजैयपुर विधानसभा देवनाथ कश्यप जगदलपुर विधानसभा आर के शुक्ला अंबिकापुर विधानसभा रमेश डहारिया खल्लारी विधानसभा

उमेश्वरी कश्यप अकलतरा विधानसभा दिनेश सेठ बसना विधानसभा। पहली सूची में इन सभी का नाम आगे और तैयारी है प्रदेश के बेरोजगारों को स्थानीय प्रत्येक औद्योगिक इकाईयों में 70 प्रतिशत तक का रोजगार दिलायेंगे हमर कन्या योजना लागू करेंगे जिसमें बेटी पैदा होने से लेकर पढ़ाई लिखाई, शादी तक की संपूर्ण खर्चे की जिम्मेदारी हमारी रहेगी छत्तीसगढ़ी बच्चों के विकास के लिए कक्षा पहली से अंग्रेजी शिक्षा अनिवार्य करेगी बेरोजगारों को 5000 रू. मानदेय राशि दी जायेगी बुदादेव मंदिरों का पुर्नरुद्धार व समस्त सनातनी मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए स्थानीय निकाय के द्वारा समय-समय पर बढ़ाये जाने वाले टैक्स को कम करेगी वन विकास करके प्रदेश में वन का प्रतिशत 50त्न से ऊपर करना वचनबद्ध है. किसानों को फसल का मूल्य 3500 रु. प्रति क्विंटल दी जायेगी बुजुर्ग, विधवा, पेंशन प्रतिमाह 6000 रू. देगी। हर विधानसभा में आई.टी.आई. सेंटर खोला जायेगा महिलाओं को घर बैठे हुए काम दिलाकर प्रतिमाह 5000 रूपये तक की आमदनी करायेगी छत्तीसगढ़ शिवसेना इन सभी जनकल्याणकारी व विकास कार्य, छत्तीसगढ़ के जनता की सेवा करने के लिए इन सभी योजनाओं को लागू करने के लिए वचनबद्ध है। मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मधुकर पांडे प्रदेश महासचिव रेशम लाल जांगड़े संतोष शुक्ला कृष्ण यादव हिमांशु शर्मा राकेश वैष्णव जिला अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद जिला महासचिव कृष्ण यादव जिला उपाध्यक्ष हीरामणी यदु जिला प्रभारी साईं प्रजापति ब्लॉक अध्यक्ष एवं टंडन दिलीप चतुरे सुरेंद्र यदु इस कार्यक्रम में सैकड़ो शिवसैनिक शामिल हुए।

# रोहिना में शाखा सभा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज शाखा सभा रोहिना में शाखा सभापति वृंदावन साहू की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। शाखा सभा पदाधिकारी, ग्राम प्रतिनिधियों एवं सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में सामाजिक नियमावली का पूर्ण रूपेण पालन करने का फैसला लिया गया। बगईजोर में 24 सितंबर को आयोजित नवाखाई मिलन समारोह, रामचंडी दिवस, नवरात्रि, ज्योत एवं सदस्यता शुल्क के बारे में चर्चा की गई। रोहिना साखा सभा के अंतर्गत आने वाले सागरपाली, रोहिना, साजापाली, बरभांठा, जम्हारी गांव के सामाजिक बंधुओं का एक सामाजिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में सचिव नरहरि साहू, कोषाध्यक्ष नेपाल साहू, सह सचिव आनंद प्रधान, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय साहू, ग्राम प्रतिनिधि बसंत नायक, दिवाकर साहू, आनंद साहू, अर्जुन प्रधान, रूपानंद साहू, दुर्योधन बेहेरा, विजय प्रधान, हीरालाल साहू, कमलेश साहू आदि उपस्थित थे।

# बरसते बारिश में भीगते हुए विधायक ने की प्रगति यात्रा, करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com





भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। बारी-बारी से पैदल-पैदल भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। जिसमें उनके साथ सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं।

इसी कड़ी में 22 सितंबर को सुबह विधायक देवेंद्र यादव ने बरसते बारिश में भीगते हुए पैदल पैदल प्रगति यात्रा निकाली। इस यात्रा के दौरान पूरे समय बिना छाता के चलते रहे और बारिश में भीगते भीगते ही यात्रा को पूरा किया। लोगों से मिले और उनका हालचाल जाना। इस दौरान लोगों की समस्याओं को सूना उनका निदान किया और लोगों को लाखों के विकास कार्य की सौगात भी दी। सुबह प्रगति यात्रा खुर्सीपा सुभाष नगर वार्ड 49 में निकाली गई। विधायक को देख कर सैकड़ों की संख्या में लोग उनके साथ जुड़ते गए और उनके साथ चलते गए। लोग भी कोई छाता लेकर तो कोई बारिश में विधायक के साथ भीगते हुए यात्रा में शामिल हुए। देखते ही देखते यात्रा में भीड़ बढ़ती गई है और पूरे सुभाष नगर की जनता विधायक के साथ ही चलने लगे। इस दौरान वार्ड के नागरिकों और महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत भी किए। किसी ने तिलक लगाकर स्वागत किया तो किसी ने पुष्प माला पहनाएं। अपने घर में विधायक को देख कर लोग काफी खुश हुए। इस दौरान विधायक यादव ने बड़े बुजुर्गों और माताओं का चरण छू कर प्रणाम किए और आशीर्वाद लिए। इस पूरे यात्रा के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों के साथ बैठक चाय भी पीए और शहर के विकास को लेकर चर्चा भी किए।

**विघन्हर्ता को प्रमाण कर भिलाईवासियों की खुशहाली की मनोकामना की**

भिलाई नगर विधायक प्रगति यात्रा के दौरान वार्ड में विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित गणेश पंडालों में पहुंचे। वहां गणेश जी की पूर्जा अर्चना की। उन्हें प्रणाम किए और भिलाई की जनता की खुश-शांति, समृद्धि की खुशहाली की मनोकामनाएं की।

**वाटर एटीएम का लोकार्पण**

विधायक देवेंद्र यादव ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किए। 3 लाख की लागत से वार्ड 49 में फैंडस क्लब के समीप वाटर एटीएम लगाया गया है। जिसका लोकार्पण किया गया। इसके अलावा 30 लाख की लागत से सुभाष चौक से होते हुए आंतरिक सड़कों डामरीकरण किया जाएगा। 4 लाख की लागत से गुजराती मंच के सामने ट्यूब्लर पोल गाया जाएगा। साढ़े 4 लाख की लागत से सड़क 3 में बोर खनन सह पाइपलाइन विस्तारीकरण किया जाएगा। 7 लाख से सड़क 5 एवं अन्य सड़कों में बोर खनन कर पाइप लाइन, 8 लाख की लागत से गणेश मंच निर्माण, 5 लाख की लागत से मछली मार्केट के प्रकाश व्यवस्था, 2 लाख से त्रिकोणी गार्डन का संधारण किया जाएगा।

**वार्ड 56 में होगा विकास कार्य**

10 लाख की लागत से वार्ड 56 दुर्गा मंच के समीप डोमशेड, 5 लाख की लागत से भिलाई स्कूल ग्राउंड मैदान में ओपन जिम एवं 15बी के समीप बैडमिंटन कोर्ट, 10 लाख की लागत से सेक्टर 2 सड़क 15 में डोमशेड,8 लाख से सेक्टर 2 ए मार्केट के समीप गुरू घासीदास उद्यान का सौंदर्यीकरण, 10 लाख से सेक्टर 2 सड़क एवेन्यु सी में नाली पुलिया निर्माण, 10 लाख की लागत से अयप्पा मंदिर के समीप शेड निर्माण भूमिपूजन किया जाएगा।

**वार्ड 55 में यह होंगे विकास कार्य**

विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 55 के लोगों को भी केई विकास कार्यों की सौगात दी है। 5 लाख की लागत से वार्ड 55 में सेक्टर 2 में सड़क 2 में मंच एवं शेड निर्माण, 3 लाख की लागत से सेक्टर 2 सड़क 2 में गणेश मंच एवं शेड निर्माण, 8 लाख की लागत से सड़क 3 गार्डन सौंदर्यीकरण, 3 लाख की लागत से क्वार्टन 1 सी के सामने मिनी गार्डन विकास कार्य जिम सामग्री, 3 लाख से सड़क 3 में मिनी बैडमिंटनकोर्ट निर्माण, 10 लाख से विवेकानंद स्कूल के सामने सड़क 9 से 14 तक नाली पुलिया निर्माण, 10 लाख से एवेन्यु सी में बैडमिंटन कोर्ट और 3 लाख से सामुदायिक मंच निर्माण किया जाएगा।

**मंदिन भवन, शिव मंदिर में भूमिपूजन**

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 48 में भी प्रगति यात्रा की। विधायक देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों को बैडमिंटन कोर्ट की सौगात दिए और जनता के साथ नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण किए। जीई रोड के पास श्री मंदिर में विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। पंप हाउस मैदान में मंदिर भवन, क्रांति मार्केट शिव मंदिर भूमिपूजन, लोधी मोहल्ला गणेश मंच का लोकार्पण किया गया। शिव शक्ति धाम में बोर खन्न का भी भूमिपूजन किया गया। इसके बाद दुर्गा मंदिर के सामने गणेश मंच, नाली एवं पुलिया निर्माण, पंप हाउस, पीडीएस भवन के पीछे सीमेंटीकरण का भूमिपूजन किया गया।

# बिजली विभाग की उदासीनता का खामियाजा भुगतने मजबूर



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली जिले के मोहतरा कुर्मी गांव के ग्रामीण पिछले काफी समय से बिजली विभाग की उदासीनता का खामियाजा भुगतने मजबूर थे। ग्रामीणो द्वारा खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत पर कोई कार्यवाही नही देखी जा रही थी, जिसको लेकर ग्रामीणों ने अपनी समस्या के बारे में जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्रकार को अवगत कराया। जिसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष की श्रीमति चंद्रकार के द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर विभागिय अधिकारियों को ग्रामीणो की समस्याओं के बारे में अवगत कराने के उपरांत विभागिय अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मोहरा कुर्मी गांव में तत्काल ट्रांसफार्मर लगवाया गया। ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्रकार का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

# अच्छा भाषण देने के लिए आत्मविश्वास जरूरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक मंच पर अच्छा भाषण देने के लिए शब्दों के चयन के साथ-साथ आत्मविश्वास का होना भी जरूरी है। विद्यार्थियों को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अच्छा कैरियर बनाने के लिए इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग के गुर भी सीखने आवश्यक हैं। यह बातें मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के स्कूल ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग में इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों ने कहीं।

मैट्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग विभाग की विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विषय विशेषज्ञ जेसीआई के अंकित लूनिया और लक्ष्य पारक थे। पारक एवं लूनिया ने इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग के माध्यम से ऑडियंस को शब्दों के माध्यम से आकर्षित करने, दर्शकों का ध्यान भटकाए बिना विचारों को रोचक तरीके से व्यक्त करने के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि अच्छी बातचीत के सर्वोत्तम गुणों में प्रत्यक्षता, सहजता, मुखरता और चेहरे की अभिव्यक्ति शामिल है। अच्छा वक्ता बनने के लिए ऐसी बातें करनी चाहिए जो वास्तविकता से जोड़ती हो। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने के गुर भी सिखाए। अंकित लूनिया ने कहा कि अनेक अवसरों पर लोग या बच्चे घर में खूब बोलते हैं, लेकिन जब किसी मंच पर बोलने का अवसर आता है तो वे नर्वस हो जाते हैं। यह स्थिति आत्मविश्वास की कमी के कारण बनती है। उन्होंने कहा यदि अपनी पब्लिक स्पीकिंग स्किल्स को मजबूत करना है तो आत्मविश्वास को बढ़ाना होगा। आत्मविश्वास बढ़ाने के के लिए हमें महान वक्ताओं को सुनने, अपनी बॉडी लैंग्वेज पर फोकस करने, बोलने का अभ्यास और सांस नियंत्रित रखने, टॉकिंग पॉइंट्स तैयार करने, अपने दर्शकों/श्रोताओं को पहचानने, मंच पर बोलने का अभ्यास करने, अपना भाषण रिकॉर्ड कर सुनने और मित्रों से प्रतिक्रिया लेने के टिप्स दिये। उन्होंने भीड़ को अपने बातों से सम्मोहित करने की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. के.पी. यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, उपकलुपति डॉ. दीपिका ढांड, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा, डीन एकेडमिक डॉ. विजय भूषण नाग सहित मैट्स यूनिवर्सिटी के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# मैदान में उतरे महापौर एवं आयुक्त, जल भराव इलाको में जल जमाव की समस्या का लिया जायजा

### महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों के साथ विभिन्न जलजमाव वाले क्षेत्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में बीते रात से लेकर सुबह तक घंटों लगातार हो रही बारिश के कारण कुछ इलाके जलमग्न हो गए,ऐसे में महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ इलाको में जल-जमाव की समस्या का जायजा लेने पहुँचे। शहर में लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण कुछ जगहों में जल जमाव की शिकायत देखी गई। रात से सुबह तक भारी बारिश के कारण पैदा हुई समस्या की जांच के लिए महापौर बाकलीवाल व आयुक्त चन्द्राकर शहर निरीक्षण के लिए निकल पड़े। जहाँ जहाँ जल भराव की समस्या है का जायजा लेने जगहों में पहुच रहे है। शहर में भारी वर्षा के कारण हुई जल भराव से जुड़ी समस्याओ को दृष्टिगत रखते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं निगम के अधिकारी निरीक्षण कर जन समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे है। महापौर व आयुक्त अधिकारियों के साथ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने केलाबाड़ी रानी लक्ष्मी बाई चौक का नाला में फसे कचरे को निकलवाया गया। इसके बाद शंकर नगर के पहले अपोलो फार्मेसी के सामने नाला के आस पास पानी बहाव के लिए रास्ता क्लियर करने की बात कही।उन्होंने शंकर नगर दुर्गावती चौक के नाला का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।वार्ड क्रमांक 15 पार्षद उषा ठाकुर के घर के पास बारिश के कारण कच्चा मकान गिर गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पीड़ित घरवालों से मुलाकात कर उनकी समस्या से रूबरू हुए और मौजूद अधिकारी को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।ताकि पीड़ित परिवार को परेशानियों का सामना न करना पड़े। हेरिटेज स्कूल के सामने नाला एवम शक्ति नगर वार्ड में पानी की निकासी की स्थिति देखे।निरीक्षण के दौरान जल जमाव की समस्या को देखते हुए निगम के कर्मचारियो को युद्ध स्तर पर काम करने को कहा।

# खुद के किए पापों पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले नेता हैं अरुण वोरा : जितेन्द्र वर्मा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



महज चंद घंटों की बारिश में दुर्ग शहर की निचली बस्तियों और कॉलोनियों में जल भराव की स्थिति के बाद दुर्ग शहर में अरुण वोरा के घूमने पर कटाक्ष करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि अरुण वोरा खुद के किए पापों पर घड़ियाली आंसू बहाने निकले हैं। जल भराव से पीड़ित शहर की जनता की समस्याओं और परेशानियों के प्रति अरुण वोरा संवेदनशील होते तो शहर की आज ऐसी दुर्गति नहीं होती। दुर्ग शहर की जनता को परेशानी में डालने वाले स्वयं अरुण वोरा है जिन्होंने नगर निगम में कठपुतली महापौर को बैठाकर नगर निगम की कमान अपने हाथ में रखी और नगर निगम के माध्यम से बेतहाशा भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी करके दुर्ग शहर का बंटाधार किया। अरुण वोरा जैसे फोटोबाज और छपासी जनप्रतिनिधि जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करते हैं, पहले जनता को परेशानी में डालते हैं और बाद में घड़ियाली आंसू बहाने के लिए निकल पड़ते हैं। ऐसे फोटोबाज जनप्रतिनिधि के कारण ही दुर्ग शहर की जनता को ना तो अच्छी सड़कें मुहैया हो पा रही है, ना ही ऐसी नालियां मिल पा रही है जिससे पानी की निकासी हो, उल्टे चंद घंटे की बारिश में निचली बस्तियों और कॉलोनियों में तीन-तीन फीट पानी भर रहा है। अरुण वोरा के विधायक होने का खामियाजा आज दुर्ग शहर की जनता भुगत रही है। अरुण वोरा जैसे नौटंकीबाज नेता को दुर्ग शहर की जनता अच्छे से पहचान चुकी है, जो पौने दस साल तक केवल फोटोबाजी और छपासी में लगे रहे, मुख्यमंत्री के पास जाकर शिकायत करते रहे कि दुर्ग के कलेक्टर मेरी बात नहीं सुनते और अब शहर के अंदर बाढ़ की स्थिति बनने के बाद अधिकारियों को निर्देश देने का नाटक कर रहे हैं, जो अधिकारी पौने 10 साल तक अरुण वोरा की बात नहीं सुनते थे, वो क्या अब चला चली की बेला में उनका निर्देश मानेंगे? अरुण वोरा दुर्ग की जनता को नासमझ ना समझे, दुर्ग की जनता के सामने उनकी कलई खुल चुकी है, दुर्ग की जनता के लिए वो अभिशाप बन चुके हैं, जनता अरुण वोरा से मुक्ति पाने के लिए पूरी तरह तत्पर है। अकर्मण्य, निष्क्रिय और फोटोबाज अरुण वोरा की विदाई अब तय है।

# बिर्रा पुलिस द्वारा जन जागरूता अभियान चलाकर स्कूलों में जाकर अभिव्यक्ति एप्स की दी जा रही है जानकारी

- **लोगो को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में दी जा रही है जानकारी**
- **घरेलु हिंसा, बाल विवाह, हमर बेटी हमर मान, जुआ, नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में दी गई जानकारी**



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय पर बढ़ते अपराध को दृष्टिगत रखते हुयें जिला पुलिस द्वारा उचित बचाव के लिए लगातार स्कूल एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगो को जागरूक करते हुयें जानकारी दी जा रही है इसी क्रम में थाना बिर्रा पुलिस द्वारा दिनांक 22 सितंबर को थाना बिर्रा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर उपस्थित शिक्षकों / छात्र / छात्राओं को सायबर सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग तथा घरेलु हिंसा, बाल विवाह, हमर बेटी हमर मान एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जार अभिव्यक्ति एप्प डाउन लोड कराया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम का सफल संचालन संगम राम प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, कृष्ण पाल सिंह कंवर उपनिरी थाना प्रभारी बिर्रा एवं थाना बिर्रा स्टाफ का सराहनिय योगदान रहा।कहा राजीव गाँधी की महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण की परिकल्पना होगी पूरी।

# भारी बारिश में दो दिवसीय शिविर को मिला भरपूर प्रतिसाद




पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिका निगम के सीमा क्षेत्र अंतर्गत,निगम प्रशासन द्वारा ठाकरे भवन आदित्य नगर में स्वास्थ्य शिविर का द्वितीय दिन शिविर में कुल 267 स्वच्छता दीदियों तथा सफाई मित्र का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रक्तचाप 55 लोगों की जांच किया गया 32 लोगों ने अपना शुगर जांच के अलावा 13 सफाई कर्मियों ने अपना थायराइड तथा हीमोग्लोबिन की जांच भी कराया, शिविर में शहरी आजीविका मिशन के सामुदायिक संगठक अनु कसार, उषा साहू, रूपा बिजोरिया के द्वारा स्वनिधि योजना व्यक्तिगत ऋण समूह ऋृण तथा समूह निर्माण के लिए उपस्थित कर्मियों को विस्तार पूर्वक जानकारी मुहिम कराई गई। शिविर में वार्ड पार्षद अमित देवांगन का विशेष सहयोग रहा। आयुष्मान कार्ड योजना के 29 लाभार्थी उपस्थित हुए, बीमा योजना के तहत 26 व्यक्ति लाभ लेना चाहते है, 10 महिलाओं को टिटनेस इंद्रधनुष योजना के अंतर्गत इंजेक्शन लगाया गया। आज के शिविर में 35 सफाई कर्मियों को हेल्थ कार्ड जारी किया गया जिसमें वह अपने स्वास्थ्य की जानकारी व्यवस्थित ढंग से रख पाएंगे। 53 कर्मियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर आवास एवं आस योजना की जानकारी प्राप्त की। शिविर में ए.पी.एम.कुलेश्वर चंद्राकर, मनीष यादव, राहुल मुराने, तोसन पांडे, डॉ.संदीप सोनी, दिव्या साहू, सरिता साहू, कुलेश्वर बंधे, ज्योति, भावना, लक्ष्मी के अलावा आशुतोष ताम्रकार एवं आदि उपस्थित थे।

**जिले के रीपा में उत्पादित विभिन्न उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी अलग पहचान बना रहे**

# ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त बना रहा है रीपा योजना, अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स सम्मेलन में अमिट छाप जशपुर का

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिले में स्व सहायता समूहों के द्वारा आजीविका के विभिन्न माध्यमों से जुड़कर रीपा अंतर्गत् अनेक गतिविधियॉ की जा रही है।

जिले के रीपा फरसाकानी और विभिन्न अन्य रीपा समूहों के स्व सहायता समूह और जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्य, वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। पोषण और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए मिलेट्स पर 21 से 23 सितंबर 2023 तक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान सोनीपत हरियाणा कुंडली में आयोजित किया गया।

वे रीपा जशपुर और पूरे जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। तकनीकी सहायता एजेंसी वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यह प्रतिनिधिमंडल वैश्विक मंच पर अमिट छाप छोड़ रहा है। तीन दिनों तक चलने वाला यह सम्मेलन महीनों की सावधानी पूर्वक योजना और समन्वय का परिणाम है।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने समूह के सदस्यों और रीपा जशपुर से जुड़े अन्य उद्यमियों के लिए एक एक्सपोजर विजिट और व्यापक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका प्राथमिक उद्देश्य दुनिया को जशपुर जिले से उत्पन्न बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रदर्शन करना था।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में स्व सहायता समूह से अल्पना केरकेट्टा, सीमा बाई और अर्चना, जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के अनेश्वरी भगत और वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के कुशल यादव, केतन वारिकू शामिल हैं। स्व सहायता समूह और निर्माता कंपनी समुदायों में निहित समर्पण और कौशल के चमकदार उदाहरण के रूप में खड़े हैं। उनका प्रतिनिधित्व ग्रामीण उद्यमिता में जमीनी स्तर की पहल की क्षमता और कौशल का उदाहरण देता है।

सम्मेलन के पहले दिन जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, क्योंकि स्व सहायता समूह, रीपा उद्यमियों और निर्माता कंपनी के सदस्यों ने उद्योग के दिग्गजों, निफ्टम और अन्य अग्रणी खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रतिष्ठित खाद्य वैज्ञानिकों के साथ सार्थक बातचीत की। विचारों और अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान क्षेत्र में आगे के नवाचार और विकास के लिए उत्प्रेरक बनने का वादा किया गया।

# श्री सर्वेश्वरी समूह स्थापना दिवस, अघोराचार्य महाराज बाबा कीनाराम का लोलार्क षष्ठी पर्व एवं अघोरेश्वर जयन्ती पर्व सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया एवं ब्रह्मनिष्ठालय सोगडा आश्रम में सर्वेश्वरी समूह स्थापना दिवस, महाराज बाबा कीनाराम का लोलार्क षष्ठी पर्व एवं परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम का जयन्ती पर्व 21 एवं 22 सितम्बर को धूमधाम से मनाया गया। 21 सितम्बर को सर्वेश्वरी समूह का 63वाँ स्थापना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी प्रभातफेरी का आयोजन किया गया था। प्रभातफेरी हेतु अघोरेश्वर महाप्रभु का तैल चित्र फूल-मालाओं से सुसज्जित वाहन पर स्थापित किया गया था। प्रातः 05:45 बजे प्रभातफेरी अघोर पीठ, गम्हरिया आश्रम से अनेकों वाहनों के साथ भजन-कीर्तन के साथ शहर की ओर प्रस्थान की। पैलेस रोड होते हुये प्रभातफेरी सर्वप्रथम सतीचौरा उद्यान पहुँची वहाँ पर परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु द्वारा स्थापित त्रिशूल एवं सतीचौरा के पूजन के उपरान्त सर्वेश्वरी धवजोतोलन, पूजन आरती सम्पन्न किया गया। तत्पश्चात् प्रभातफेरी सोगडा आश्रम की ओर प्रस्थान की, वहाँ पर भी ध्वजोतोलन, पूजन आरती एवं सफलयोनि सद्ग्रन्थ पाठ के उपरान्त प्रभातफेरी गम्हरिया स्थित अघोर टेकरी पहुँची, वहाँ पर भी सर्वेश्वरी ध्वज फहराया गया। अंत में प्रभातफेरी गम्हरिया आश्रम पहुँची जहाँ ध्वजोतोलन के पश्चात् पूजन आरती सम्पन्न हुई। 20 सितम्बर को सतीचौरा उद्यान में जशपुर वासियों द्वारा लाईट झालर से सजावट की गयी तथा दीप प्रज्वलित किया गया। इस वर्ष 21 सितम्बर को ही अघोराचार्य महाराज बाबा कीनाराम का लोलार्क षष्ठी पर्व भी था। इस अवसर पर सर्वेश्वरी ध्वजोतोलन पश्चात् महाराज के विग्रह पर पूजन-आरती सम्पन्न किया गया। तत्पश्चात् सफलयोनि सदग्रन्थ का पाठ बृजनाथ सिंह द्वारा किया गया। इसके उपरान्त लघु गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में सर्वप्रथम संतोष मिश्र द्वारा मंगलाचरण के पश्चात् गंगा प्रसाद सिंह, व्याख्याता अंग्रेजी एवं डॉ. आर.के. सिंह वरिष्ठ सर्जन, जशपुर द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। तत्पश्चात् सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु का रिकार्डेड आशीर्वचन सुनाया गया। अन्त में समीर कुमार द्वारा सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। गोष्ठी का संचालन विद्यासागर उपाध्याय द्वारा किया गया।

21 सितम्बर को ही सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत लगभग 53 पूजा स्थलों, मंदिरों, गिरिजा घरों एवं मस्जिद - मजारों में झाडू वितरित किये गये । 22 सितम्बर को प्रातः अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर पूजन-आरती एवं हवन तथा प्रसाद वितरण के साथ अघोरेश्वर जयन्ती पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## अमेरिका से दोस्ती बाइडेन की भूमिका

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत से दोस्ती मजबूत करने के सभी प्रयास किए हैं। वे आगामी गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि हो सकते हैं। पिछले महीने नई दिल्ली में जी20 सम्मेलन में कुछ बेचैनी इस बात को लेकर थी कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसमें भाग न लेने की घोषणा की थी। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विभिन्न मंचों से इसकी सफलता की प्रशंसा की है। इस प्रकार उन्होंने भारतीय राजनयिक दृष्टिकोण को रेखांकित किया है जो सभी देशों को बिना किसी द्वेष के एकसाथ लेकर चलना चाहता है। बाइडेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से उम्मीद करते हुए जोर दिया है कि जी20 वैश्विक चुनौतियों का सामना करने वाली संचालक शक्ति बना हुआ है। उन्होंने कहा, ऐसे समय जब विश्व अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, अस्थिरता व टकराव के कारण झटके झेल रही है, इस वर्ष के शिखर सम्मेलन ने दिखा दिया है कि जी20 अधिकांश महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान खोज सकता है। पिछले शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कारीडोर का महत्व रेखांकित करते हुए पुनः दुहराया कि उनका देश टिकाऊ व गतिशील ढांचागत संरचना बनाने में साथियों से सहयोग का वादा पूरा करेगा। वैश्विक ढांचागत निवेश साझीदारी-पीजीआईआई तथा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारीडोर कार्यक्रम में बोलते हुए बाइडेन ने कहा कि जी20 सम्मेलन का ध्यान मजबूत ढांचागत संरचना तथा गुणवत्तापूर्ण ढांचागत निवेश को प्रोत्साहित करना था। इससे सबको अवसर, गरिमा व समृद्धि के साथ बेहतर भविष्य के मौके मिलेंगे। एकता प्रदर्शित करते हुए अमेरिका, भारत, ब्राजील व दक्षिण अफ्रीका के नेताओं ने जी20 तथा वैश्विक समस्याओं के समाधान निकालने के प्रति साझा प्रतिबद्धता प्रकट की। नई दिल्ली में जी20 'लीडर्स समिट' के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों तथा जीवन्त वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखलायें बनाने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की थी। जो बाइडेन ने संरा. सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट के लिए भारत की लंबे समय से चली आ रही मांग का समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने 2028-29 में गैर-स्थाई सदस्य के रूप में भारत के एक और कार्यकाल का भी समर्थन किया।

इन मैत्रीपूर्ण संबंधों को नजदीकी व गरमाहट से भरा बनाए रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले साल की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले सकते हैं। यह घटनाक्रम मुख्यतः दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती का प्रत्यक्ष परिणाम है। जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के समय रक्षा सहयोग को काफी बढ़ावा मिला। जनरल एलेक्ट्रिक व हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के बीच भारत में जीई एफ-414 जेट इंजन बनाने पर मेमोरैंडम आफ अंडरस्टैंडिंग-एमओयू वास्तव में मील का पत्थर है। इस सहयोग से भारत को महत्वपूर्ण तकनीक का हस्तांतरण होगा जिससे रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। जी20 सम्मेलन पहली बार भारत में हुआ। अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने समावेशी विकास, डिजिटल खोज, जलवायु स्थिरीकरण तथा समतापूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य पहुंच जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया। जी20 देश दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत से अधिक विश्व व्यापार तथा दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। नवंबर में भारत के बाद ब्राजील अब जी20 की अध्यक्षता करेगा।

# जी-20 में जलवायु परिवर्तन मुद्दा

### जी20 सम्मेलन की दिल्ली घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए समावेशी व समतापूर्ण दृष्टिकोण रखा गया है जिसमें स्थानीय परिस्थितियों पर भी ध्यान दिया गया है।



**स्मिता अग्रवाल**
(लेखिका, दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)




भारत की अध्यक्षता में हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित जी20 के शिखर सम्मेलन में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नारा रखा गया। इसके साथ ही 'एक धरती, एक परिवार' की भावना ने सारी दुनिया के लिए समावेशन व समता की भावना भी प्रदर्शित की गई। 9 सितंबर, 2023 को शुरू हुए शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली के नेताओं ने एक घोषणापत्र तैयार किया। सम्मेलन में उपस्थित सभी देशों की सहमति से 'दिल्ली घोषणा' नामक इस घोषणापत्र को स्वीकार किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में पैदा विश्वास के संकट को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में विश्वास का यह संकट दूर करने की आवश्यकता है क्योंकि पूरी दुनिया इस समय मानव-निर्मित व प्राकृतिक आपदाओं का संकट झेल रही है। यह संकट दुनिया के अनेक भागों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देशन में तैयार दिल्ली घोषणा में समावेशन के मूलभूत आयाम पर जोर दिया गया है। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि समावेशन की यह अवधारणा भारतीय सभ्यता का अंतर्निहित मूल्य है।

उन्होंने कहा कि इस भारतीय सभ्यतामूलक मूल्य के आधार पर हम दुनिया भर में विभिन्न देशों तथा संगठनों व व्यक्तियों के बीच पैदा विश्वास के इस संकट का समाधान करते हुए वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिए सहमति तैयार कर सकते हैं, फिर चाहे ये समस्यायें मनुष्यों के व्यवहार से पैदा हुई हों अथवा जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण के कारण पैदा होने वाली प्राकृतिक आपदायें हों। जी20 के नई दिल्ली सम्मेलन में सभी देशों द्वारा स्वीकृत घोषणा में इन आयामों को रेखांकित किया गया है।

वर्तमान समय में दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध की जटिल पहेली सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। इसके कारण न केवल रूस और यूक्रेन, बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों के बीच तनाव व आक्रामक व्यवहार के कारण तृतीय विश्व युद्ध का खतरा पैदा होने तक की बातें कही जाने लगी हैं। ऐसे समय में संपूर्ण मानवजाति को किसी भावी युद्ध की विभीषिका से बचाने तथा उसका अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए यह 'विश्वास का संकट' दूर करना जरूरी हो गया है। इस दिशा में भारत द्वारा एक समग्र व समावेशी घोषणा तैयार करने के साथ ही अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थाई सदस्य बनाने का प्रस्ताव किया जो 55 अफ्रीकी देशों का प्रतिनिधित्व करता है। यह जी20 के इतिहास में एक अत्यधिक उल्लेखनीय कदम है। अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल करने से इस संगठन की यह छवि टूटती है कि यह केवल दुनिया के अमीर देशों का प्रतिनिधित्व करता है।

इस प्रकार अफ्रीकी संघ को शामिल करना समावेशन तथा समता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे 'वैश्विक उत्तर' व 'वैश्विक दक्षिण' का विभाजन काफी सीमा तक समाप्त हुआ है और यह मंच अब जी21 बन गया है। इसके साथ ही अफ्रीकी संघ को शामिल करने से एक क्षेत्रीय मंच द्वारा बहुपक्षीय संगठन में सहयोग का नया अध्याय खुला है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य विश्वास का वह संकट दूर करना है जो अनेक देशों के संकुचित राष्ट्रवाद के कारण खासकर अफ्रीका में नस्ली टकराव का कारण बना था। नई दिल्ली में नेताओं द्वारा तैयार घोषणा में दुनिया के सभी लोगों के लिए मजबूत, टिकाऊ, संतुलित व समावेशी विकास गा आधार तैयार किया गया है। 'दिल्ली घोषणा' में स्पष्ट रूप से दुनिया के सभी देशों द्वारा एकजुट होकर टिकाऊ विकास लक्ष्यों के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रकट की गई है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ ने दुनिया की समस्त मानवता की समग्र प्रगति के लिए टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी का निर्धारण किया है तथा वह इनको समयबद्ध रूप से पूरा करने की प्रेरणा दे रहा है। दिल्ली घोषणा में इस आयाम पर जोर देने से 'उत्तर-दक्षिण विभाजन' से अलग हट कर अब पूरी दुनिया की सहभागी प्रतिबद्धता पर जोर दिया जा रहा है। सारी दुनिया को प्रताड़ित करने वाली असमानता, भूख, स्वास्थ्य संकट, आदि विभीषिकाओं का मुकाबला करने के लिए सांस्कृतिक मूल्यों को महत्व देने की बात की गई है। घोषणा में शामिल वित्तीय समावेशन की अवधारणा ने दुनिया भर में व्याप्त आर्थिक असमानता दूर करने की मांग की है। इससे यह महत्वपूर्ण तथ्य भी रेखांकित होता है कि टिकाऊ विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में धीमी प्रगति का प्रमुख कारण आर्थिक असमानता है।

नई दिल्ली में भारत के नेताओं द्वारा तैयार घोषणा में जेंडर समानता लाने तथा दुनिया भर में जेंडर विभाजन समाप्त करने पर जोर दिया गया है। इसमें उन क्षेत्रों पर खास जोर दिया गया है जहां महिलायें या तो 'अदृश्य' हैं या पूरी तरह गायब हैं। दिल्ली घोषणा में खासकर पुरुषों व महिलाओं के बीच 'डिजिटल विभाजन' समाप्त करने पर जोर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ की एजेंसी 'इंटरनेशनल टेलीकम्युनीकेशन यूनियन' द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं और पुरुषों के बीच भारी डिजिटल विभाजन है जिसके कारण महिलाओं के वित्तीय समावेशन तथा प्रगति में बाधा आ रही है। इसके साथ ही घोषणा में जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों पर जोर दिया गया है जिसके कारण महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण आवश्यकताओं पर व्यापक हानिकारक प्रभाव पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण बरसात तथा फसल चक्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे खाद्यान्नों का उत्पादन घटा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य शोधकर्ताओं की रिपोर्टों के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन घटने के कारण इनकी कीमतें बढ़ रही हैं।

इससे पैदा होने वाला खाद्यान्न संकट पुरुषों की तुलना में महिलाओं को ज्यादा प्रभावित करता है। इस प्रकार इस खतरनाक स्थिति को रेखांकित कर 'दिल्ली घोषणा' ने एक बार फिर नीतिगत हस्तक्षेपों व समावेशन को केन्द्रीय मंच पर ला दिया है। इस घोषणा में एक बहुपक्षीय संस्थान बनाने की पैरवी की गई है जिसे 'ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस' का नाम दिया गया है। यह गठबंधन सभी देशों के लिए खुला है। इसका उद्देश्य फासिल ईंधनों पर निर्भरता का मुकाबला करने के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण अपनाना है। इससे उस हानिकारक उत्सर्जन में कमी आएगी जो मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन का जिम्मेदार है।

इस एलायंस में शामिल होने वाले जी20 व अन्य देशों से उन विकासशील देशों की हिचक दूर हो सकती है जो उत्सर्जन में लक्षित कटौतियों का विरोध करते रहे हैं, जबकि जलवायु परिवर्तन सभी विभिन्न घोषणाओं तथा विभिन्न अन्य दस्तावेजों में इनको जरूरी बताया गया है। इसके साथ ही इसमें वह रणनीति, योजना व सहयोग रेखांकित किया गया है जिसके आधार पर बायोईंधनों के उत्पादन से पूरी मानवजाति को लाभ हो सकता है। इस प्रकार जी20 के दिल्ली सम्मेलन द्वारा स्वीकार 'दिल्ली घोषणा' ने जलवायु संकट से निपटने के अनेक नए आयाम खोले हैं। इस घोषणा में सभी देशों का आह्वान किया गया है कि वे विकासशील देशों की सहायता के लिए कम खर्च वाले विकल्प तैयार करें ताकि वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर सहज परिवर्तन हो सके तथा इससे उनका विकास एजेंडा भी न प्रभावित हो। दिल्ली घोषणा में वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्राप्त करने के प्रयासों को 'तिगुना' करने का आह्वान किया गया है, हालांकि इसके लिए प्रत्येक देश की राष्ट्रीय परिस्थितियों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

इस प्रकार स्थानीय आवश्यकताओं व परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एकजुट प्रयासों के माध्यम से ऊर्जा के टिकाऊ व नवीकरणीय स्रोतों की ओर बढ़ने पर जोर दिया गया है। दिल्ली घोषणा में 5.8-5.9 ट्रिलियन डालर की आवश्यकता बताई गई है जो विकासशील देशों को 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन करने में सहायक होगा। घोषणा में इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिक, गणना योग्य व पारदर्शी वित्तीय प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। इस प्रकार 'दिल्ली घोषणा' ने उन कमियों को रेखांकित किया है जिनके चलते जलवायु परिवर्तन से निपटने में वैश्विक सहयोग में बाधा आ रही है। वर्तमान परिस्थितियों पर गौर करते हुए इस घोषणा में अपनी स्थानीय परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए सारी दुनिया के सहयोग का आह्वान किया गया है।

# भारत-कनाडा रिश्तों में कड़वाहट

"एक कड़े संदेश में, पीएम मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष को कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने के बारे में चिंताओं से अवगत कराया।"



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो पिछले कुछ हफ्तों से काफी गुस्से में हैं। वह जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पिछले सप्ताह नई दिल्ली आए थे, लेकिन घरेलू राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के बारे में उनकी टिप्पणी, कनाडा की धरती से सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादी ताकतों के बारे में वास्तविक भारतीय चिंताओं के संदर्भ में, भारत में प्रतिनिधिमंडल के लिए बेहद गर्मजोशी से स्वागत सुनिश्चित किया गया। एक कड़े संदेश में, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष को कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने के बारे में चिंताओं से अवगत कराया।

वे अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं, राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, और कनाडा में भारतीय समुदाय और उनके पूजा स्थलों को धमकी दे रहे हैं। संगठित अपराध, ड्रग सिंडिकेट और मानव तस्करी के साथ ऐसी ताकतों का गठजोड़ कनाडा के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए। ऐसे खतरों से निपटने में दोनों देशों का सहयोग करना जरूरी है। फिर, नियति का एक अदृश्य हाथ प्रबल हुआ और कनाडाई प्रधानमंत्री अपने पूरे प्रतिनिधिमंडल के साथ अपने वीवीआईपी विमान में कथित तकनीकी खराबी के कारण 36 घंटे तक नई दिल्ली में फंसे रहे।

कनाडाई पीएम ने इस हफ्ते अपने देश लौटकर भारत पर उनके देश में खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। हालांकि, श्री ट्रूडो के बयान में सावधानीपूर्वक आतंकवादी शब्द को नागरिक से बदल दिया गया। इससे भारत और कनाडा के बीच राजनयिक गतिरोध बढ़ गया। नई



दिल्ली ने जवाब दिया, इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें कनाडा में आश्रय दिया गया है और जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं। इस मामले पर कनाडाई सरकार की निष्क्रियता लंबे समय से चली आ रही है। जैसे को तैसा की कूटनीतिक कार्रवाई में, कनाडा ने पहले एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया, जबकि उसे नई दिल्ली में भी इसी तरह की जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह भारत-कनाडाई रिश्ते के लिए मंच तैयार करता है, जो पिछले कुछ समय से अपने निचले स्तर से गुजर रहा है। भारत और कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के नाम पर सक्रिय व्यापार वार्ता कर रहे थे। सीईपीए को कमजोर साझेदारियों को बहुत जरूरी आर्थिक ताकत प्रदान करनी थी, भले ही दोनों तरफ राजनीतिक चिंताएं जोरों से बढ़ रही थीं। कई सूत्रों ने बताया कि कनाडा ने कुछ महीने पहले भारत को कोई आधिकारिक सूचना दिए बिना प्रस्तावित सीईपीए वार्ता पर रोक लगा दी थी, इस बीच, नई दिल्ली के अधिकारियों ने वार्ता में रोक की पुष्टि की।

भारत कनाडा के लिए महत्वपूर्ण व्यापार साझेदारों में से एक है, हालांकि चीन की तुलना में यह एक छाया है जिसने एक बड़ा हिस्सा ले लिया है। एक महत्वपूर्ण कदम में, कनाडा और चीन ने कुछ महीने पहले एक-दूसरे की घरेलू राजनीति और नीतियों में हस्तक्षेप का हवाला देते हुए एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। कनाडा में चीन और भारत की तुलनात्मक प्रवासी आबादी है और इससे दोनों देशों पर घरेलू राजनीति को प्रभावित करने के लिए अपनी प्रवासी आबादी का उपयोग करने का आरोप लगा है।

हालांकि, कनाडा का चीन के प्रति नरम रवैया है और वह उसके मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चीन को उपदेश देने से आगे नहीं बढ़ता है। कनाडा ने पिछले साल जारी अपनी इंडो-पैसिफिक नीति में चीन को इंडो-पैसिफिक में एक प्रमुख विघटनकारी खिलाड़ी के रूप में मान्यता दी थी और इसलिए वह अपने घरेलू हितों को ध्यान में रखते हुए ड्रैगन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण की वकालत करता है। उल्लेखनीय है कि चीन की सरकारी कंपनियों की कनाडा की तीन सबसे बड़ी खनन कंपनियों में हिस्सेदारी है, जो महत्वपूर्ण धातुओं की खोज में शामिल हैं। भले ही चीन-कनाडा संबंधों में कड़वाहट है, लेकिन नई दिल्ली से हाल ही में आई ठंडक के कारण प्रधानमंत्री को अपने घरेलू निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिष्ठा बचाने के लिए एशिया में नए सहयोगियों की तलाश करनी पड़ेगी।

## आप की बात

**आप की बात**



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### महिला आरक्षण बिल

**महिला आरक्षण बिल** गत 25 वर्षों से धूल खा रहा था। लोकसभा में कई बार पेश होने के बावजूद दृढ़ता के अभाव में व आरक्षण में आरक्षण की मांग के चलते यह पास नहीं हो सका। जब बीजेपी ने इसे संकल्प पूर्वक लोकसभा में रखा तो अपेक्षा से भी अधिक भारी बहुमत से यह बिल पास हुआ। राज्यसभा में पूर्ण समर्थन और ज्यादा आश्चर्यजनक रहा। महिलाओं की भावना है कि जब आबादी का 50 प्रतितश हिस्सा महिलाओं का है तो आरक्षण में उनको आधा हिस्सा मिले। हालांकि 33 प्रतिशत आरक्षण से भी सदन में महिलाओं की संख्या वर्तमान संख्या से कई गुना ज्यादा होगी। भविष्य में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया भी जा सकता है। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद अब महिलाओं को भी कमर कस कर राजनीति के मैदान में उतरना होगा। वर्तमान माहौल में दृढ़ निश्चय और आत्मबल वाली महिलाएं ही राजनीति में अपना स्थान बना सकती हैं। अनेक महिलाओं को तो परिवार में भी दोयम दर्जे का व्यवहार झेलना पड़ता है। अब सभी दलों को पर्याप्त टिकट व संगठन में स्थान देकर महिलाओं को राजनीति में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यह उनके लिए परीक्षा और चुनौती का अवसर भी है कि वे अपने वादों पर कहां तक खरे उतरते हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### योगी आदित्यनाथ का प्रयास

**भारत** का बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश दुनिया का एक रोमांचकारी रेसिंग स्पोर्ट्स सेंटर है। मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में यहां 2011 में फॉर्मूला वन रेस का आयोजन हुआ था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करनी चाहिए जिनके नेतृत्व में यहां मोटो जीपी मोटर बाइक रेस का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता से न केवल भारत का अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में नाम रोशन होगा, बल्कि भारत को विदेशी मुद्रा भी मिलेगी। प्रदेश सरकार पर्यटन बढ़ाने के दृष्टिकोण से अनेक एडवेंचर स्पोर्ट को बढ़ावा दे रही है। मोटोरेस उसी दिशा में एक कदम है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय व्यापार उत्सव का उद्घाटन किया है। इससे उत्तर प्रदेश के हर जिले के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा तथा प्रदेश में देशी-विदेश निवेश भी आएगा। प्रदेश के पर्यटन विकास में सांस्कृतिक धरोहरों का उल्लेखनीय योगदान है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर कुछ महीने बाद सारी दुनिया के लोगों को आकर्षित करेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### कैदियों का कल्याण

**सुप्रीम कोर्ट** ने लंबे समय से जेल में बंद उन कैदियों को रिहा करने की बात कही है जो लम्बे समय तक जेल में रहकर काफी हद तक सुधर जाते हैं। ऐसा न करना उनके सामान्य एवं जीवन जीने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। लंबे समय से जेल में बंद कैदियों को समय से पहले रिहाई की राहत से वंचित करना समाज के क्षमा न करने की आदत को भी दिखाता है। इससे कैदियों को सुधरने की प्रेरणा भी नहीं मिलती है। भारत में जेल सुधार और कैदियों के कल्याण के अनेक कदम अतीत में उठाए गए हैं। यदि सुप्रीम कोर्ट जेल में लंबे समय से बंद, अपने अपराध का प्रायश्चित कर चुके तथा काफी सीमा तक सुधर चुके कैदियों की रिहाई के लिए कोई व्यापक दिशा-निर्देश देता है तो उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। दुनिया भर में कैदियों के कल्याण के अनेक उपाय किए गए हैं और भारत में भी खुली जेलों का प्रयोग हुआ है। लेकिन विडंबना है कि प्रशासनिक लापरवाही, सुस्ती या संवेदनहीनता के चलते आज भी भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या बहुत अधिक है जो अपनी गरीबी के कारण कानूनों का लाभ नहीं उठा पाते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

# क्या बीजेपी से योगेश तिवारी बनाए जाएंगे प्रत्याशी

दिनेश दुबे ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला में सबसे ज्यादा चर्चित एवं राजनीतिक हल्का में चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या इस बार बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी से योगेश तिवारी को प्रत्याशी घोषित किया जाएगा इसका कारण भी है। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र हमेशा अधिकांश समय सामान्य वर्गो के लिए के प्रत्याशी ही विजय प्राप्त करते रहे वैसे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जातियां हैं किंतु यहां के लोग कभी भी जातिवाद को बढ़ावा नहीं दिए हैं यही कारण है कि यहां कभी भी जातिवाद को लेकर राजनीति करने वाले को सफलता नहीं मिली है कुछ लोगों द्वारा समय-समय पर जरूर इसमें घी डालने का प्रयास करते हैं किंतु ऐसे लोगों को मुंह के बल गिरना पड़ा है और उसका भी परिणाम भी सामने आया है इसी के कारण यहां के जब भी विधानसभा चुनाव होता है तो विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने स्तर पर योग्य व्यक्ति को ही उम्मीदवार बनाया भले ही वह किसी भी समाज का रहा है इसके तहत पिछला वर्ग को भी यहां पर प्रत्याशी बनाया गया है और पिछड़े वर्ग के प्रत्याशी चुनाव में जीत हासिल किया है चाहे वह कांग्रेस का उम्मीदवार रहा अथवा भारतीय जनता पार्टी का रहा हो इसके अतिरिक्त बीजेपी हो या कांग्रेस समय-समय पर यहां पर सामान्य वर्ग के भी प्रत्याशी को घोषित करते रहे हैं इसका ताजा उदाहरण बीते पांच साल पहले का विधानसभा चुनाव को देखा जा सकता है जहां पर भाजपा के द्वारा जहां अवधेश चंदेल को सामान्य वर्ग से फिर प्रत्याशी बनाया गया था वही कांग्रेस के द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के आशीष छाबड़ा को बनाया गया था लेकिन इन दोनों के बीच में एक तीसरा व्यक्ति भी था जो एजेंसी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव में रहा वह योगेश तिवारी थे जिन्होंने दोनों राष्ट्रीय पार्टी के बीच में पहली बार क्षेत्रीय पार्टी से चुनाव लड़कर रह साबित कर दिया कि यदि व्यक्तित्व और व्यक्ति सही हो तो मतदाता अपना निर्णय को स्वतंत्र प्रत्याशी की भी तरफ दे सकते हैं यही कारण रहा है कि लगभग 28 से अधिक वोट लेकर उन्होंने यहां पर अपना न केवल छवि को निखारा अपितु उन्होंने योगेश तिवारी का छवि स्वतंत्र रूप से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थापित करने में सफलता हासिल किया है इस बार कांग्रेस की तरफ से यही चर्चा में है कि आशीष छाबड़ा को दुबारा प्रत्याशी घोषित करेगी लेकिन यह भी कहा जाता है कि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष एवं बेमेतरा कृषि उपज मंडी के उपाध्यक्ष कविता साहू तथा जिला पंचायत के वर्तमान सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का भी नाम वहां पर विचारणीय है और इसमें उम्मीदवार कौन होता है यह समय की गर्भ में है वहीं दूसरी तरफ भाजपा की तरफ से इस बार प्रत्याशी बनाने की तैयारी के बारे में विभिन्न तर्क वितर्क दिए जा रहे हैं लेकिन इसमें कितना सच है कोई नहीं जानते परंतु यह तय है कि यदि कांग्रेस से आशीष छाबड़ा यहां प्रत्याशी होते हैं तो मान के चलिए कि यहां पर भाजपा के द्वारा भी सामान्य वर्ग के ही प्रत्याशी को उतार सकते हैं इस संबंध में राजनीतिक गलियारे में कई तरह के तर्क एवं दावा किया जा रहा है परंतु यह भी तय है कि इस बार बीजेपी बहुत सोच समझकर प्रत्याशी घोषित करेगी इस पर यह कहा जा रहा है कि इस बार भाजपा की प्रत्याशी के रूप में योगेश तिवारी को टिकट मिल सकता है क्योंकि उन्होंने अपने दम पर ही अकेले दोनों राष्ट्रीय प्रत्याशी के बीच में तीसरा विकल्प अपने आप को साबित कर चुके हैं और हारने के बाद भी योगेश तिवारी कभी हताश उदास नहीं हुए और उन्होंने विगत 5 साल से एक जनप्रतिनिधि के रूप में न केवल सक्रिय है बल्कि समय-समय पर आम जनता को अपने स्तर पर हर संभव उन्होंने सहयोग और सहायता करते आए हैं चाहे वह करोना काल हो अथवा किसी को व्यक्तिगत मामला अथवा किसी और का मामला हो उन्होंने अपनी तरफसे कहीं भी कोताही नहीं बरती ही यही कारण है कि आज न केवल नदी के इस बार बेमेतरा क्षेत्र बल्कि नदी के दुसरे छोर पर बेरला क्षेत्र के अधिकांश गांव में उन्होंने अपनी व्यक्तिगत पैठ ज़माने सफल रहे हैं परिणाम स्वरूप इस साल के रक्षाबंधन के अवसर पर लगभग साढ़े बारह हजार महिलाओं के द्वारा उन्हें राखी बांधी गई जो अपने आप में बेमेतरा क्षेत्र के लिए एक रिकॉर्ड हो सकता है ऐसी स्थिति में यदि भाजपा के द्वारा तिवारी को प्रत्याशी बनाया जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी और यह भी कहा जाता है कि जब कोई पार्टी किसी व्यक्ति विशेष को उम्मीदवार बनाती है तो पार्टी की कब सदस्य बना देते हैं किसी को पता नहीं चल पाता बहरहाल वर्तमान में कांग्रेस की तरफ से वर्तमान विधायक आशीष छाबड़ा के अलावा किसी का नाम नहीं आ रहा है किंतु भाजपा की तरफ से विभिन्न लोगों का नाम चर्चा में है इसमें पिछड़ा वर्ग से भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा का नाम प्रमुख रूप से चर्चा में है जो वर्तमान में महासमुंद जिला का सह प्रभारी है इसके अलावा प्रहलाद रजक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, वर्तमान जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष ललित साहू, जिला पंचायत सदस्य पोषण वर्मा का नाम प्रमुख रूप से राजनीतिक हल्का में चर्चित है। वहीं सामान्य वर्ग से जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा का चर्चा में है।

# कबीरधाम जिले के 73 गांव के 33 हजार 794 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को मिल रहा पौष्टिक चना का लाभ

## केबिनेट मंत्री अकबर ने13 अतिरिक्त गांवों में चना वितरण का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार की स्वादिष्ट चना वितरण योजना के माध्यम से प्रदेश के अनुसूचित एवं माडा क्षेत्रों में कुपोषण से मुक्ति के लिए स्वादिष्ट चना का वितरण किया जा रहा है। इससे कबीरधाम जिले के बैगा माडा क्षेत्र के ग्रामवासी लाभान्वित हो रहे है और प्रतिमाह चना का वितरण किया जा रहा है। इस योजना से जिले के 73 ग्राम पंचायत के 33 हजार 794 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बोड़ला के सामुदायिक भवन में बैगा माड़ा क्षेत्र 13 अतिरिक्त गांव के ग्रामवासियों को चना वितरण का शुभारंभ किया। इसमें शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 5 हजार 504 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को चना का वितरण किया। इसके पूर्व जिले के बैगा माडा क्षेत्र के 60 ग्राम पंचायत के 28 हजार 290 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को चना वितरण किया जा रहा है। शेष 13 बैगा माड़ा क्षेत्र के छूटे हुए हितग्राहियों को कैबिनेट मंत्री अकबर के प्रयासों से सितम्बर माह से राशनकार्डधारी के हितग्राही को 05 रूपए की दर से 02 किलो चना वितरण किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री अकबर ने नगर पंचायत बोड़ला में 15 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड भी वितरण किया। केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यूनिवर्सल पीडीएस योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर लागू की गई यह योजना सर्वजन हिताय को ध्यान में रखकर लागू की गई है। इस योजना का ध्येय ''सस्ता चावल सबका अधिकार'' भी है। योजना के दायरे में लगातार परिवारों को शामिल होने से यह योजना सबकी योजना बन गई है। इस योजना में राज्य कोटवार से लेकर कलेक्टर तक तथा पार्षद से लेकर मंत्री तक सभी का राशनकार्ड बनाये जा रहे है। छत्तीसगढ़ के इस कल्याणकारी कदम से पूरे देश को दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिला बैगा बाहूल क्षेत्र है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में स्वादिष्ट चना वितरण की योजना प्रारंभ किया गया है, जिसका लाभ बैगा माड़ा क्षेत्र के निवासियों को मिल रहा है। केबिनेट मंत्री अकबर ने बैगा माड़ा क्षेत्र के 13 अतिरिक्त गांव के 5 हजार 504 बीपीएल राशनकार्डधारी परिवारों को शासकीय उचित मूल्य दुकान के माध्यम से चना वितरण किया।

## पुनिया देवी तिवारी का निधन



**बेमेतरा।** ग्राम धनगांव निवासी पुनिया देवी तिवारी 85 का शनिवार को निधन हो गया, अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, वे रामसजीवन तिवारी की भाभी, अनिल तिवारी प्रदीप तिवारी, राकेश तिवारी, प्रमोद तिवारी की मां, अरुण तिवारी दिलीप तिवारी, धीरज तिवारी की बड़ी मां, अंकुर, रतन, अंशु, बाबी, हरिओम, प्रखर मनु, प्रांजल तिवारी की दादी थी।

## कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की दृष्टि से किया कृषि उपज मंडी बोर्ड का निरिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की सिलसिले में कृषि उपज मंडी परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की दृष्टि से आवश्यक सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए लोकनिर्माण विभाग एवं कृषि उपज मंडी सचिव को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी परिसर से ही विधानसभा निर्वाचन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य इसी परिसर में होती है। इसलिए आवश्यक सभी महत्वपूर्ण तैयारी शीघ्रता से पूरा करे। विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दल समाग्री का वितरण,मतदान दल की रवानगी, दोनो विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रांगरूम, मतगणना रूम, एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त आब्जर्वर का मॉनिटरिंग कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी का मॉनिटरिंग कक्ष, सीसीटीवी रूम, सुरक्षा अधिकारियों का कक्ष एवं कानून तथा सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा जवानों के ठहरने की पूरी व्यवस्था इसी नवीन कृषि उपज मंडी परिसर किया जाता है। कलेक्टर ने विधानसभावार मतपेटी वितरण एवं मतगणना के दौरान लगने वाले सावधानियों के बारे में चर्चा कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अन्य स्टाफ भी उपस्थित थे।

# राजहरा खदान समूह के सांसद प्रतिनिधि ने प्रबंधन को सौंपा स्मरण पत्र

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा खदान समूह के सांसद प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद ने बताया कि 22 सितंबर को एक स्मरण पत्र मुख्य महाप्रबंधक (खदान) /चैयरमेन, एल.एम.सी. कमेटी डी.ए.व्ही. इस्पात सीनियर सेकेंडरी. पब्लिक स्कूल राजहरा माइंस को दिया और इसकी प्रतिलिपि अनुविभागीय दंडाधिकारी दल्ली राजहरा को भी दिया गया। स्मरण पत्र से उनको बताया गया है कि डी.ए.व्ही. स्कूल प्रबंधन एवं बी.एस.पी. प्रबंधन द्वारा बच्चों से दबाव पूर्वक फीस जमा करने के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, प्रवेश पत्र प्रदान नहीं करने, परीक्षा से वंचित रखने की शिकायत एवं ठेका श्रमिकों के बच्चे एवं गैर बी.एस.पी. बच्चों से फीस नहीं लिये जाने पर कार्यवाही किये जाने के संबंध में स्मरण हमारे द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 09 सितंबर एवं 11 सितंबर को दिया गया था। किंतु आज पर्यन्त उस पर किसी भी तरह की कार्यवाही का न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। विदित हो कि डी.ए.व्ही. स्कूल प्रबंधन एवं बी.एस.पी. प्रबंधन द्वारा बच्चों की फीस को लेकर उन्हें प्रताड़ित किये जाने के संबंध में हमने आपके समक्ष संदर्भित तिथियों में पत्र प्रेषित किये थे। किन्तु उक्त पत्रों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। तत्संबंध में अनुविभागीय अधिकारी, द्वारा 12 सितंबर को एक बैठक आयोजित की गई थी, किन्तु इस बैठक को अपरिहार्य कारणों से आगामी तिथि तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। किन्तु उसके बाद अब तक कोई बैठक नहीं हुई है और इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है, इससे हमें अवगत भी नहीं कराया गया है जो कि बहुत ही निराशाजनक है। लगभग 13 दिन बीत जाने के बाद भी इतने संवेदनशील मुद्दे पर किसी प्रकार की कार्यवाही का न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही एल.एम.सी. चेयनमेन से आग्रह है कि जिस दिन बच्चों से फीस जमा कराने के संबंध में दबाव पूर्वक बच्चों से स्कूल में आवेदन लिखाया गया था, उस दिन का स्कूल का सीसी टीवी फुटेज सुरक्षित रखवाने का कष्ट करें, और जिन पालकों ने आपको लिखित शिकायत की है उसपर तत्काल कड़ी कार्यवाही करें जिससे उन पालको को यह विश्वास हो कि अगर स्कूल प्रबंधन द्वारा हमारे बच्चों के साथ गलत व्यवहार किया जाता है तो उनपर उचित कार्यवाही की जाएगी। किंतु बीएसपी प्रबंधन की स्कूल के बच्चों और पीड़ित पालको की समस्याओं पर गंभीर नहीं दिख रही जो राजहरा नगर के बच्चों और पालको के लिए चिंता का विषय है। अतः हम इस स्मरण पत्र के माध्यम से आपको अवगत कराना चाहते हैं कि अविलम्ब इस मुद्दे पर बैठक आयोजित कर सभी समस्याओं का समाधान करते हुए दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाये। और एक उदाहरण प्रस्तुत किया जावे कि स्कूलों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम और बाल संरक्षण अधिकारों का नियमत पालन हो सकें।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा के चांद जागेश्वरी का राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में चयनित



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अधीक्षिका सुषमा शुक्ला शर्मा ने बताया कि बिरनपुर ग्राम की पितृ विहीन बालिका कुमारी चांद चतुर्वेदी तथा सूरजपुरा जैसे अत्यंत छोटे से गांव की आदिवासी बालिका कुमारी जागेश्वरी ठाकुर तथा मातृहीन बालिका कुमारी अरुणा यादव ग्राम कांपा का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु हुआ। जहां गतका का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चांद चतुर्वेदी तथा जागेश्वरी ठाकुर ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। तथा राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुई। राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु दोनों बालिकाओं के चयन से संपूर्ण शाला परिवार तथा पालकों में हर्ष व्याप्त है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शाला त्यागी, शाला अप्रवेशी, अनाथ, एकल अभिभावक, तथा ग्रामीण अंचल की बच्चियों का चयन होता है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है तथा ग्रीष्म अवकाश में भी बच्चियों के लिए विशेष खेल शिविर का आयोजन कर उन्हें विभिन्न खेलों में पारंगत किया जाता है। इसी के परिणाम स्वरुप विद्यालय की बालिकाएं खेल की विभिन्न विधाओं में राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर विद्यालय का नाम रोशन कर रही है। राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुनील तिवारी,आत्मानंद कन्या विद्यालय प्राचार्या अनीता बाचपेयी,खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, खण्ड स्रोत समन्वयक सतीष शर्मा तथा खेल प्रशिक्षक नेहा वर्मा, अजय वर्मा, दीपांकर मिर्जा, अधीक्षिका सुषमा शर्मा, विद्यालयीन स्टाफ राज किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, ज्योति चंद्राकर, शिखा चौबे, सावित्री यादव, दीप्ति नौरंगे, सोनाली सोनी, अंजू बंजारे व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ईश्वरी सेन ने बधाई व खूब शुभकामनाएं दी।

# नगर पंचायत चिखलाकसा में सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत चिखलाकसा में 22 सितंबर को सफ़ाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत सफ़ाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं सरकारी योजनाओं से सम्बंधित आवेदन फार्म लिये गए, जिसमें कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भिखी मसीया, उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविन्दनाथ योगी, उपअभियन्ता राकेश कुमार पाठक, संदीप वर्मा एपीएम, डॉ ऋषभ सांडिल्य, हेमशंकर साहू लैब टेक्नीशियन, राहुल फार्मा, राधिका यादव एएनएम, प्रशान्त कौशल वाहन चालक नगर पंचायत के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी राकेश साहू, सन्नी चौधरी, महेंद्र साहू पीआईयू, राहुल मेंढे, योगेश दुबे, संतलाल गहरवार, केशव, रुपराय, नरेश, चंद्रशेखर चन्द्राकर, दुरेन्द, बंटी, एवं समस्त कर्मचारी गण व स्व सहायता महिला समूह के सभी सदस्यगण ,तथा नगरवासियों आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# सेवा सरिता संस्थान ने मनाया अपना छठा वर्षगांठ

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सेवा सरिता समूह एक समाज सेवी संस्था है जिसके द्वारा असहाय एवं वृद्ध जनों को प्रतिदिन हर मौसम में चाहे वह बारिश हो, ठंड हो या गर्मी के मौसम हो एक समय का संध्या कालीन भोजन घर पहुंचा कर दिया जाता है। यह शुरुआत आज से 6 साल पहले समूह से जुड़े 6 व्यक्ति रिखीराम मोडघड़े ( मुन्ना ट्रेलर), राज किशोर सिंह, जयप्रकाश, संतोष देवांगन, एवं संतोष शर्मा के द्वारा किया गया था द्य उन्होंने बताया कि हम लोगों ने फायर ब्रिगेड स्थित हनुमान मंदिर के पास हनुमान जयंती के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने के लिए गए थे। वहां पर हम लोगों ने देखा कि निर्धन असहाय लोग कतार बध्ध होकर प्रसाद ले रहे थे। हम लोगों के मन में विचार आया क्यों ना हम लोग भी अपनी बचत के कुछ पैसे लगाकर तथा जन सहयोग के माध्यम से कम से कम एक समय का भोजन की व्यवस्था इन लोगों के लिए करें। जिसकी शुरुआत हम लोगों ने 21 सितंबर 2017 से की। आय का साधन आम जनता के द्वारा दी गई धनराशि से होती है। कई बार लोगों के द्वारा राशन सामान भी दिया जाता है। उन लोगों ने बताया कि सप्ताह में एक दिन शिव मंदिर समिति के द्वारा सोमवार को भोजन पका कर दिया जाता है एवं रविवार के दिन गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के द्वारा भोजन की व्यवस्था की जाती है। दल्ली राजहरा के दानदाताओं के द्वारा खुशी के मौके पर भी सहयोग राशि या राशन सामान दिया जाता है। कई बार लोग अपने बच्चों की, अपना जन्मदिन, शादी की सालगिरह या फिर अपने बिछड़े हुए प्रिय जनों की याद में भी सहयोग करते हैं द्य इनकी भोजन व्यवस्था की शुरुआत 12 व्यक्तियों महिला और पुरुषों को देकर की गई थी। जो वर्तमान में 52 महिलाएं और पुरुषों को खाना दिया जाता है जो की दल्ली राजहरा के विभिन्न क्षेत्रों में रहते हैं। खाना पहुंचाने का काम संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाता है। कोई कार्यकर्ता खाना बनाने का काम करता है तो कोई सामान लाने का तो किसी की जिम्मेदारी इन व्यक्तियों के घर पहुंचाने की होती है। सेवकों के द्वारा निःस्वार्थ भाव से 6 वर्षो से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि आपके आसपास भी कोई जरूरतमंद व्यक्ति मिले जिनका आगे पीछे कोई ना हो तथा खाना बनाने में समस्या हो रहा हो। उनको संस्था के माध्यम से एक समय का खाना घर पहुंचा कर दिया जाएगा या फिर आप संस्था को अपनी सहयोग करना चाहते हैं तो सेवा सरिता संस्थान 256 चौक दल्ली राजहरा में संपर्क कर सकते हैं।

# अवैध कब्जा एवं ग्राम पटेल को बर्खास्त करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव

## कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के सामने 7 घँटे से अधिक बैठकर किया प्रदर्शन, ग्राम पटेल को किया गया बर्खास्त



पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

ग्राम मुजगहन के तकरीबन 300 ग्रामीणों द्वारा टेंट पंडाल व खाने की सामान लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। शासकीय एवं घास भूमि में किए गए अवैध कब्जा एवं ग्राम पटेल को बर्खास्त करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के सामने ही सड़क पर सुबह 11 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक बैठकर प्रदर्शन क़िया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों में प्रशासन को लेकर काफी आक्रोश नज़र आया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा शासकीय एवं घास भूमि में किए गए अवैध कब्जा एवं ग्राम पटेल मोहम्मद हनीफ खान पिता मोहम्मद लतीफ खान को बर्खास्त की मांग को लेकर की कई बार अधिकारियों को अवगत करा चुके थे। जिसके बाद भी किसी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा था। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मात्र आश्वासन दे कर वापस भेज दिया जाता था। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा उग्र होकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट घेराव किया गया। जहा एसडीएम बालोद द्वारा देर शाम तक ग्राम पटेल को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया व चुनाव के 10 दिन पहले गांव में किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की अधिकारियों द्वारा बात कही गई।

### विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने दी चेतावनी


उल्लेखनीय हो कि ग्राम मुजगहन में शासकीय एवं घास भूमि में किए गए अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण का मामला सुलझने का नाम नहीं ले रहा हैं। ग्रामीणों द्वारा उक्त मामले को लेकर जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों के समक्ष भी कई बार आवेदन निवेदन करने के पश्चात् भी अवैध कब्जा मामले का हल नहीं होने से समस्त ग्रामवासियों ने आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लेकर मंगलवार 12 सितंबर को समस्त ग्रामीण कामकाज बंद कर सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर जिला प्रशासन को अपनी एक सूत्रीय समस्या से अवगत् कराते हुए ज्ञापन सौपा था और बताया था कि ग्राम में ग्रामीणों की सहमति के बिना ही मो. हनीफखान ग्राम पटेल पद पर बना हुआ है तथा उनके और उनके परिवार द्वारा ग्राम के शासकीय भूमि में 9 स्थानों पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिना ग्राम प्रमुखों तथा बिना ग्राम पंचायत पदाधिकारियों की जानकारी के ही शासकीय भूमि अपने नाम होने का अवैध रूप से पट्टा भी बना लिया गया है। जिससे स्पष्ट है कि प्रशासन के कुछ अधिकारी-कर्मचारी के सहयोग से ही मो. हनीफखान द्वारा अवैध रूप से पट्टा बनाया गया है। वही ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि शासकीय एवं घास भूमि में किए गए अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण मामले में अगर कार्यवाही नही होती है, और पट्टा निरस्त नही होता है तो आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

### कई बार पहले भी करा चुके हैं अवगत

जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट घेराव के दौरान मीडिया को बताया कि इसके पूर्व भी जिला प्रशासन को ग्राम में एक ही परिवार द्वारा 9 स्थानों पर किए गए अवैध कब्जा के संबंध में पूर्ण जानकारी प्रदान कर शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग 4 से 6 बार किए जाने के पश्चात् भी किसी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। जिसके चलते ही शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया आगे पट्टा निरस्त की कार्यवाही नही होती है तो आगामी विधानसभा का सभी ग्रामवासी बहिष्कार करेंगे।

# राजानवांगावं में स्थित पुल के ऊपर बहता पानी स्कूली बच्चे हो रहे परेशान

## हो सकता है बड़ा हादसा, गांव के पंच ही कर देते है गेट बंद



पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

आपको बता की राजनांदगांव में स्थित छोटा रपटा पुल है जिसमें बारिश के दिनों में लगातार पानी पुल के ऊपर बहता है, जिसमें से होकर मुख्य रूप से दो गांव खपरी के साथ साथ अन्य गाँव के लोग गुजरते है, जिसमे मुख्य रूप से स्कूली बच्चें रहते है ,जो पुल पार करते है, कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, गांव वालों का कहना है कि गांव के दो पंच है जिनका नाम धनेश पाली एवं फुलेश पाली जो कि आजू बाजू में ही पुल के पास रहते है, इनके द्वारा पुल के नीचे के 2 से 3 गेट को बंद कर दिया जाता है, जिससे ज्यादा बारिश होने के पश्चात नीचे गेट बंद होने के कारण पानी पुल के ऊपर से गुजरता है, जो कि कही कही न बड़ा हादसा हो सकता है,गांव के निवासियों ने बताया कि दोनों गांव के पंच ही लापरवाही पूर्वक पुल के नीचे गेट को बंद कर दिया जाता है,कई बार ग्रामवासियों ने शिकायत भी की लेकिन प्रशाशन ने गंभीरता से नही लिया।

# केलो का जल स्तर बढ़ते ही टापू में बदल जाता है फुलवारी डीपा स्कूली बच्चों व रोजी मजदूरी करने वाले लोगों को होती है परेशानी

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पिछ्ले दो दिनों से हो रही बारिश से जहां केलो नदी का जलस्तर काफी बढा हुआ है और नदी किनारे बसे मोहल्लों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं वहीं शहर के वार्ड नं.48 के एक मोहल्ले के रहवासियों को केलो नदी के जल स्तर बढ़ने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि भारी बारिश के चलते यह मोहल्ला अब टापू में तब्दील हो चुका है।

यूं तो शहर के बाईरदादर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला मोहल्ला फुलवारी डीपा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं. 48 के अंतर्गत आता है। इस मोहल्ले में 40 से 45 परिवार निवासरत हैं। परंतु नगर निगम क्षेत्र में रहने के बावजूद इस मोहल्ले में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। अपनी समस्या लेकर इस मोहल्ले के रहवासी कई बार निगम कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं परंतु आज तलक इनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। पिछ्ले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से केलो पूरे उफान पर है। इस वजह से इस मोहल्ले तक पहुंच मार्ग जलमग्न हो गया जिससे उन्हें आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फुलवारी डीपा के लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले तक जाने वाला एकमात्र सड़क हर साल केलो नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से पानी में पूरी तरह डूब जाता है। चूंकि उन्हें मोहल्ले तक पहुंचने के लिये एक नाले के उपर बने छोटे से रपटा पुल को पार करके जाना पड़ता है, परंतु केलो नदी का जलस्तर बढ़े रहने की वजह से नाले का पानी नदी में नही जाता पाता और रपटा पुल के उपर तीन से चार फीट पानी भर जाता है साथ ही रपटा पुल के अगल-बगल में पांच से सात फीट पानी भरा रहता है। जिससे इस मोहल्ले में रहने वाले स्कूली छात्रों के अलावा रोजी मजदूरी करने वाले लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

साथ ही साथ छोटे स्कूली बच्चों को नाला पार करते समय जान का खतरा बना रहता है। मोहल्लेवासियों ने यह भी बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर क्षेत्र के पार्षद से लेकर निगम अधिकारियों तक शिकायत की, परंतु हर बार उन्हें आश्वासन मिलता रहा है उनकी समस्या का समाधान नही हो पाता। यहां यह कहना गलत नही होगा कि बरसात के दिनों में फुलवारी डीपा मोहल्ले एक टापू में तब्दील हो जाता है। इस क्षेत्र के लोगों में अब आक्रोश की लहर देखी जा रही है उनका कहना था कि अगर इस बार की उनकी समसस्या का हल नही निकला तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# धरमजयगढ़-कापू मार्ग में बड़े-बड़े गढ्डे, लगातार हो रही दुर्घटनाएं, स्थानीय नागरिकों ने दी आंदोलन की

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



एडीबी प्रोजेक्ट के तहत धरमजयगढ़ से कापू तक बन रही मार्ग में लगभग 92 करोड़ की लागत जिसमें 35 किलोमीटर के कार्य होने हैं जो कार्य अवधि समाप्त होने के बाद भी आज तक पूर्ण नहीं हो सका है जिसमें लोगों का जीवन जीना मुहाल सा हो गया है।

ज्ञात हो लगभग तीन से चार वर्ष इस सड़क निर्माण कार्य का ठेका एक नामी कंपनी को मिला था जिसके आज भी कई मुआवजा प्रकरण लंबित है वही निर्माण कार्य की समय अवधि भी समाप्त हो चुकी है मुख्य मार्ग के रहवासी क्षेत्र में लोगों का जीवन जीना दुर्बल हो गया है आए दिन कुछ ना कुछ दुर्घटनाएं देखने सुनने को मिल रही है सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क इसका पता लगाना भी नामुमकिन सा हो गया है वही स्थानीय नागरिकों का आक्रोश काफी बढ़ता दिखाई दे रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यदि जल्द से जल्द इन सड़कों में गड्ढे को नहीं भरा गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसका संपूर्ण जवाब देही इस सड़क निर्माता कंपनी उनके अधिकारी व एडीबी ग्रुप के सभी प्रशासनिक प्रशासकी और स्थानीय प्रशासन की होगी कुछ दिनों पहले ही मेरे सामने एक छोटी सी 3 साल की बच्ची भी इस गड्ढे में गिरी थी और कई छोटे-मोटे हादसे हो ही रहे हैं ना कोई ठेकेदार के आदमी और ना कोई इंजीनियर अब तक इस गड्ढे को भरने में रुचि दिखा रहा है शायद यह इंतजार कर रहे हैं की कोई इस गड्ढे रूपी काल मैं इसका शिकार हो दो दिनों के अंदर यदि गड्ढे को नहीं भरा गया तो हम समस्त नागरिक जन मजबूर होकर एक वृहद आंदोलन करेंगेवही संबंधित विभाग के इंजीनियर ने बताया कि जल्द ही इस गड्ढे को भरने का कार्य हमारे द्वारा किया जाएगा ठेकेदार को बोलकर जल्द ही कार्य को करवाया जाएगा।

## कलेक्टर ने आयुष्मान भव अभियान अंतर्गत अंग दान हेतु जिला अधिकारियों को दिलाया शपथ

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com

नवीन गठित सक्ती जिला में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिले के आधिकारियों की अंग दान हेतु शपथ दिलाया गया।

अवगत हो कि आयुष्मान भव अभियान संपूर्ण भारत में चलाया जा रहा है जिसमें हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा हा है। आमजनो को अधिक से अधिक संख्या में अंग दान, रक्त दान हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, अंग दान हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के वेब साइट में जाकर आयुष्मान भव पेज से अंग दान हेतु आनलाइन पंजीयन कर पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य मेले में आमजनों की स्वास्थ्य जांच के साथ साथ नशा मुक्ति, योगा, मेडिटेशन ,पोषण, फैमिली प्लानिंग, सिकलिंग , पर्सनल हायजीन आदि के समंध में सलाह दी जानी है तथा स्वास्थ्य मेले में ट्यूबर कुलोसिस, लेप्रोसी मोतियाबिंद, ब्लड प्रेशर, शुगर, मुख केंसर, सरवाइकल केंसर, ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण वाले मरीजों की भी पहचान कर उपचार की सुविधा मुहैया कराई जानी है ,स्वास्थ्य मेले में आमजनों का आभा आईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है साथ ही वितरित भी किया जाना है नवीन जिला सक्ती में अब तक हेल्थ एंड वेलनेश केंद्रों में 111 हेल्थ मेला का सफल आयोजन किया जा चुका है।

## शक्ति जिले में धान खरीदी की तैयारीयो को लेकर कलेक्टर ने करी आवश्यक बैठक



**सक्ति।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता मे आज कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त समिति प्रबन्धक, डाटा एंट्री ऑपरेटर का संबंधित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी, ऑनलाइन मॉड्यूल, बायोमेट्रिक ,किसान पंजीयन, पीडीएस बारदाना एकत्रीकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया एवं प्रशिक्षण दिया गया। बैठक मे जिला खाद्य अधिकारी, उपसंचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी सहित जिले के समस्त समिति प्रबन्धक और डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।

## शक्ति के गौ सेवकों एवं गोवंश संरक्षण समितियो ने कलेक्टर को लिखा पत्र, शहर में गोवंश की सुरक्षा के लिए व्यवस्थाएं बनाने की करी मांग



**सक्ति।** शक्ति शहर में आए दिन गौ माताओ के बेहतर संरक्षण को लेकर हो रही लापरवाहियों को देखते हुए शहर के गांव सेवकों एवं गौ वंश संरक्षण से जुड़ी समितियां ने शक्ति जिले की कलेक्टर से नूपुर राशि पन्ना को पत्र लिखकर उनसे मुलाकात की है, इस दौरान गौ सेवकों ने बताया की शक्ति शहर सीमा के अंदर भी एक गौठान का निर्माण होना चाहिए, जिसमें गौ माताई को सुरक्षित रखा जा सके, एवं गौ वंश के संरक्षण की दिशा में पहल की जा सके,वहीं आए दिन गौ माताओ की सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौत तथा दुर्घटनाओं में घायल होने पर उनके त्वरित उपचार हेतु शासन द्वारा एक अस्पताल का निर्माण किया जाए।

## नगर पालिका शक्ति में मितान योजना अंतर्गत 18 प्रकार की सेवाएं दी जा रही नागरिकों को

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा सभी नगरीय क्षेत्र में प्रारंभ की गई मितान योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद शक्ति में भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह के दिशा- निर्देश में 22 सितंबर को मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपरोक्त योजना के अंतर्गत 18 प्रकार की सेवाएं दी गई, एवम घर बैठे ही नागरिकों को ये सुविधाएं मिलेगी, उन्हें नगर पालिका एवं अन्यत्र कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है,उपरोक्त संबंध में नगर पालिका शक्ति के मितान चंद्रशेखर नेताम ने बताया कि 22 सितंबर के शिविर में नगर पालिका शक्ति की स्वच्छता दीदीयों के लिए विशेष रूप से यह शिविर लगाया गया था, जिसमें राशन कार्ड, पैन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, गुमास्ता श्रम कार्ड,0 से 5 वर्ष के बच्चों का नया आधार कार्ड, आधार कार्ड अपडेशन,सहित सभी सेवाएं दी जा रही है, तथा उपरोक्त शिविर में राशन कार्ड जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र एवं गुमास्ता का वितरण 22 सितंबर को किया गया, वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह ने भी बताया कि मितान योजना का लाभ शक्ति शहर के प्रत्येक 18 वार्डों की जनता उठा रही है तथा इस सेवा से जहां नागरिकों में उत्साह है तो वहीं पहली बार छत्तीसगढ़ प्रदेश में ऐसा हुआ है कि लोगों को घर बैठे ही सारी सेवाएं निशुल्क मिल रही हैं,वहीं मितान चंद्रशेखर नेताम ने भी आगंतुक समस्त हितग्राहियों एवं स्वच्छता दीदीयों का भी आभार व्यक्त किया है, ज्ञात हो की शक्ति नगर पालिका में मितान योजना के अंतर्गत चंद्रशेखर नेम को प्रभारी बनाया गया है तथा लोग घर बैठे ही मोबाइल फेन के माध्यम से उन्हें सूचना कर सकते हैं तथा मितान आपके घर पहुंच कर आपको सारी सेवाएं उपलब्ध करवाएगा।

# तमनार की सिमरन संसद भवन में करेंगी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



शासकीय महाविद्यालय तमनार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका सिमरन साहू ने नेहरू युवा संगठन द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वर्चुअल भाषण प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिमरन ने सभी जिले के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

सिमरन 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर संसद भवन नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। सिमरन की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कमल यशवंत सिन्हा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी एम दाश, एवं सभी स्टॉफने सिमरन को शुभकामनाएं प्रेषित की है। सिमरन ने अपनी अपनी उपलब्धि का श्रेय माता पिता एवं गुरुओं के प्रोत्साहन, मार्गदर्शन एवं समर्थन को दिया है। उनके पिता केशव प्रसाद साहू ने बताया कि सिमरन बचपन से ही प्रतिभाशाली छात्रा रही है भाषण एवं कविता के क्षेत्र में वह पहले भी अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है किंतु यह पहला अवसर है जब वे संसद भवन में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

नेहरू युवा केंद्र संगठन रायगढ़ के प्रमुख श्री चंद्रभूषण चैबे ने इसे रायगढ़ जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए अत्यंत गर्व का विषय कहा।

## निषाद पार्टी के प्रदेश संगठन अध्यक्ष प्रो .डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य का कसडोल विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार दौरा

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल- निषाद पार्टी के प्रदेश संगठन अध्यक्ष प्रो.डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर छत्तीसगढ़ में भाजपा-निषाद पार्टी एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने के लिए पिछले सात दिनों से लगातार जनसंपर्क , बैठक आयोजित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कसडोल, लवन, पलारी, सुनसुनिया, करदा, कटगी, सेल, छांछी, छरछेद, कोट, गोरधा, मोहतरा, सिनोधा, छेछर, भदरा, मुडियाडीह, मल्दा,मरकडा, झबड़ी, मोतीपुर, पिसीद, आमाखोहा,बिलारी ,खर्री,बैगन डबरी, मोहतरा, चांटीपाली, दर्रा, डोंगरी डीह, लाहौद, मुंडा, पनगांव, अमोरा, खरतोरा, तेलासी,खैरा, कुसमी ,कोसमंदा, गोड़ा,खैरा, जारा,ससहा, डोडोपार, कोदवा, जर्वे,गिर्रा, सहित लगभग 100 ग्रामों का दौरा किए हैं। जहां निषाद पार्टी की रीति नीति व सिद्धांत के बारे में जन सामान्य को जानकारी दी गई तथा छत्तीसगढ़ में भाजपा निषाद पार्टी एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने जनमानस से अपील की गई, बैनर- पोस्टर, पंपलेट तथा ध्वनि विस्तार यंत्र से बड़े जोर शोर के साथ इस हेतु लगातार अपील की जा रही है। इस दौरान उनके साथ निषाद पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निषाद, उपाध्यक्ष प्रवेश कैवर्त्य, द ग्रेट वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष इन्नलबिंद,जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष त्रिपति नाथ कैवर्त्य, बिलासपुर जिला अध्यक्ष इंजी.राजकुमार निषाद,बलौदा बाजार-भाटापारा जिलाध्यक्ष अर्जुन कैवर्त्य, संगठन जिला अध्यक्ष टिकेश कैवर्त्य, मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक राम धीवर सहित वरिष्ठ समाजसेवी टुकेश्वर धीवर, लैनू धीवर, बदरा धीवर, फिरतू यादव,होरी केंवट , गोपी निषाद थे।

## चाय नाश्ते की दुकान पर झगड़ा मारपीट, बीच बचाव करने वाले पर चाकू से हमला



**रायगढ़।** कल शाम थाना चक्रधरनगर अंतर्गत ग्राम विजयपुर पेट्रोल पंप के पास अगल-बगल चाय नाश्ता दुकान लगाने वाले दुकानदार आपसी प्रतिस्पर्धा को लेकर आपस में भीड़ गये। झगड़ा विवाद के बीच बीच बचाव कर दुकान में काम करने वाले व्यक्ति का आरोपित युवक ने ईट से सिर पर मारकर गंभीर चोट पहुंचाया और चाकू से भी वार किया। चक्रधरनगर पुलिस ने आहत के रिपोर्ट पर आरोपित युवक विशाल गुप्ता पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर तत्काल आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना को लेकर कल शाम आहत समीर खान (45 साल) निवासी जमुनाइंन चौक, चक्रधरनगर रायगढ़ द्वारा थाना चक्रधरनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि विजयपुर में मां विहार कालोनी के पास गीता सिंह चाय नास्ता की होटल खोली है, जहां करीब 03 माह से चाय नास्ता बनाने का काम करता है। कल शाम होटल के बगल में दुकान चलाने वाला चंदन गुप्ता का भाई विशाल गुप्ता होटल में आया और होटल मालकिन गीता सिंह को ÷तुम्हारे होटल के चलते हमारा होटल नहीं चल रहा है, होटल बंद कर दो÷ कहकर गाली गलौच झगडा करने लगा जिसे समीर खान ने झगड़ा करने से मना किया तो विशाल गप्ता तुम कौन हो मना करने वाले÷ कहकर समीर खान से गाली गलौच करते हुये वहां पर पड़े ईट के टुकडे से समीन के सिर में मारा और अपने पास रखे चाकू से समीर पर वार करने लगा जिसे समीर ने बीच बचाव किया।

## सबस्टेशन यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर के पाट्र्स व लोहे चोरी कर फरार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



छाल पुलिस ने ऐडू सबस्टेशन यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर पाट्र्स और लोहे की चोरी करने वाले फरार आरोपी वाहिद खान निवासी बोजिया छाल को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी अपने तीन अन्य साथियों के साथ यार्ड में रखे करीब 10,000 रूपये से अधिक मूल्य के ट्रांसफार्मर पाट्र्स और लोहे के सामानों की चोरी किया था। मामले के 03 आरोपियों को छाल पुलिस ने 11 सितंबर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, एक आरापी वाहिद खान फरार था जिसे 19 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है।

थाना छाल में 10 सितंबर को सहायक लाईन मेन समय लाल कंवर द्वारा सबस्टेशन यार्ड से पार्टस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा 09 सितंबर की दरम्यिानी रात ऐडू सबस्टेशन यार्ड में रखे ट्रान्सफार्मरों के लगभग 40 नग बुसिंग में लगे कैम्प एवं लगभग 50 नग नट तथा 04 नग राड कीमती लगभग 10,490 को चोरी कर ले गये हैं।

छाल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुलाजिम पतासाजी दौरान आरोपी मोहम्मद रफीक खान (27 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 4 पुरानी बस्ती कोरबा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसने ग्राम खेदापाली के पुष्पेंद्र यादव, किरण खटेल और ग्राम बोजिया के वाहिद खान के साथ मिलकर चोरी करना बताया। पुलिस ने पतासाजी दौरान अन्य दो आरोपी आरोपी पुष्पेंद्र यादव (19 साल) और किरण खटेल (25 साल) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जिनसे कबाड़ में लोहा बिक्री कर खर्च के बाद शेष बचे कुल 3000 पुलिस ने जप्त किया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। प्रकरण के फरार आरोपी मोहम्मद वाहिद खान पिता जोहिर मोहम्मद उमर 40 साल निवासी बोजिया थाना छाल को छाल पुलिस ने मुखबिर लगाकर 19 सितंबर के दोपहर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां प्राप्त जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने दी जानकारी

# बोरदा से सकरेली तक नाले में बनेगा 3 करोड़ की लागत से नया पुल, विधानसभा अध्यक्ष महंत ने दिलवाई स्वीकृति

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com







शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत बोरदा से सकरेली के बीच वर्षो से लोग जिस नाले पर बारिश के समय पानी बहने के कारण आवागमन की परेशानीया झेल रहे थे,तथा इस समस्या को देखते हुए शक्ति विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय, जन् नेता, विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए तत्काल छत्तीसगढ़ शासन सेतु विकास निगम को इस संबंध में पत्र लिखा, तथा विधानसभा अध्यक्ष महंत ने क्षेत्र के लगभग 5 पुलिया के निर्माण के लिए मांग की थी।

जिसमें विधानसभा अध्यक्ष महंत की मांग पर तत्काल सेतु विकास निगम में इसकी स्वीकृति दे दी है,एवं आने वाले समय में बोरदा से सकरेली के बीच करीब 3 करोड़ की लागत से नया पुल बनेग,एवं सेतु विकास निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उपरोक्त पुल निर्माण से संबंधित टेंडर की समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष महंत जी के प्रयासों से जहां शक्ति विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं, तो वहीं आज ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है, एवं बड़े कार्य जो आजादी के बाद से आज तक नहीं हुए थे, उन कार्यों को विधानसभा अध्यक्ष महंत स्वीकृति दिला रहे हैं, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि अभी दो दिनों से हो रही निरंतर बारिश के चलते बोरदा से सकरेली नाले पर पानी चलने के कारण शहर से गाँव का कनेक्शन टूट गया है, तथा लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने तत्काल फेन के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपरोक्त निर्माण को शीघ्र प्रारंभ करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

वहीं बोरदा से सकरेली मार्ग पर नए पुल की स्वीकृति दिलाने पर विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, शक्ति जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू,वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दिगंबर प्रसाद चौबे, भारत स्काउट गाइड शक्ति जिले के जिला मुख्य आयुक्त तनवीर अहमद सोनू कुरेशी, सिविल कांट्रेक्टर अमित अग्रवाल,उपजेल शक्ति के अशासकीय संदर्शक उगेंद्र अग्रवाल पप्पू, कमल शर्मा, ने विधानसभा अध्यक्ष महंत जी का आभार व्यक्त किया है, तो वहीं शक्ति क्षेत्र के ग्रामीण एवं ग्राम पंचायत बोरदा तथा ग्राम पंचायत सकरेली के जन प्रतिनिधियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष महंत का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पूज्य अघोरेश्वर के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन



**रायगढ़।** पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम के जन्मोत्सव पर अघोर पंथ से जुड़े अनुयाइयों ने प्रातः के जी एच चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज, मातृ शिशु अस्पताल के मरीजों सहित मुखबधिर आश्रम, वृद्धा आश्रम, कुष्ट आश्रम जुर्डा में निवासरत लोगो के मध्य फल का वितरण किया। पूज्य अघोरेश्वर के जन्मोत्सव को लेकर आज प्रातः अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। प्रातः 8 बजे पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम के द्वारा गुरुचरण पादुका पूजन किया गया। प्रातः 8.40 से सामुहिक गुरु गीता का पाठ संपन्न हुआ। प्रातः 9.30 बजे से सामुहिक हवन का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे डभरा भजन मंडली द्वारा अघोरेश्वर से जुड़े भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। 12.00 बजे से 3.30 के मध्य सामुहिक प्रसाद वितरण का आयोजन संपन्न हुआ।


**कार्यापालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सुकमा संभाग, सुकमा**

// "ई" श्रेणी ब्लॉक पंजीयन मैनुअल पद्धति से अल्प निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक-3062/NIT-11/2023-2024/व ले लि दिनांक : 20/09/2023

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये ''ई'' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जिला सुकमा के ग्राम रामाराम हाईस्कूल में पक्का हेलीपेड एवं पहुंच मार्ग का निर्माण (BLOCK SUKMA) (1st Call) | 15.42<br>11600.00 |

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 27.09.2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक।
2. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि:- 04.10.2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक।
3. निविदा फार्म खोलने की अंतिम तिथि :- 05.10.2023 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक।
4. कार्य पूर्ण करने की समयावधि :- Period 02 Months From Reckoned Date &
5. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा का सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा संभाग सुकमा

G-05570/2

# भूपेश सरकार ने बहुप्रतीक्षित सड़क का सपना किया साकार : गुलाब

## बड़ी सौगात मिलने से छग और मप्र दोनों राज्यों के लोगों के चेहरे खिले

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखने वाले क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो की पहल रंग लाई है। विधायक कमरो के प्रयास से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने घोषणानुरूप क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। बहुप्रतीक्षित रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग के लिए शासन की ओर से बड़ी राशि मंजूर की गई है जिससे छत्तीसगढ़ से लेकर पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तक के नागरिक गदगद हैं। उल्लेखनीय है कि भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ से कोटाडोल तक काफी लंबे समय से पक्की सडक़ की मांग की जा रही थी। रामगढ़ में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रवासियों की मांग



पर शीघ्र उक्त मार्ग को मूर्त रूप दिए जाने की घोषणा की थी। प्रदेश के मुखिया की घोषणा के अनुरूप वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग लंबाई 27.20 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए 46 करोड़ 95 लाख 66 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग के बनने से कटवार, कुदरी, झापर, देवसिल, रौक, सीतापुर, सोनवही, मसर्रा, बडग़ांव, खोखनिया, मोंगरा, भुमका, खडग़वां, रामगढ़, नटवाही, कुहूकपूर, चुलादर, सिंघोर, उग्याव, सेमरिया, सलगवां सहित कई ग्राम के लोग लाभान्वित होंगे। लगभग 20 से 25 हजार की आबादी को इसका फायदा मिलेगा साथ ही एमसीबी और कोरिया जिले के निवासियों को इस मार्ग का लाभ मिलने के साथ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र तक सडक़ बनने से छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश तक बस सेवाएं भी शुरू हो सकेंगी जिससे मुसाफिरों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। विधायक कमरो ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग में उबड-खाबड़ एवं जर्जर कच्ची सडक़ होने से खासकर बरसात के मौसम में आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। पूर्ववर्ती भाजपा शासन के समय से क्षेत्रवासी यहां पक्की सडक़ की मांग कर रहे थे जिसे पूरा कर भूपेश सरकार ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग निर्माण होने से क्षेत्र के विकास में और तेजी आएगी। विधानसभा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सौगात मिलने पर विधायक कमरो ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिया है।

# पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 के अंतर्गत एनएमडीसी ने जीता चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी ने 17 वें पीआरसीआई ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड' जीता और सत्रह कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड अपने नाम किए । ये पुरस्कार नई दिल्ली में पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा आयोजित ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव में प्रदान किए गए । एनएमडीसी ने सीएसआर अभियान के लिए क्रिस्टल अवॉर्ड और डिजिटल न्यूजलेटर के लिए प्लैटिनम अवॉर्ड जीता, वार्षिक रिपोर्ट, कॉर्पोरेट ब्रोशर और वेबसाइट ऑफद ईयर के लिए डायमंड अवॉर्ड जीता, वॉल कैलंडर और अद्वितीय मानव संसाधन पहल के लिए गोल्ड अवॉर्ड, हाउस जर्नल प्रिन्ट (क्षेत्रीय), हेल्थ केयर कम्यूनिकेशन फिल्म्स और चाइल्डकेयर के लिए सीएसआर प्रोजेक्ट का सर्वश्रेष्ठ उपयोग और वर्ष की सबसे बहुमुखी कंपनी की श्रेणियों में रजत पुरस्कार, वर्ष के दूरदर्शी नेतृत्व अभियान, सोशल मीडिया के सर्वश्रेष्ठ उपयोग, सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट कार्यक्रम, वर्ष की ग्राहक अनुकूल कंपनी और आंतरिक संचार अभियान में कांस्य पुरस्कार जीता। एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन के लिए कला, संस्कृति और खेल अभियान श्रेणी में भी एनएमडीसी को मान्यता प्रदान की गई है। पी जय प्रकाश, महाप्रबंधक (नैगम संचार), एनएमडीसी और सोमनाथ आचार्य, उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली ने एनएमडीसी की ओर से अवॉर्ड प्राप्त किए। जय प्रकाश ने कहा, हम ऐसे संचार अभियान बनाने का प्रयास करते हैं, जो हमारी कंपनी के मूलभूत मूल्यों के साथ गहराई से जुड़े हों । ये पुरस्कार हमारे निरंतर प्रयासों की पुष्टि करते हैं और हमें राष्ट्र के लिए एनएमडीसी की कहानी का प्रभावशाली वर्णन जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं । इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एनएमडीसी की नैगम संचार टीम को बधाई देते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, एनएमडीसी की वैश्विक ब्रांड रिकॉल वैल्यू सभी विभागों के साथ परस्पर सहयोग और हमारे सभी हितधारकों को हमारी उपलब्धियों को सटीक रूप से बताने में हमारी संचार टीम की निपुणता का ही परिणाम है । हम संचार उत्कृष्टता और अपनी कंपनी के मूल्यों को गर्व के साथ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

# रीपा खोपा में प्लास्टिक बॉटल व पेंट जार निर्माण इकाई द्वारा समूह की महिलाओं के जीवन में आई खुशियां



पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

रीपा खोपा गौठान में आर्षिवाद स्वंय सहायता समुह की महिलाओं द्वारा प्लास्टिक बॉटल एवं पेंट जार निर्माण इकाई स्थापित कर निर्माण का कार्य किया जा रहा है। आर्षिवाद स्वंय सहायता समुह के रमित, लिची राजवाड़े, सावित्री, रामलक्ष्मण, दिनेश, पार्वती, सरोज, चन्द्रवती राजवाड़े के द्वारा प्रषिक्षण प्राप्त किया गया। इस इकाई के माध्यम से समूह की महिलाओं को स्वरोजगार का नया आयाम हासिल हुआ है। जिसमें वह अपने और अपने परिवारों की आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। इससे पहले समूह की महिलाओं द्वारा गोबर खरीदी कर वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाया जा रहा था। जिसमें 1 लाख 04 हजार 882 रुपये का आमदनी हुआ है, जिससे महिलाओं का परिवारों की आर्थिक स्थिति में पहले से काफी बदलाव आया है एवं आत्म निर्भर बन गई है। प्लास्टिक बॉटल बनाकर दुकानों में एवं घरेलू उपयोग में उपयोग किया जा रहा है, रीपा के तहत घरेलू महिलाएं सफल उद्यमी बनकर उभर रहे है और आर्शीवाद समूह की महिलाओं को स्तरों का नया आयाम हासिल हुआ है। संबंधित क्षेत्रों में बॉटल का डिमांड अत्यधिक मात्रा में हो रही है पहले समूह की महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थी। लेकिन आज रीपा में कार्य मिलने पर इनकी इच्छा और बढ़ गई तथा कामों में रूची लेकर कार्यो में अधिक समय देकर काम कर रही है व स्वयं आत्म निर्भर बनकर अच्छा आमदनी हो रही है।

# महिला आरक्षण बिल पास होने पर एम सी बी जिले में महिलाओं ने मनाई खुशियां



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

ढोल नगाड़े, रंग गुलाल लगाकर महिलाओं ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चम्पादेवी पावले ने कहाकि अब सभी दलों में महिलाओं का समान अधिकार होगा। महिला आरक्षण बिल पर संसद के दोनों सदनों में मुहर लग गई है। निचले और फिर उच्च सदन में बहुमत के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक पारित हो गया है जिससे महिलाओं में भारी उत्साह व्याप्त है। एमसीबी जिले में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री चम्पा देवी पावले की विशेष मौजूदगी में महिलाओं द्वारा ढोल नगाड़े बजाकर खुशियां व्यक्त किया गया और रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई देते हुए देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। प्रदेश महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा चम्पादेवी पावले ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी वर्गो का ख्याल रखा है। महिलाओं को सशक्त, सक्षम बनाने का काम किया है। अब सभी राजनैतिक दलों में महिलाओं को 33त्न आरक्षित सीट अनिवार्य देना होगा जहां से चुनकर महिलाएं कानून बनाएंगी और देश की सेवा करेंगी। प्रदेश महामंत्री चम्पादेवी पावले ने आगे कहा कि न केवल एमसीबी जिले में बल्कि समूचे भारत देश में महिलाएं खुश हैं और खुशियां मना रही हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक सौगात है।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स ने बकाया कर ब्याज व शास्ति के निपटान की मांग की गई

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, चेयरमेन मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुदामा छत्तानी, प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मेमन व प्रदेश मंत्री मधु पोद्दार ने संयुक्त रूप से बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से बकाया कर ब्याज व शास्ति के निपटान की मांग की गई थी, जिस पर कदम उठाते हुए शासन द्वारा सरल समाधान योजना के माध्यम से बकाया कर, ब्याज व शास्ति निपटान पर व्यापारियों को राहत दी गई है। चेंबर जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि चेंबर ने बकाया कर, ब्याज व शास्ति के निपटान पर व्यापारियों को छूट देने के लिए मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था। इसके परीपेक्ष्य में सरल समाधान योजना के माध्यम से राज्य शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर बकाया कर ब्याज व शास्ति निपटान के लिए सरल समाधान योजना के अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है। ऐसे व्यवसायी जिनका बकाया कर 50 लाख रुपए तक है, उन्हें 60 प्रतिशत व ऐसे व्यवसायी जिनका बकाया कर 50 लख रुपए से अधिक है, उन्हें 40त्न कर की छूट दी गई है।

# कोलंबिया की स्वाति पांडेय को पी एच डी की उपाधि



**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी की स्वाति पांडेय को उनके द्वारा मेथड डेवलपमेंट एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ़ इम्प्योरिटीज इन ड्रग सैम्पल्स बाई यूज़िंग मॉडर्न एनालिटिकल टेक्निक्स विषय पर किये गए शोधकार्य के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई है । स्वाति पांडेय ने अपना शोध कार्य कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के प्रोफेसर डॉ शिव शंकर शुक्ला के मार्गदर्शन एवं डॉ. रविंद्र कुमार पांडेय के सह मार्गदर्शन में पूर्ण किया । संस्थान के प्राचार्य. शिक्षकगणों एवं प्रबंधन ने नेहा दुबे को अशेष बधाइयाँ प्रेषित की है।

# भीषण गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं मोहल्लेवासी

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com


शहर के वार्ड नंबर 19के एक मोहल्ले में रहने वाले लोग भीषण गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं. वार्ड वासियों ने बताया कि इस सम्बन्ध में कई बार जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों का भी ध्यान आकर्षण कराया गया लेकिन आज तक कोई कारगर पहल न होने से उन्हें गंदगी से बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है.



वर्तमान 19 के तरुण पिल्ले के घर से आगे लगभग दो माह पूर्व एक मकान का निर्माण कराया गया था जिसका पूरा मलवा नाली में चला गया जिसके बाद नई जाम हो गई. नाली जाम होने के कारण नाली का पूरा गंदा पानी सड़क से होकर बह रहा है. नाली का पानी सड़क से बहने कारण पूरे सड़क में फिसलन हो गई है वहीं कई बार इस सड़क पर गिरकर लोग चोटिल भी हो चुके हैं. इसके अलावा सड़क से गंदा पानी बहने के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में वार्ड वासियों ने क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षण करते हुए नाली के सुधार की मांग एवं सड़क के सफाई करवाने की मांग की है ताकि आमजन सुविधा पूर्ण वातावरण में आवागमन कर सकें।

# यात्री बस ने ग्रामीण को कुचला मौके पर हुई मौत






पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिले से एक दर्दनाक घटना निकलकर सामने आ रही है जहां प्रेमनगर से सूरजपुर पहुंच मुख्य मार्ग में रामपुर के करीब यात्री बस के कुचलने से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण रामदयाल बसोर उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी रामपुर एक दिन पूर्व किसी अन्य काम से बस में ही सफर कर कहीं गया हुआ था, जब घर वापस लौटा तब अपने बैग को बस में ही छोड़ दिया था जिसे शनिवार को लगभग 10 बजे वह यात्री बस में अपने बैग को पता करने घर से दौड़कर बस में चढ़ना चाहा इस वक्त चालक ने बस को बढ़ा दिया जिससे बस का पिछला चक्का ग्रामीण पर चढ़ गया, यही कारण रहा की ग्रामीण की मौके पर ही मौत ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही रामानुज नगर पुलिस बस को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है वही ग्रामीण के हुए दर्दनाक मौत के बाद परिजनों सहित क्षेत्र में मातम पसर गया है।

# जनकपुर की श्रीती राय उच्च शिक्षा के लिए लंदन रवाना, नवगठित जिले का बढ़ाया गौरव

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

अगर बेटी अपने सपने पूरे करने के लिए घर से बाहर जा रही है तो मां को चिंतित होने की जरूरत नहीं। बेटी पर पूरा विश्वास कर उसे अपने सपनों की उड़ान भरने के लिए मुक्त करें। बस उसे सही-गलत के बारे में जरूर समझाएं जनकपुर जैसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में रहने वाली सेवानिवृत शिक्षिका आरती राय की बेटी श्रीती राय आगे की पढ़ाई करने लन्दन जा रही हैं और मां का यह सोच-सोचकर बुरा हाल है कि कैसे वहां रहेगी? क्या खाएगी? पता नहीं इसके दोस्त कैसे होंगे? ईश्वर से प्रार्थना करती रहती हैं कि इसकी रक्षा करना जो भी



उनसे मिलता है उससे कहती हैं कि यह तो कभी घर से बाहर ही नहीं रही या कोरोनाकाल में वर्क फ्राम होम कर रही थी तो इसके साथ दिनभर रहने की हमारी आदत सी हो गई है। अब हम इसके बिना कैसे रहेंगे? श्रीती आराम से पुणे की एक कंपनी में अच्छी जाब कर रही थी।वह चाहती तो अपने आराम को बरकरार रखकर, समय आने पर शादी कर अपनी जिंदगी को व्यवस्थित बना सकती थी, लेकिन उसने विदेश में उच्च शिक्षा लेकर अपने करियर को बेहतर बनाने की दिशा चुनी। उसने आराम की जगह संघर्ष चुने। इसमें कहीं न कहीं श्रीती की प्रोग्रेसिव परवरिश का भी योगदान था। वह मन से चाहती थीं कि उनकी बेटी कामयाब हो, लेकिन चिंताओं को उन्होंने अपने दिल के कोने में जगह दी थी और अब वे बढ़ती जा रही थी। श्रीती ने मनेन्द्रगढ़ विजय नर्सरी स्कूल से अपनी पढ़ाई शुरू की. उसकी प्राथमिक शिक्षा भारत माता हायर सेकेण्डरी स्कूल रायपुर, माध्यमिक स्तर की शिक्षा कारमेल कान्वेंट विश्रामपुर व ज्ञान गंगा जबलपुर से हाई स्कूल की पढ़ाई पुरी की. सिटी बैंक पुणे में मैनेजर के पद पर काम करते हुये रिजाइन किया. और अब मास्टर्स ऑफ साइंस इन बिजनेस एनालिटिक्स का कोर्स करने क्वीन यूनिवर्सिटी ऑफ बेलफास्ट लन्दन के लिए रवाना हो चुकी है. आरती राय का मानना है कि अगर आप चाहती हैं कि आपकी बढ़ती बेटी आपको अपना बेस्ट फ्रेंड बना ले और हर बात आपसे खुलकर कहे साथ ही आपसे सलाह मांगे तो आपको ही पहला कदम उसकी तरफ बढ़ाना होगा। आप उसे विश्वास दिलाएं कि जीवन में वह चाहे जहां रहे, लेकिन उसके लिए आपका प्यार बरकरार रहेगा। सेवा निवृत्त महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री संध्या मंडल भी कहती हैं, जब बेटी को हरदम सहयोग का अहसास होगा तो आपका आपसी रिश्ता और मजबूत होता जाएगा।

# जिले में अब तक 926.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

बेमेतरा। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 23 सितंबर 2023 सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 926.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है एवं आज दिनांक की जिले में औसत वर्षा 43.7 दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील साजा में 996.5 मि.मी. तथा न्यूनतम 801 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 887.6 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 823.7 मि.मी. वर्षा, भिंभौरी तहसील में 959.3 मि.मी, बेरला तहसील मे 989 मि.मी., थानखम्हरिया तहसील में 974 मि.मी. वर्षा एवं देवकर तहसील में 977.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# अमेजन बिजनेस मना रहा है भारत में बिजनेस ग्राहकों को सशक्त बनाने की 6वीं वर्षगांठ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन बिजनेस को सितंबर 2017 में लॉन्च किया गया था। तब से यह देश के बिजनेस ग्राहकों को सशक्त बना रहा है। बिजनेस ग्राहकों को झंझट रहित तरीके से एवं अधिक कुशलता के साथ ई-खरीदारी करने में मदद करते हुए अमेजन बिजनेस ने इस साल अपनी स्थापना के छह साल पूरे कर लिए हैं। अपनी शुरुआत के साथ ही अमेजन बिजनेस ने देश के व्यवसायों की ऑनलाइन खरीद और बिक्री के तरीके को बदलने का लक्ष्य रखा था। अपने इसी लक्ष्य को पूरा करते हुए आज अमेजन बिजनेस 10 लाख से अधिक विक्रेताओं की ओर से 19 करोड़ से अधिक जीएसटी सक्षम उत्पादों की पेशकश के साथ, देश भर के 99.5त्न पिन कोड पर डिलीवरी की सुविधा प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही अमेजन बिजनेस थोक ऑर्डर पर क्वोटेशन की सुविधा प्रदान करते हुए और विभिन्न लोकेशन पर शिपिंग की सुविधा उपलब्ध कराते हुए सभी प्रकार की व्यावसायिक खरीदारी से जुड़ी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन गया है। अमेजन बिजनेस के आईओएस और एंड्रॉइड मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्राहक ये सभी सुविधाएं चलते-फिरते कहीं भी प्राप्त कर सकते हैं। छह साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, अमेजन बिजनेस ने पात्र व्यावसायिक ग्राहकों को वर्चुअल क्रेडिट प्रदान करने के लिए अमेजन पे लेटर के साथ अपने एकीकरण की भी घोषणा की है। बजट 2023-24 के दौरान भारत सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को पुनर्जीवित करने का लक्ष्य तय किया है।

# कोर्टयार्ड बाय मैरियट रायपुर में इटैलियन कलहनहरी एक्सट्रावेगेंजा





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सितंबर तक इटैलियन कलहनहरी एक्सट्रावेगेंज़ा की मेजबानी कर रहा है, ताकि खाने के शौकीनों को सिसिली किचन के प्रामाणिक स्वादों का आनंद लेने का मौका मिल सके। यह पाक कला इवेंट पारंपरिक इतालवी व्यंजनों का इवेंट है, जो देश की समृद्ध पाक विरासत को प्रतिबिंबित करने वाले व्यंजनों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन करता है। इस इवेंट में 'द पास्ता बाउल कंपनी' के संस्थापक और मालिक शेफओम नायक भी शामिल हो रहे हैं। इतालवी व्यंजनों में अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान के साथ वह ऐसा उत्पाद ला रहे हैं जो प्रामाणिक, आविष्कारशील होने के साथ-साथ अपनी गुणवत्ता में भी बेहतर है। शेफने एक विशेष मेनू तैयार किया है जो इटली के क्षेत्रों के व्यंजनों पर प्रकाश डालता है। यह इवेंट हस्तनिर्मित प्रामाणिक इतालवी विशिष्टताओं को प्रस्तुत करता है जिन्हें विशेषज्ञ पाक विशेषज्ञों की टीम द्वारा पूर्णता के साथ बनाया जाएगा। मेहमान आयातित सामग्रियों और व्यंजनों से निर्मित विदेशी पास्ता की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ इतालवी व्यंजनों की सच्ची भावना का जश्न मना सकते हैं, जिन्हें पाक विशेषज्ञों द्वारा महारत हासिल है। इवेंट का एक मुख्य आकर्षण शेफके साथ लाइव बातचीत है, जहां मेहमान शेफसे व्यंजनों और सामग्री के बारे में पूछ सकते हैं। शेफ मेहमानों के साथ अपनी रेसिपी और खाना पकाने के टिप्स साझा करेंगे। कोर्टयार्ड बाय मैरियट, रायपुर अपनी असाधारण पाक पेशकशों के लिए जाना जाता है, और यह कार्यक्रम मेहमानों को विश्व स्तरीय भोजन अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

**न्यायालय तहसीलदार बोड़ला जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.................
अ-59 वर्ष 2022-23
ग्राम-पोड़ी प.ह.नं. 20

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासीगण ग्राम-पोड़ी प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. पोड़ी तहसील बोड़ला को सूचित किया जाता है कि श्री लालाराम साहू, अध्यक्ष, साहू समाज मण्डल कमेटी, सिल्हाटी विकासखंड बोडला (परिक्षेत्रीय साहू समाज सिल्हाटी) ने ग्राम पंचायत पोड़ी द्वारा सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर ग्राम-पोड़ी में साहू समाज को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु ग्राम-पोड़ी प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. पोड़ी तहसील बोड़ला स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 354/1 रकबा 6.358 हेक्टेयर में से कुल 3000 वर्गफीट भूमि आबंटित किया जाने हतु पंचायत प्रस्ताव की प्रति सहित आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक -
पेशी दिनांक -

मुहर

तहसीलदार
बोड़ला (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार चौहान पिता पुनित राम निवासी ग्राम बरिहापाली तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पुत्र/पुत्री पुनित राम का जन्म/मृत्यु दिनांक 10/03/2004 को ग्राम बरिहापाली में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 29/09/2023 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार चौहान पिता स्व. पुनित राम निवासी ग्राम बरिहापाली तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पुत्र/पुत्री साहित्रीन का जन्म/मृत्यु दिनांक 10/03/2001 का ग्राम बरिहापाली में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 29/09/2023 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

# संस्कारधानी में विकास के खोखले दावों को उजागर करती ये तस्वीरें ही आज की प्रमुख खबर है...





# लापरवाही की हद पार : ब्लॉक के सबसे बड़े बांध का गेट नहीं हो रहा बंद

## लगातार बह रहे पानी तोड़ दिया नाली, शहर में पेयजल आपूर्ति ठप्प

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के सबसे बड़े बांध व शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण पनियाजोब जलाशय का गेट खोलनें के बाद बंद ही नहीं हो रहा। इस वजह से बांध से लगातार पानी नालें में बह रहा है। गुरूवार की शाम हुई बारिश ने बहाव तेज कर दिया और नहर नाली को तोड़ दिया। इधर पहले ही नहर नाली का एक हिस्सा पहलें ही क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे जल संसाधन विभाग ने रेत की बोरी रखकर वैकल्पिक व्यवस्था तो कर ली थी। लेकिन गेट बंद नहीं होनें से पानी लगातार निकल रहा है। इसलिए पानी के दबाब में गुरूवार की रात नाली का दूसरा हिस्सा टूट गया और पानी व्यर्थ ही बह रहा है। बांध की नहर नाली टूटनें व गेट बंद नहीं होनें को लेकर जल संसाधन विभाग के अफसरों ने हाथ खड़े कर दिए है। क्योंकि अफसर बांध का पानी पूरी तरह से खाली होनें का इंतजार कर रहे है। इसके बाद ही मरम्मत कार्य हो पाएगा। जबकि विभाग की लापरवाही ने परेशानी किसानों व शहर के लोगों की बढ़ा दी है। गुरूवार को करीब चार घंटे तक जोरदार बारिश ने बांध का जलस्तर बढ़ा दिया है। इसी वजह से बहाव तेज हो गया और नाली के दूसरें हिस्से को तोड़ दिया। जबकि विभाग ने जिस हिस्सें पर रेत की बोरियों को रखा था वह भी भसक गई है। यानी नाली फिर से टूटनें के कगार पर है।



### कितना महत्वपूर्ण है शहार वासियों के लिए पनियाजोब जलाशय

शहरवासियों की आधे से अधिक आबादी की प्यास पनियाजोब जलाशय के माध्यम से ही पालिका के द्वारा पूर्ण की जाती है । कुछ दिन पहले ही पनियाजोब मे बिजली की समस्या के कारण ही पानी की सप्लाई रुक गई थी जिससे 4 से 5 दिनों तक 16 वार्ड में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। अब जलाशय का केनाल क्षतिग्रस्त हो गया है विभाग की माने तो इतने बड़े हिस्से के मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए करीब एक हजार बोरी के आसपास रेत मिट्टी की आवश्यकता होगी। जबकि यह स्थाई समाधान नहीं है।

### शहर में प्रभावित रही पेयजल आपूर्ति, बढ़ेगी समस्या



पनियाजोब जलाशय के पास नहर नाली टूट जाने की वजह से मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक फिल्टर प्लांट से जलप्रदाय नहीं हुआ। इस वजह से वार्ड क्रमांक 1 से 6 तक, 20 से 24 तक पूर्ण वार्ड तथा वार्ड क्रमांक 14 से 19 तक आधे वार्ड में जल प्रदाय प्रभावित रहा। इधर नहर नाली टूटनें से शहर में पेयजल की समस्या पहलें ही दिन सामनें आ गई। जबकि आनें वालें दिनों में समस्या और गंभीर होगी। क्योंकि आधे शहर की प्यास पनियाजोब जलाशय से बुझती है।

### ग्रामीणों ने कि मांग जल्द मरम्मत हो हमारा बांध नहीं तो रुक जाएगा शहर का पानी

आक्रोशित ग्रामीणों की माने तो बांध के केनाल से लेकर एनीकट की मरम्मत की आवश्यकता है। मरम्मत नहीं होने के कारण बांध का पानी फिजूल बहता रहता है जिससे कि दूसरी फसल की उम्मीद सिंचाई के दम पर नहीं की जा सकती। आने वाले कुछ माह में अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ हुए। पूरे ग्रामीण मिलकर इस मामले में बड़ा रुक अख्तियार कर लेंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एक करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों की छन्नी साहू ने रखी आधारशिला



पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने शुक्रवार को क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक की लागत के विकास कार्यों की नींव रखी। इनमें सड़क सहित पुल-पुलिया निर्माण शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांवों का विकास तेज गति से किया है। आधारभूत संरचना को मजबूत कर ग्रामीणों के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। सरकार ने लोगों के बीच भरोसा कायम किया है। शुक्रवार को भूमिपूजन के कार्यक्रमों में शामिल हुई विधायक छन्नी साहू ने ग्राम तेलगान में मेन रोड से प्राथमिक शाला तक 16.70 लाख की लागत से निर्मित होने वाली 400 मीटर लंबी सुगम सड़क के निर्माण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा-देश के भविष्य का मार्ग सुगम हो रहा है। सहूलियतों का ध्यान भी रखा जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झालाटोला-हैदलकोड़ो के बीच एक किलोमीटर लंबाई वाले पुल-पुलिया सहित कुल 97.45 लाख की लागत के विकास कार्यों के भूमिपूजन के विकास कार्यों की भी आधारशिला रखी। ग्राम हैदलकोड़ो में मेन रोड से है स्कूल भवन तक 18.54 लाख की लागत से बनने वाली 390 मीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन का कार्य भी छन्नी साहू ने संपन्न किया। यह कार्यक्रम काफी विशेष रहा। इन निमार्णों की दरकार लंबे समय से थी। विधायक छन्नी साहू के निरंतर प्रयास से इनके लिए स्वीकृति प्राप्त हुई। इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र की जनता को फायदा मिलेगा, साथ ही आवागमन सुगम होंगे।

### संस्कारधानी में भव्य भजन संध्या का आयोजन कल



**राजनांदगांव।** गणेशपर्व के पावन अवसर पर मित्र मंडल सदर बाज़ार राजनांदगाँव द्वारा संस्कारधानी में भव्य भजन संध्या का आयोजन दिनांक 24 सितम्बर को रात्रि 7.30 बजे आयोजित किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया की महाकाल भक्त , इंदौर निवासी सुप्रसिद्ध गायक किशन भगत अपने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देंगे । मित्र मंडल , सदर बाज़ार राजनांदगाँव के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की मशहूर भजन गायक किशन भगत एक से बढ़कर एक प्रस्तुति आज तक दे चुके हैं । इंदौर के प्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत मेरी फूलों की दुकान मेरा बन गया मकानज्महाकाल की नगरी में मकान होना चाहिएज जैसे गीतों को लेकर मशहूर हैं । समिति के सदस्यों ने सुप्रसिद्ध भजनों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में संस्कारधानी वासियों से कार्य म में उपस्थित रहने की अपील की है ।

# परिवर्तन यात्रा नहीं प्रायश्चित यात्रा निकाले भाजपा : जिपं सदस्य

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को परिवर्तन यात्रा नहीं, अपितु प्रायश्चित यात्रा निकालनी चाहिए। उन्होंने कहा की 15 वर्षो तक भाजपा की दमन सरकार ने आम जनता के साथ तमाम छल प्रपंच और अत्याचार किया है, जिनका भाजपा को प्रायश्चित करना चाहिए और परिवर्तन यात्रा की जगह प्रायश्चित यात्रा का आयोजन करना चाहिए। यादव ने कहा की पिछ्ले साढ़े चार साल में भूपेश बघेल की सरकार ने जनहितैषी योजनाओं के जरिये आम जनता की भलाई के लिए जो काम किये हैं उसे भाजपा पचा नहीं पा रही है। किसानों को , महिलाओं को, युवाओं को, छात्र छात्राओं सहित सभी वर्गों को कांग्रेस सरकार ने समृद्ध करने का कार्य किया है और इन्हीं सब की वजह से आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस 75 के आंकड़े को पार कर फिर एक बार सरकार बनाएगी । महेंद्र यादव ने कहा की भाजपा के पास अब भी समय है उन्हें अपने कर्मो का प्रायश्चित करना चाहिए और पूर्व मुख्यमंत्री को बड़ा दिल करके अपने बेटे के पनामा सहित अन्य मामलों की जांच करानी चाहिए। इन सब बातों की माफ़ी मांगने के बजाय भाजपा परिवर्तन यात्रा निकाल रही है जो हास्यास्पद है।

# हमाल संघ ने मधुसूदन यादव के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के हमाल संघ ने मधुसूदन यादव के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से मुलाकत कर हमालों की समस्या से संबंधित ज्ञापन सौंपा। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बसंतपुर कृषि उपज मण्डी के पीछे स्थित वेयर हाउस को शासन ने अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिससे लगभग सौ हमाल परिवार वालों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न होने की आशंका बन गयी है। हमाल संघ का कहना है कि आठ गोदाम अधिग्रहित किये जा चुके है ऐसी स्थिति में भण्डारण हेतु शेष सात गोदामों को उपलब्ध कराया जाये। तत्संबंध में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कलेक्टर से चर्चा कर उन्हें कोविड 19 के समय इन हमालों अपने स्वास्थ्य की चिन्ता किये बगैर सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने में हमालों की महती भूमिका की याद भी दिलाई। कलेक्टर ने कहा है कि हमाल संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा कर अधिकारीगण जगह पर उपस्थित होकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाएंगे।

# नेहरू महाविद्यालय में स्पोकन इंग्लिश एवं कॉम्पिटेटिव ग्रामर विषय पर 30 घंटे का वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्र.प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन स्पोकन इंग्लिश एवं कॉम्पिटेटिव ग्रामर विषय पर 30 घंटे का वैल्यू एडेड सर्टिफिकेट कोर्स 20 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इस वैल्यू एडेड कोर्स में स्पोकन इंग्लिश से संबंधित बारीकियां के साथ-साथ निडर होकर मंच पर इंग्लिश कैसे बोले और अपना परिचय कैसे दें सिखाया जा रहा है। और साथ ही साथ प्रतियोगिता परीक्षा में पूछे जाने वाले इंग्लिश ग्रामर के बारे में आधारभूत जानकारी प्रदान की जा रही है। इस प्रोग्राम के लिए अंग्रेजी के विषय विशेषज्ञों का बुलाया गया है। साथ ही साथ विभाग की शिक्षक भी समय-समय पर मार्गदर्शन एवं अंग्रेजी भाषा बोलने के लिए विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही है जिसमें महाविद्यालय के 80 छात्र-छात्राओं का पंजीयन हुआ है प्रोग्राम को लेकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित और अपनी पूरी भागीदारी दे रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट की परामर्श बैठक में शामिल होंगे विपिन ठाकुर

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली में हितधारक परामर्श बैठक का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में राजनांदगांव किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य विपिन ठाकुर भी शामिल होंगे।

यूनिसेफ द्वारा समर्थित और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कानून के साथ संघर्ष में बच्चे, रोकथाम, पुनर्स्थापनात्मक न्याय, परिवर्तन और अल्टरनेटिव डिटेंशन विषय पर हितधारकों की राष्ट्रीय स्तर की परामर्श बैठक का आठवां चक्र आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विधि से संघर्षरत बालकों को समाज में पुनर्स्थापनात्मक न्याय और बच्चों के विधि के विरुद्ध कार्य में शामिल होने से रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा व उपाय किए जाएंगे जो पूरे भारत मे लागू होंगे। विपिन ठाकुर एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो लगभग 20 वर्षो से बाल अधिकार, बाल संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। वह किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य हैं। साथ ही राज्य प्रशासन अकादमी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों में विषय विशेषज्ञ के रूप में राज्य स्तरीय प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## पुराणों के अनुसार वृषभानु की लाडली राधारानी भगवान श्री कृष्ण की आत्मा है

# प्राचीन रानीमंदिर में राधा अष्टमी धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ छुईखदान
www.dailypioneer.com




रानी मंदिर में भादो शुक्ल पक्ष अष्टमी पर बृज के रावल गांव में जन्मी वृषभानु की दुलारी मां राधारानी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । राधाअष्टमी के शुभ दिन मंदिर के अवसर पर परिसर को सजाकर चारों कोने दीपक जलाकर राधे राधे उद्घोष भजन गाते आतिशबाजी शंख ध्वनि , घंट ध्वनि से मां राधारानी जी की आरती पूजा श्रीफल भेंट कर भोग लगाकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर भजन कीर्तन में पुराणों के अनुसार वृषभानु की लाडली राधारानी भगवान श्री कृष्ण की आत्मा है । इसी कारण भक्त जन सीधी भाषा में भगवान श्री कृष्ण जी को राधारमण कहकर पुकारते एवं नाम जपते पूजा करते हैं। शहर के सभी मंदिरों में मां राधारानी जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर राधे राधे उद्घोष से गुंजायमान रहा । मां राधारानी जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया ।

# फूड पॉइजनिंग से परिवार के 7 लोग बीमार



पायनियर संवाददाता ∢ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

गंडई के समीप स्थित ग्राम ठंडार के वार्ड 14 सतनामी पारा में रहने वाले एक ही परिवार के 7 सदस्य फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इन सभी को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से रात्रि 11 बजे गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार 21 सितंबर गुरूवार रात लगभग 8 बजे सभी परिवार के लोगों ने मशरूम सब्जी खाया था। उसके 2 घंटे बाद लगातार वे सभी उल्टी-दस्त से परेशान हो गए। रात्रि 11 बजे सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। 65 वर्षीय दुजाबाई जोशी सबसे ज्यादा बीमार थी। बताया जाता है कि ठंडार खार के नहर के पास उनके ही परिवार के लोग जानवर चराने के लिए गए थे। इस बीच मशरूम को देखा और तोड़के घर ले आए। उसे उसी दिन पकाया कि कुछ दिनों तक रखा यह पता नहीं चल पाया। इधर डॉक्टरों का कहना है कि बरसात के समय इन सभी चीजों से दूर रहना चाहिए। ऐसे समय में कीटाणु संक्रमण का डर रहता है।

# दावेदारों ने एकजुट होकर कांग्रेस को जीताने लिया संकल्प



**डोंगरगढ़।** विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त 31 दावेदारों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक अध्यक्ष युकांध्यक्ष महिला कांग्रेस अध्यक्ष जोन सेक्टर प्रभारियों एवं प्रमुख कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति में समस्त दावेदारों ने एकजुटता दिखाते हुए कांग्रेस पार्टी की ओर से जिस व्यक्ति को भी उम्मीदवार बनाया जायेगा उसे विजयी बनाने के लिए चुनाव में पार्टी का निष्ठा पूर्वक काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान भूनेश्वर बघेल, डॉ थानेश्वर पटिला, प्रदीप शर्मा, संजीव गोमास्ता, सुरेश सिन्हा, कोमल साहू, रतन यादव, क्रांति बंजारे, सुदेश मेश्राम. पुष्पा वर्मा .धीरज मेश्राम. शिशुपाल भारती. भारत भूषण मेश्राम. डॉ दिवाकर रंगारी. सुलोचना माकर्डेय. अमीन उके ,सौरभ वैष्णव. तरूण फुले .उमेन्द्र वर्मा .शोहेल खान. अमीत राजपूत .आरती महोबिया, हंसा सिन्हा ,अकिल कुरैशी ,दिनेतु जांगड़े, गणेश साहू ,अमन उज्वजने सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## आईसेक्ट का छात्रों के लिए वृहद काउंसलिंग अभियान

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2023 का चांपा में हुआ भव्य स्वागत

### नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुंचाने का अनूठा प्रयोग

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com

कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरुकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा दिनांक 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा 23-09-2023 को चांपा शहर में पहुंची जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया।

इस मौके पर आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा तथा छत्तीसगढ़ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर चांपा में सेमिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें शाखा प्रबंधक मूलचन्द गुप्ता ने कौशल विकास यात्रा और रोजगार पाने के लिए कौशल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, यात्रा में साथ चल रहे विषय विषेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।




इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे कुलवंत सिंह सलूजा अध्यक्ष प्रेस क्लब चांपा ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक्र डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरुक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे।

इस दौरान विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे ड्डपीएमकेवीवाय, एनयूएलएम, एनएसक्यूएफ डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट राइजइत्यादि की जानकारी प्रदान दी गई। यात्रा के साथ आए विषय विषेषज्ञों ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षो से आईसेक्ट द्वारा युवाओं को कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आईसेक्ट की नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान स्कूल कंटेट, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न,ऑन लाइन फ्री कोर्सस, इन्श्यूरेंस, ऑन लाइन सेवाएं,रोजगार मंत्रा पोर्टल इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया।

अंत में आगंतुक अतिथियों राजेश अग्रवाल पूर्व नपाध्यक्ष चांपा, कुलवंत सिंह सलूजा, नागेंद्र गुप्ता पार्षद, प्राचार्य महेंद्र राव ने कौशल विकास यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि 18 सितंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 राज्यों के 300 जिलों तक पहुंचेगी जहां इसमें आईसेक्ट-एनएसडीसी पार्टनरशिप में संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही आईसेक्ट के अंतर्गत फ्यूचर स्किल कोर्सेज की भी जानकारी दी जा रही है। इसके लिए आईसेक्ट द्वारा वाहनों को विशेष रूप से तैयार किया गया है। इन यात्रा वाहनों पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की ब्रांडिंग से सुसज्जित किया गया है।

## स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार प्रयास



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में डिप्टी कलेक्टर तथा प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार शतरंज ने गुरूवार को जिले के विभिन्न शासकीय शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला करही में अनियमिता पाई गई एवं मध्यान्ह भोजन कक्ष में सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षिका निता दयाल एवं रिता चतुर्गोष्ठी, हायर सेकेण्डरी स्कूल दशरंगपुर के व्याख्याता अंजू सिंह, सहायक ग्रेड 02 डी. के. टण्डन एवं सहायक ग्रेड 03 अनिल कुमार वेंताल तथा प्राथमिक शाला सुरदा में शिक्षिका अंजूला पाण्डेय, श्वेता चैबे, विजया शर्मा और शासकीय प्राथमिक शाला देवगांव में शिक्षिका अनुराधा गोविंद की बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर विभागीय नियमों के तहत कार्यवाही की गई।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत लेवल 3 के चार दिवसीय ग्राम स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन अंतर्गत लेवल 3 के चार दिवसीय ग्राम स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण का शुभारंभ 20 सितम्बर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली व छतिशगढ़ शासन के सहयोग से ग्रामोद्योग संस्थान के तत्वाधान में जिले के पथरिया ब्लॉक के 25 ग्रामों के 66 ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्य व आईएसए के सदस्यों ने भाग लिया। चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कस्तूरी होटल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में समस्त प्रतिभागियों को पंजीयन कर प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई। मां सरस्वती पूजन कर प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया। ग्रामोद्योग संस्थान मण्डला द्वारा आयोजित जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के द्वारा तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहला चरण 20 से 24 सितंबर, दूसरा चरण 25 से 28 सितम्बर एवं तीसरा चरण 30 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीओ सुनखुशरे एवं सब इंजीनियर पीएचई करैया उपस्थित रहे तथा उन्होंने समस्त




प्रतिभागियों को संबोधित किया। समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों में अंतर निहित जानकारी का विश्लेषण किया गया। सुधीर परवार और द्वारा चार दिवसीय कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा प्रतिभागियों को बताई गई। जल जीवन मिशन की अवधारणा उद्देश्य व उसके लक्ष्य तथा उसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। घनश्याम साहू द्वारा जल जीवन मिशन के प्रमुख घटक तथा उनके कार्य प्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। शिव कुमार द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर चर्चा की गई।

## मिनीमाता सम्मान हेतु नामांकन 10 अक्टूबर तक

**मुंगेली।** महिलाओं के उत्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 01 महिला या अशासकीय संस्थाओं से मिनीमाता सम्मान हेतु 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महिला उत्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 01 महिला या अशासकीय संस्थाओं को प्रतिवर्ष राज्य स्तर पर मिनीमाता सम्मान के तहत 02 लाख रूपए तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय महिला बाल विकास विभाग कक्ष क्रमांक 256 में निर्धारित तिथि तक नामांकन जमा किया जा सकता है।



## एनटीपीसी कोरबा के नैगम समाजिक दैत्व्य के तहत ग्राम धनरास में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित ग्राम धनरास में तीन दिवसीय महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट पवित्र का कार्यक्रम चलाया गया। सी.एस.आर. एनटीपीसी कोरबा और व्यक्तित्व विकास केन्द्र कोरबा (आर्ट ऑफ लिविंग) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रोजेक्ट पवित्र के समापन समारोह 20.09.23 को संपन्न हुआ, जिसमें मति मधुमति राव मैडम, अध्यक्षा, मैत्री महिला समिति एनटीपीसी कोरबा की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं जिसके निदान वा राहत के उपाय पवित्र प्रोजेक्ट शिविर में बताये गये। साथ ही महिलाओं को योग आसन, मुद्रा, भस्त्रिका, मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। शिविर में लगभग 70 युवतियां व महिलाएं लाभान्वित हुए। शिविर में सम्मिलित सभी युवतियों एवं महिलाओं ने बारी - बारी से शिविर के संबंध में अनुभव साझा करते हुए एनटीपीसी द्वारा किये जा रहे ऐसे जन उपयोगी शिविर के लिए अपनी खुशी जाहिर किये। अध्यक्षा मैत्री महिला समिति मधुमति राव ने अपने उदबोधन में पवित्र प्रोजेक्ट शिविर की महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी महिलाओं को शिविर में सिखाये गये नियमों का नियमित पालन करने हेतु प्रेरित करते किए एवं सभी की उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अपने सामाजिक कल्याण शाखा मैत्री बंधन के तहत मैत्री महिला समिति द्वारा शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं को मेडिकल किट प्रदान किया गया। शिविर में मैत्री महिला समिति के अन्य पदाधिकारी, सी.एस.आर. के प्रतिनिधि, व्यक्तित्व विकास केन्द्र के प्रशिक्षक एवं गाँव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी सत्र में, नैगम सामाजिक दायित्व के तहत 21.09.23 को प्रातः 06:30 बजे एनटीपीसी कोरबा सी.एस.आर. द्वारा परियोजना प्रभावित गाँव धनरास में



मैराथन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गाँव के लगभग 150 युवक युवतियां, महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। यह आयोजन एनटीपीसी कोरबा सी एस आर एवं व्यक्तित्व विकास केन्द्र (आर्ट आफ लिविंग) के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श ग्राम की संकल्पित योजना के अन्तर्गत किया गया। मैराथन में जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा की ओर से छत्रपाल कंवर की गरिमामयी उपस्थिति के साथ ही सी एस आर के अधिकारीगण एवं गांव के गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सी.एस.आर. एनटीपीसी कोरबा एवं व्यक्तित्व विकास द्वारा 8 दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 21 सितम्बर 2023 तक एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रभावित ग्राम धनरास में आयोजित किया गया, जिसमें 50 प्रशिक्षणार्थीयों (युवक एवं युवतियां) ने योग, ध्यान, प्रणायाम एवं सुदर्शन क्रिया के साथ साथ आत्मरक्षा वा नेतृत्व क्षमता का विकास, स्वयं व राष्ट्र के लिए नेतृत्व शक्ति का विकास, संचार, कौशल और सार्वजनिक सेवा की कला, टाइम मैनेजमेंट और माइंड मैनेजमेंट सीखा, साथ ही युवाओं ने नशा न करने का संकल्प लिया।

## महिला आरक्षण बिल पास होने पर संसदीय सचिव ने कहा राजीव गाँधी की महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण की परिकल्पना होगी पूरी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



यूडी मिंज ने देश की महिलाओं को दी बधाई

महिला आरक्षण पर संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण की परिकल्पना की थी, पहली बार राजीव गांधी स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने संबंधी विधेयक लाए थे, जिसे नरसिम्हा राव सरकार ने पारित किया। वर्ष 2008 में पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने महिला आरक्षण बिल को राज्यसभा में भारी बहुमत से पारित कराया था। इसके बाद बिल को जब लोकसभा में रखने का प्रयास किया, तब भाजपा सांसदों ने इसका घोर विरोध किया था। देशभर में स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला प्रतिनिधि हैं। यह कांग्रेस के सोंच और प्रयास का परिणाम है महिलाओं के लिए राजनीति में जिस आरक्षण की परिकल्पना स्व. राजीव गांधी ने की थी, वह इस बिल के पारित होने से पूरी होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ साल से इस बिल को अटका रखा था। अब बिल पास होने पर उन्होंने महिलाओं को बधाई दी। राजनीतिक मजबूरी और आगामी लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा को महिला आरक्षण बिल लाना पड़ा। बावजूद इसके कांग्रेस पार्टी इस फैसले का स्वागत एवं समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर भारत को दुनिया में अग्रणी देशों की श्रेणी में खड़ा करने में महिलाओं की बराबर की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास होने से महिलाओं को उनका अधिकार प्राप्त होगा। व बिल में जिस तरह से जनगणना और परिसीमन का पेच जोड़ा गया है, उससे भाजपा की नीयत पर सवाल उठ रहे हैं।

## ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त बना रहा है रीपा योजना, अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स सम्मेलन में अमिट छाप जशपुर का

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में स्व सहायता समूहों के द्वारा आजीविका के विभिन्न माध्यमों से जुड़कर रीपा अंतर्गत् अनेक गतिविधियॉं की जा रही है। जिले के रीपा फरसाकानी और विभिन्न अन्य रीपा समूहों के स्व सहायता समूह और जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्य, वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। पोषण और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए मिलेट्स पर 21 से 23 सितंबर 2023 तक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान सोनीपत हरियाणा कुंडली में आयोजित किया गया। वे रीपा जशपुर और पूरे जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। तकनीकी सहायता एजेंसी वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यह प्रतिनिधिमंडल वैश्विक मंच पर अमिट छाप छोड़ रहा है। तीन दिनों तक चलने वाला यह सम्मेलन महीनों की सावधानी पूर्वक योजना और समन्वय का परिणाम है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने समूह के सदस्यों और रीपा जशपुर से जुड़े अन्य उद्यमियों के लिए एक एक्सपोजर विजिट और व्यापक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका प्राथमिक उद्देश्य दुनिया को जशपुर जिले से उत्पन्न बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रदर्शन करना था। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में स्व सहायता समूह से अल्पना केरकेट्टा, सीमा बाई और अर्चना, जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के अनेश्वरी भगत और वैदिक वाटिका प्राइवेट लिमिटेड के कुशल यादव, केतन वारिकू शामिल हैं। स्व सहायता समूह और निर्माता कंपनी समुदायों में निहित समर्पण और कौशल के चमकदार उदाहरण के रूप में खड़े हैं। उनका प्रतिनिधित्व ग्रामीण उद्यमिता में जमीनी स्तर की पहल की क्षमता और कौशल का उदाहरण देता है। सम्मेलन के पहले दिन जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, क्योंकि स्व सहायता समूह, रीपा उद्यमियों और निर्माता कंपनी के सदस्यों ने उद्योग के दिग्गजों, निफ्टम और अन्य अग्रणी खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के प्रतिष्ठित खाद्य वैज्ञानिकों के साथ सार्थक बातचीत की। विचारों और अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान क्षेत्र में आगे के नवाचार और विकास के लिए उत्प्रेरक बनने का वादा किया गया।



जिले के रीपा में उत्पादित विभिन्न उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी अलग पहचान बना रहे

## कलेक्टर ने विकासखण्ड के मनियारी नदी के तट पर स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों का भकुरीडीह का भ्रमण किया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने पथरिया विकासखण्ड के मनियारी नदी के तट पर स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्राम सल्फा, खपरी, सांवा, चुनचुनिया तथा भकुरीडीह का भ्रमण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा नगर पंचायत सरगांव के रविदास महाविद्यालय में राहत शिविर में ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने शिविर में आवास, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था, नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने, पात्रता अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ देने तथा क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा राहत सामग्री प्रदान भी किया और बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर लोरमी एसडीएम श्री बी. आर. ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



### बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में राहत व बचाव हेतु हेल्प लाईन नंबर जारी

जिले में बाढ़ एवं आपदा जैसी स्थिति निर्मित होने तात्कालिक राहत उपाय करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 7489583575 जारी किया गया है। इस नम्बर पर बाढ़ एवं आपदा में फंसे होने की स्थिति में 24'7 घंटे तत्काल सहायता के लिए काल कर सकते हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा जिला कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 116 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### चेतक हाथी कटघोरा वनमंडल में ले चुका है 4 लोगों की जान

## चेतक हाथी को काबू करने कुमकी हाथी को बुलाने वन विभाग ने मांगी अनुमति

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहे चेतक हाथी ने एक सप्ताह के भीतर चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया हैं। जिसके बाद से लगातार क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। वन विभाग के अधिकारी व ट्रैकरों की टीम लगातार उसके उत्पात को रोकने में प्रयास में जुटी हुई है। इसके बाद भी कोई ठोस सफलता नहीं मिल रहा पा रही है। बताया जाता है कि चेतक के आक्रामक रुख व खतरे को देखते हुए वन विभाग द्वारा पीसीसी वाइल्ड लाइफ को पत्र लिखकर चेतक को कंट्रोल करने के लिए कुमकी हाथी मंगाने की दिशा पर पहल की जा रही है। हालांकि अभी इसकी अनुमति नहीं मिली है। कटघोरा वनमंडल में हाथियों को उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। खासतौर पर चेतक हाथी सबसे अधिक उत्पात मचा रहा है जिसे रोकने के लिए वन विभाग के वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत अपने टीम के साथ लगातार ड्रोन कैमरा व ट्रैकरो के साथ प्रयास में जुटे हुए हैं ताकि अब कोई जनधन की हानि ना हो लेकिन इसके बाद भी लगातार जंगल में खतरा बना हुआ है। वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि चेतक हाथी को कंट्रोल करने के लिए तैमूर पिंगला से कुमकी हाथी मंगाने के लिए पीसीसी वाइल्ड लाइफको पत्र लिखकर रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी है। यदि पीसीसी वाइल्डलाइफ से इसकी अनुमति मिलती है तो आने वाले कुछ दिनों में जल्द ही चेतक हाथी व कुमकी के बीच द्वंद होगा और उसे उसके झुण्ड से मिलाने का प्रयास होगा यदि इसके बाद भी बात नहीं बनी तो चेतक हाथी का रेस्क्यू कर उसे तैमूरपिंगला रेस्क्यू सेंटर भेजने पर भी विचार किया जा सकता है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी भी इस मामले को लेकर कुछ भी कहने में कतरा रहे हैं। अभी वन विभाग चेतक को कंट्रोल कर झुण्ड से मिलाने का प्रयास कर रही है ताकि आने वाले दिनों में कुमकी हाथी बुलाने या रेस्क्यू करने की आवश्यकता ना पड़े। बिलासपुर व राजधानी के वन विभाग के अफसर भी चेतक के हर गतिविधियों की रिपोर्ट ले रहे हैं और नजरें जमाए हुए हैं। पूर्व में कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों को कंट्रोल करने के लिए कुमकी हाथियों को तैमूरपिंगला से बुलाया जा चुका है। गणेश नामक दंतैल हाथी को रेस्क्यू करने के लिए पूर्व में कुदमुरा में कुमकी हाथी और गणेश के बीच आमना-सामना हुआ था। जहां वन विभाग गणेश का सुरक्षित रेस्क्यू करने में कामयाब हुई थी। इसी तरह अब फिर से चेतक को कंट्रोल करने के लिए कुमकी हाथी का सहारा लेने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि पीसीसी वाइल्डलाइफ से इसकी अनुमति मिलने के बाद तेमूरपिंगला कुमकी हाथी का एक दल कटघोरा पहुंचेगा। कुमकी का उपयोग जंगली हाथियों को पकड़ने, शांत करने, चराने के लिए या संघर्ष की स्थिति में जंगली हाथियों को दूर ले जाने के लिए किया जाता है। कुमकी वह हाथी नहीं हैं जो भारतीय मंदिरों में व्यापक रूप से पाए जाते हैं। यह शब्द विशेष रूप से प्रशिक्षित मादा हाथियों के लिए प्रयोग किया जा सकता है जिनका उपयोग प्रलोभन के रूप में किया जाता है। कुमकियों को विशेषज्ञ महावतों द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है, जिनमें से कुछ कट्टुनायिका आदिवासी समुदाय से हैं जिन्हें जंगली हाथियों के बारे में गहन ज्ञान और समझ के लिए जाना जाता है। कुमकी अन्य बंदी हाथियों के समान नहीं हैं।



## 'समावेशी शिक्षा के अंतर्गत वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम' का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्रोत केंद्र मुंगेली में 'समावेशी शिक्षा के अंतर्गत वातावरण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आईड प्रभारी अशोक कुमार कश्यप एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। खंड प्रभारी आईडी संजीव सक्सेना एवं स्पेशल एजुकेटर कौशल पात्रे ने उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में प्रत्येक संकुल से दो शिक्षक दो पालक एवं एक दिव्यांग एवं एक सामान्य छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई थी। उपरोक्त प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सात बिंदुओं को शिक्षकों पालकों एवं बच्चों को आईडी प्रभारी, स्पेशल एजुकेटर एवं अन्य मास्टर ट्रेनर के द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया जिसे शिक्षक विद्यालयों में सामान्य एवं दिव्यांग बच्चों को एक साथ शिक्षा देकर उन्हें मुख्य धारा में जोड़े रखेंगे। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई, सहायक जिला परियोजना समन्वयक यू.के. शर्मा पेडागाजी प्रभारी संजय साहू का आगमन हुआ। विकासखंड आईड प्रभारी संजीव सक्सेना एवं स्पेशल एजुकेटर कौशल पात्रे के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय स्तर पर 21 प्रकार के दिव्यंगता का चिन्हांकन करते हुए एक साथ शिक्षा दी जाए और उन्हें मुख्य धारा में जोड़कर रखे इसके लिए शिक्षक एवं पालक दोनों को अपनी-अपनी भूमिका जिम्मेदारी के साथ पूरी करनी होगी। जिला प्रभारी अशोक कश्यप कर के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए स्वयं रचित अपनी कविता का पाठ कर बच्चों को प्रेरित किया गया। संजय साहू ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी शिक्षकों पालकों बच्चों को 100: मतदान के महत्व को बताते हुए शपथ दिलवाया गया।



# राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने कर रही है कामः मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया

## नगरीय प्रशासन मंत्री छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सातवें प्रातीय सम्मेलन में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ज्यादातर क्षेत्रों में हम सबका प्रारंभिक परिचय अपने माता की बोली भाखा छत्तीसगढी व अन्य स्थानीय बोली-भाषा से शुरू हुई, उसके बाद दूसरी भाषा से परिचय हुआ। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए राजभाषा आयोग की स्थापना की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के खान-पान, रहन-सहन, पहनावा व तीज त्यौहारों के संरक्षण एवं सवंर्धन के बेहतर काम कर रही है। राज्य सरकार ने विलुप्त हो रही संस्कृति एवं परंपरा को पुर्नस्थापित करने का काम किया। छत्तीसगढ़िया लोगों को सम्मान दिलाया है। आयोग का उद्देश्य सार्थक हो रहा है। मंत्री डॉ. डहरिया राजभाषा आयोग द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित दो दिवसीय सातवें प्रातीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मंत्री डॉ. डहरिया ने कंहा कि हमारी सरकार ने छत्त्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र तैयार कर छत्तीसगढ़ को सम्मान दिलाने का काम किया है, वहीं छत्तीसगढ़ के राज्यगीत, राजकीय गमछा ने प्रदेश और देश में एक अलग स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभा की कमी नहीं है, ऐसे प्रतिभाओं को अवसर मिलने से राज्य एक अलग पहचान बनेगी। संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि देश में लगभग 1652 प्रकार की मातृभाषा प्रकाश में है। अपने-अपने राज्य की अलग-अलग बोली-भाषा है। सभी को अपने मातृभाषा पर गर्व होता है। हमारी छत्तीसगढ़ी बोली-भाखा गुरतुर और मिठास है। हम सबको अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। निषाद ने लोगों को अपने दैनिक जीवन में छत्तीसगढी भाषा के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीतों और हाना के जरिए पुरखों की समृद्ध मातृभाषा छत्तीसगढ़ी बोली का महत्व बताया। प्रांतीय सम्मेलन को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में प्रयास जारी है। छत्तीसगढ़ी भाषा का मानकी करण किया जा रहा है। बस्तर और सरगुजा सभांग में भी स्थानीय बोलियों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की कार्यवाही जारी है। मंत्री डॉ. डहरिया ने इस दौरान साहित्यकार एवं भाषाविद् डॉ. सुरेश शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'बाबा गुरू घासीदास चरित्रम्', बलदेव साहू द्वारा लिखित 'मेचका राजा-मछली रानी', उर्मिला शुक्ला द्वार लिखित पुस्तक 'देहरी', भुवन दास कोसरिया द्वारा लिखित 'सतनाम वृतांत', प्रेमदास टण्डन द्वारा लिखित पुस्तक 'सुन भैरा', डॉ. मणिमनेश्वर ध्येय द्वारा लिखित 'अछूत अभागन', बोधन राम निषाद द्वारा लिखित पुस्तक 'आलहा छंद जीवनी', कन्हैया लाल बारले द्वारा लिखित 'दू गज जमीन', डॉ. नीलकंठ देवांगन द्वारा लिखित 'सोनहा भुइंया', बद्री पारकर द्वारा लिखित 'बिसरे दिन के सुरता', चोवाराम द्वारा लिखित 'मैं गांव के गुढ़ी अव', तारिका वैष्णव द्वारा लिखित 'बनगे तोर बिगड़गे', कृष्ण कुमार साहू द्वारा लिखित 'छत्तीसगढ़ दर्शन', रंजीता चक्रवती द्वारा लिखित 'लड़की के सपना', वंदना त्रिवेदी द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी में 'रामायण के सातों काण्ड', बालकृष्ण गुप्ता एवं पी.सी. लाल द्वारा लिखित 'गुरू ज्ञान' और डॉ. अनिल भतपहरी द्वारा लिखित 'सुकवा उगे न मदरश झरे' पुस्तक का विमोचन किया।

# महिला आरक्षण बिल महिलाओं से धोखा : दीपक बैज

## आरक्षण कब लागू होगा किसी को पता नहीं, 2024 में आरक्षण क्यों लागू नहीं हो सकता?

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि आरक्षण का संघर्ष इस देश की महिलाओं के लिए बहुत लंबा रहा है और हर बार उनको मायूसी ही झेलनी पड़ी है। इस बार जब महिला आरक्षण बिल आया तो सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी की उम्मीद एक बार फिर जागी। लेकिन आज देश की आधी आबादी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। ऐसा लग रहा है, मुँह तक आया निवाला ही छीन लिया गया हो। प्रदेश कांग्रेस एवं सांसद अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आनन-फ़ानन में लाए गए इस बिल के ज़रिये महिलाओं को आखिर आरक्षण कब मिलेगा, ये कोई नहीं जानता। सरकार खुद कह रही है 2029 से पहले संभव ही नहीं। जनगणना और परिसीमन से महिला आरक्षण को जोड़कर, महिलाओं को कहा गया है - अभी इंतज़ार लंबा है। सरकार के मंत्रियों और सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 82 - 81(3) का हवाला दिया जिसके अनुसार 2026 का परिसीमन उसके बाद वाली जनगणना मतलब 2031 वाली जनगणना पर ही संभव है। यानी महिला आरक्षण संभवतः 2039 तक ही हो सकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने पूछा कि आखिर 2024 में ये क्यों नहीं हो सकता? अगर वाक़ई में इच्छाशक्ति है तो जैसे दो मिनट के अंदर नोटबंदी, तीन काले क़ानून, लॉकडाउन, 370 को हटाने जैसे निर्णय लिए गए थे - वो अब भी लिये जायें। अगर इस क़ानून से महिलाओं को वाक़ई सशक्तिकरण और भागीदारी देने की मंशा है तो फिर देर किस बात की? अन्यथा यह झुनझुना नहीं तो और क्या है? ये साफ़प्रतीत होता है कि राज्यों में अपनी हार से बौखलाकर इंडिया गठबंधन की ताक़त को देखकर मोदी जी परेशान हो गए और अडानी के ऊपर आँच ना आए इसलिए पहले इंडिया बनाम भारत का शिगूफ़ा छोड़ा गया। और फिर जब उससे आक्रोश दिखा तो महिला आरक्षण बिल को ले आये। वो क़ानून जो आज से 10 साल बाद ही शायद क्रियान्वित हो। ये तो कुछ किसानों की आय दोगुनी, हर साल दो करोड़ रोज़गार, 15 लाख बैंक खातों में, 100 स्मार्ट सिटी, रुपया- डॉलर का बराबर मूल्य, पेट्रोल 40 लिटर और चीन को लाल आँख दिखाने वाले जुमलों जैसा साबित होता दिख रहा है।

# मेरी माटी मेरा देश : स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों को किया जाएगा याद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए गुमनाम नायकों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि देने और विद्यार्थियों को ऐसे वीरों के जीवन से परिचित कराने के उद्देश्य से राज्य के समस्त स्कूलों में वीरगाथा एवं ''मेरी माटी मेरा देश'' से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक गांव से मिट्टी लेकर उसे विकासखण्ड व जिले से होते हुए कलश यात्रा के माध्यम से दिल्ली भेजा जाएगा। इस मिट्टी का उपयोग दिल्ली में अमृत वाटिका उद्यान विकसित करने के लिए किया जाएगा। ''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम के प्रथम चरण अंतर्गत शामिल गतिविधियों में अपने क्षेत्र में वीर सेनानियों के स्मारक बनाकर उनका स्मरण करना, स्वंतत्रता संग्राम सेनानी और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित करना है। समुदाय के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्रगान एवं झण्डावंदन किया जाएगा। सभी सरकारी, निजी, अनुदान प्राप्त स्कूलों में बच्चों के माध्यम से प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय डाकघर से झण्डा क्रय करते हुए झण्डे के साथ अधिक से अधिक बच्चों एवं समुदायों को शामिल कर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। खेलकूद, गेड़ी दौड़, स्थानीय खेलकूद, नाटक, रोल प्ले आदि का आयोजन होगा। महान व्यक्तित्व एवं स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित मुद्दों पर निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर, मूर्तिकला एवं रंगोली आदि से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। देशभक्ति गीत, कविता एवं गायन प्रतियोगिताएं भी होंगी। प्राचार्य, संस्था प्रमुख एवं समुदाय के विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित कर उनका उद्बोधन सुना जाएगा। द्वितीय चरण में इस कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर के नेतृत्व में 30 सितम्बर के पहले सभी गांवों एवं वार्ड से स्थानीय स्तर पर मिट्टी को एकत्र कर उसका संकलन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर निगम कार्यालयों के सहयोग से सभी गांवों और वार्ड के मिट्टी को एकत्र कर 13 अक्टूबर के पहले आपस में मिलाकर रखा जाएगा।

# प्रदेश चुनाव अभियान समिति की बैठक 26 को

रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की उपस्थिति में 26 सितंबर 2023 को शाम 4 बजे से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश चुनाव अभियान समिति की अति महत्वपूर्ण बैठक रखा गया है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रभारी सचिवद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ उपस्थित रहेंगे।

# डेयरी संचालन से समूह की महिलाएं बनी सक्षम उद्यमी




## समूह की 70 महिलाओं को मिला रोजगार

योजना के शुरुआती चरण में वाड्रफनगर और राजपुर में दूध संग्रहण केंद्र खोले गए है, जिसमें विभिन्न समूह की 70 महिलाएं दूध संग्रहण और वितरण का कार्य कर रही हैं। समूह की महिलाओं के द्वारा आस-पास के 10 गावों के 76 पशुपालकों से लगभग 152 लीटर दूध की खरीदी नियमित रूप से की जा रही है। समूह की महिलाओं द्वारा नगरीय क्षेत्र के 136 उपभोक्ताओं को प्रतिदिन बिहान मार्ट के द्वारा दूध का विक्रय किया जा रहा है। साथ ही बचे हुए दूध से समूह की महिलाएं विभिन्न प्रकार के मिठाईयां तैयार कर रहीं हैं। इस योजना की शुरुआत से अब तक दोनों केंद्रों के द्वारा लगभग 05 लाख 70 हजार की दूध की खरीदी की गई है, तथा 05 लाख 64 हजार की बिक्री की जा चुकी है। साथ ही बचे हुए दूध से मिठाइयों का निर्माण कर उन्हें बेचकर अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर चुकी हैं। सदाबहार समूह की सदस्य मीना बताती है कि महिलाओं को मिलाकर एक उत्पादक समूह का गठन किया गया है, जिसका सदाबहार उत्पादक समूह रखा गया है।

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

दूरस्थ क्षेत्रों के महिलाएं, पशुपालक आज आजीविका से जुड़कर सशक्त हो रही है। उन्हें गांव में ही रोजगार मिलने से महिलाओं ने खुशी जाहिर की। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर और राजपुर में स्व सहायता समूह की महिलाएं डेयरी व्यवसाय से जुड़कर दूध उत्पादन का कार्य कर रही हैं। इसका सीधा लाभ आस पास के सभी पशुपालकों को हो रहा है। रीपा के तहत दूध इकाई स्थापित होने से महिला उघमिता को बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में दो समूह में महिलाएं मिलकर दूधवाला नाम से डेयरी संचालन कर रही है। महिलाओं ने बताया कि गांव के आस पास के पशुपालकों से दूध खरीदकर दूध तथा दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों का विक्रय कर रही हैं। महिलाओं और पशुपालकों को बाजार मिलने से उनकी आय मे वृद्धि हो रही है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403